राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 अभिनेत्री नियति फातनानी का खुलासा...



शहर त्रस्त,चेयरमैन मस्त : चेयरमैन... 12

गाजियाबाद, सोमवार 15 जून 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 98, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

अमेरिकी मंत्री रुबियो ने नहीं मांगी माफी

# अमेरिकी हमले में भारतीयों की मौत पर देशभर में गुस्सा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** होर्मुज स्ट्रेट में एक टैंकर पर किए गए अमेरिकी हमले में तीन भारतीयों की मौत को लेकर देशभर में गुस्सा बढ़ रहा है. लोग यह सवाल पूछ रहे हैं कि भारत खुलकर अमेरिकी कदम का विरोध क्यों नहीं कर रहा है. उन्हें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के उस बयान से भी हैरानी हुई, जिसमें उन्होंने भारत से माफी मांगने या फिर खेद जताने की जगह पर अपने कदम को सही ठहराया।



रुबियो ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों का कोई भी दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. अब लोग यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या भारत अमेरिकी उपनिवेशवाद का हिस्सा बन रहा है ? स्टेट डिपार्टमेंट के मुख्य डिप्टी प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बताया कि रुबियो ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिकी नाकेबंदी का उल्लंघन और ईरानी तेल की गैर-कानूनी ढुलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा, अमेरिका के विदेश मंत्री ने जोर दिया कि सभी कमर्शियल जहाजों को अमेरिकी सेना के आदेशों का तुरंत पालन करना चाहिए, क्योंकि वो इस स्ट्रेट में शांति और सुरक्षा बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं.

अमेरिकी सेना ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी लागू कर रही है. यह कदम तेहरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को असल में बंद कर देने के जवाब में उठाया गया है. यह एक अहम रास्ता है जिससे दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस का व्यापार होता है. इससे पहले, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा था, विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात हुई. मैंने खाड़ी में अमेरिकी नौसेना के उन हमलों पर भारत की कड़ी आपत्ति दोहराई, जिनमें तीन भारतीय नाविक मारे गए थे. उन्होंने कहा, व्यावसायिक जहाजों के खिलाफ इस तरह की जानलेवा कार्रवाई उचित नहीं है। विदेश मंत्री की नरम प्रतिक्रिया और मार्को रुबियो की आक्रामक प्रतिक्रिया ने भारतीय नीति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने आश्चर्य व्यक्त किया कि अमेरिका ने पूरी घटना पर कोई भी दुख प्रकट नहीं किया।

थरूर ने कहा, अमेरिका का यह आधिकारिक बयान पढ़कर गहरा सदमा लगा है, जिसमें बेगुनाह भारतीयों की जान जाने पर अफसोस या संवेदना का जरा भी जिक्र नहीं है. कोई दोस्त और रणनीतिक साझेदार इतना असंवेदनशील कैसे हो सकता है ?

कांग्रेस सांसद ने सवाल किया कि नियमों का पालन न करने वाले कमर्शियल जहाज को दूसरे, गैर-घातक तरीकों से क्यों नहीं रोका जा सका और क्या आम क्रू सदस्यों की जान लेने के मकसद से मिसाइल दागे बिना जहाज के प्रोप्लशन या स्टीयरिंग को बेकार नहीं किया जा सकता था ? वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञ ब्रह्मा चेल्लानी ने लिखा कि यदि ऐसी ही घटना चीन या फिर रूस के साथ होती, तो अमेरिका को जवाब मिल गया होगा. उन्होंने लिखा, इसका उदाहरण 1999 में बेलग्रेड में दूतावास पर हुआ हमला है।

**● रुबियो ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों का कोई भी दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. अब लोग यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या भारत अमेरिकी उपनिवेशवाद का हिस्सा बन रहा है ? स्टेट डिपार्टमेंट के मुख्य डिप्टी प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बताया कि रुबियो ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिकी नाकेबंदी का उल्लंघन और ईरानी तेल की गैर-कानूनी ढुलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के नीस शहर में एक कार्यक्रम के दौरान वेंचर कैपिटलिस्ट और बिजनेस लीडर्स के साथ बातचीत करते हुए।

## राम मंदिर चंदा विवाद: सरकार ने एसआईटी गठित की, कर्मचारी के घर से मिले 10 लाख रुपये

**अयोध्या (आरएनएस)।** अयोध्या के राम मंदिर में दान की राशि में गड़बड़ी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विवाद बढ़ने पर राज्य सरकार ने 3 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। इसमें लखनऊ संभागीय आयुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक किरण एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन शामिल हैं। वहीं, मंदिर के एक कर्मचारी के घर से 10 लाख रुपये बरामद होने के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।




जांचकताओं ने अयोध्या के रुदौली क्षेत्र के मीनापुर ठकुरन फगौली गांव के रहने वाले लवकुश के घर से 10 लाख रुपये बरामद किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, लवकुश मंदिर में चढ़ावे की राशि गिनने का काम करता था और 4-5 महीने पहले ही मंदिर से जुड़ा था। बताया जा रहा है कि लवकुश को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जांचकर्ता मामले से उसके संभावित संबंधों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, दान की गिनती से जुड़े कई कर्मचारी जांच के दायरे में हैं। विशेष अभियान समूह (एसओजी) सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी और दूसरे साक्ष्यों की जांच करते हुए व्यापक छानबीन कर रहा है। अधिकारियों ने अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच शुरू कर दी है। हालांकि, पुलिस, जिला प्रशासन या मंदिर ट्रस्ट की ओर से अभी तक इस मामले में गिरफ्तारी या बरामदगी के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। समाजवादी पार्टी के नेता पवन पांडेय ने 7 जून को दावा किया था कि राम मंदिर से 5-7 करोड़ रुपये तक की चोरी की गई। इसके बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी ऐसे ही आरोप लगाए और कोर्ट से मामले का स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया।

## ▶▶ न्यूज डायरी

### दिल्ली तुगलकाबाद आगजनी मामले में बड़ा खुलासा, पुलिस ने किशोरी समेत 4 को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में 12 जून को 5 मंजिला इमारत में हुई आगजनी की घटना को लेकर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने कहा है कि 2 चचेरे भाइयों के बीच पैसों के लेन-देन के चलते ये आगजनी की घटना को जानबूझकर अंजाम दिया गया। पुलिस ने इस मामले में एक किशोरी समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि इस घटना में 3 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में एक नाबालिग को आग लगने से कुछ समय पहले चेहरा ढांककर इमारत में प्रवेश करते और फिर तेजी से बाहर निकलते देखा गया था। इस नाबालिग ने पुलिस को बताया कि गिरिनगर की रहने वाली 27 वर्षीय सरिता ने इमारत की 5वीं मंजिल पर रहने वाले दीपक के स्कूटर में आग लगाने के लिए उकसाया था। दीपक का अपने चचेरे भाई निरंजन के साथ पैसों को लेकर विवाद चल रहा था।

पुलिस ने निरंजन (33), उसके भाई राजकुमार (27) और सरिता (27) को गिरफ्तार किया गया है। एक 17 वर्षीय लड़की को भी हिरासत में लिया गया है। चारों पर आपराधिक साजिश, गैर इरादतन हत्या, हत्या का प्रयास, आगजनी और अतिक्रमण से संबंधित धाराओं में आरोप जोड़े गए हैं। इस घटना में 70 वर्षीय सुशीला देवी, उनके पोते पंकज पांडे (28 वर्ष) और पोती सोनी (20 वर्ष) की मौत हो गई थी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने सर्बिया के राष्ट्रपति वुसिक को कहा धन्यवाद, दोस्ती मजबूत करने पर दिया जोर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के दौरे पर हैं। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक को धन्यवाद दिया। राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने पीएम मोदी को भारत का सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी थी। अलेक्जेंडर वुसिक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने वाले नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, देश के सर्वोच्च पद पर इतने लंबे समय तक बने रहना इस बात का प्रमाण



है कि जनता को अपने नेता पर कितना भरोसा है। उन्होंने अपना जीवन लोगों की सेवा और देश की प्रगति के लिए समर्पित किया है। किसी नेता की असली ताकत सिर्फ उसके पद पर बिताए गए वर्षों या जीते गए चुनावों से नहीं मापी जाती, बल्कि उस विरासत, उपलब्धियों और दूरदर्शी सोच से मापी जाती है जो वह पीछे छोड़ जाता है।

उन्होंने कहा, मुझे हमारी हाल की मुलाकात की याद बहुत खास लगती है, जो आपसी समझ और सम्मान से भरी हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के दौरान मैंने एक अनुभवी राजनेता की समझ और ऐसे नेता की सोच को महसूस किया जो आधुनिक दुनिया की चुनौतियों को अच्छी तरह समझता है और साथ ही परंपरा, पहचान और राष्ट्रीय हितों को महत्व देता है। राष्ट्रपति वुसिक ने कहा कि अनुभव, दूरदृष्टि और भारत के प्रति समर्पण का यही अनोखा मेल प्रधानमंत्री मोदी को ऐसा नेता बनाता है जिसकी आवाज दुनियाभर में सुनी और सम्मानित की जाती है।

### केदारनाथ यात्रा में घट गए 50प्रतिशत श्रद्धालु, अब तक 12 लाख लोग कर चुके बाबा केदार के दर्शन

**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** विश्व प्रसिद्ध श्री केदारनाथ धाम यात्रा में जून माह के दूसरे सप्ताह से श्रद्धालुओं की संख्या में आई गिरावट से कारोबार पर असर पड़ रहा है। यात्रा सीजन की शुरूआत से ही मई माह में केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। प्रतिदिन 25 से 30 हजार तक यात्री बाबा केदार के दर्शन के लिए पहुंच रहे थे। इसी को देखते हुए यात्रा व्यवसाय से जुड़े लोगों को उम्मीद थी कि जून माह में भी यात्रियों की संख्या अच्छी बनी रहेगी। हालांकि पिछले एक सप्ताह से यात्रा में अचानक गिरावट दर्ज की गई है। वर्तमान में प्रतिदिन केवल 13 से 14 हजार श्रद्धालु ही केदारनाथ पहुंच रहे हैं। अब तक करीब 12 लाख श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। इसके बावजूद जून माह में यात्रियों की संख्या कम होने से स्थानीय व्यापारियों, होटल संचालकों, दुकानदारों और घोड़ा-खच्चर व्यवसाय से जुड़े लोगों की चिंता बढ़ गई है।

## ओमान के तट भारतीय नाविकों के मारे पर प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को मोदी सरकार पर ओमान के तट पर एक कमर्शियल जहाज पर हमले के दौरान तीन भारतीय नाविकों के मारे जाने के बाद अमेरिका की टिप्पणी पर चुप रहने का आरोप लगाया. साथ ही कहा कि अमेरिका माफी मांगने के बजाय धमकी की भाषा का सहारा ले रहा है. एक्स पर एक पोस्ट में, प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर समझौता वाला तंज भी कसा. प्रियंका गांधी ने कहा, अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की हत्या के बाद मोदी सरकार की चुप्पी शर्मनाक है. इन हत्याओं पर अफसोस जताने और माफी मांगने के बजाय, अमेरिका धमकियों और आदेशों की भाषा का सहारा ले रहा है. उन्होंने कहा कि अमेरिका को यह साफ तौर पर बताने की जरूरत है कि भारत एक संप्रभु और आजाद देश है जो अपनी संप्रभुता की रक्षा



करना जानता है. उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन हमारे समझौता करने वाले प्रधानमंत्री देश के लोगों या देश की संप्रभुता की सुरक्षा पक्का करने में नाकाम हो रहे हैं. इस मुद्दे पर कांग्रेस के कई नेताओं ने बात की है. पार्टी नेता पवन खेड़ा ने कहा कि सरकार को खाड़ी में एक कमर्शियल जहाज पर अमेरिकी हमले के लिए अमेरिका से माफी मांगने की मांग करनी चाहिए थी, जिसमें तीन भारतीय मारे गए थे। खेड़ा ने बताया कि किसी लड़ाई में किसी तीसरे देश के कमर्शियल जहाज पर हमला नहीं किया जा सकता।

## फर्जी हस्ताक्षर मामला: अभिषेक बनर्जी फिर सीआईडी के सामने पेश हुए, पूछताछ जारी

**कोलकाता (आरएनएस)।** विधायकों के फर्जी हस्ताक्षर मामले में सीआईडी रविवार को फिर से अभिषेक बनर्जी से पूछताछ कर रही है. तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी तय समय दोपहर 12 बजे से पहले भवानी भवन पहुंचे. उनकी गाड़ी सुबह 11:43 बजे सीआईडी हेडक्वार्टर में घुसी; अंदर जाने से पहले उन्होंने रिसेप्शन पर अटेंडेंस रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए।

विधानसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति से जुड़े एक प्रस्ताव बुक पर कई विधायकों के हस्ताक्षर को लेकर विवाद खड़ा हो गया था. इस मामले में आज अभिषेक बनर्जी से फिर पूछताछ हो रही है. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सीआईडी की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम के सदस्य टीएमसी सांसद से पूछताछ कर रहे हैं, जिसका नेतृत्व डीआईजी रैंक का एक अधिकारी कर रहा है. आज की पूछताछ का मुख्य उद्देश्य विधायकों के नकली हस्ताक्षर मामले में उनकी भूमिका का पता लगाना है।

साथ ही, इस मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल नेता कुणाल घोष को भी सीआईडी हेडक्वार्टर बुलाया गया है. हालांकि, ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, कुणाल घोष अभी तक घर नहीं पहुंचे हैं. जांच अधिकारी उनसे पूछताछ को मामले के लिए अहम मान रहे हैं।

इससे पहले, सीआईडी की एसआईटी के अधिकारी कई विधायकों के घर नोटिस देने और उनसे जालसाजी की घटना के बारे में पूछताछ करने गए थे. उन विधायकों से मिली जानकारी और बयानों को देखने



के बाद, जांच अधिकारियों ने यह नतीजा निकाला कि अभिषेक बनर्जी से पूछताछ करनी जरूरी है. इसलिए, डायमंड हार्बर के सांसद को पहले जालसाजी के मामले में भवानी भवन बुलाया गया था. कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देश के मुताबिक, वह दिल्ली से लौटने के बाद गुरुवार, 11 जून को भवानी भवन गए. उस दिन, उनसे लगभग साढ़े छह घंटे तक पूछताछ हुई, जो रात 11:30 बजे तक चली। सीआईडी सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार की पूछताछ के दौरान अभिषेक बनर्जी कुछ सवालों के जवाब देने से बड़ी चालाकी से बच गए. इनमें सबसे खास सवाल विधायकों के नकली हस्ताक्षर मामले में उनकी खास भूमिका के बारे में था. उन्हें कई और सवालों के बारे में आगे की पूछताछ के लिए रविवार को फिर से सीआईडी हेडक्वार्टर बुलाया गया था. सूत्रों ने इशारा किया है कि आज उनका बयान भी रिकॉर्ड किया जा सकता है। जांच अधिकारियों का दावा है कि केस के अलग-अलग पहलुओं की जांच करते समय कई जरूरी जानकारी सामने आई है।

**● विधानसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति से जुड़े एक प्रस्ताव बुक पर कई विधायकों के हस्ताक्षर को लेकर विवाद खड़ा हो गया था. इस मामले में आज अभिषेक बनर्जी से फिर पूछताछ हो रही है**

दस्तावेज तलब

खरखौदा थाना आजादी के पहले थाने में बनी इमारत अंग्रेजी शासन काल के समय की है।

# खरखौदा थाने की इस पुरानी जामा मस्जिद को हटाकर जमीन खाली करने का नोटिस, सात दिन का दिया समय

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** आवासीय कॉलोनी के निर्माण के लिए पैमाइश के दौरान खरखौदा थाने की जमीन पर मस्जिद का निर्माण अवैध रूप से किए जाने की जानकारी मिली है। राजस्व विभाग की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने शनिवार को मस्जिद के इमाम को सात दिन में अवैध निर्माण हटाने का नोटिस जारी कर दिया। मस्जिद का अवैध निर्माण हटाकर भूमि को खाली नहीं किया जाता तो पुलिस इस जमीन को कब्जा मुक्त कराएगी। उधर, इमाम अब्दुल गफ्फार ने मस्जिद को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताकर खाली करने से इन्कार कर दिया है। राजस्व टीम की पैमाइश के दौरान थाने वाली मस्जिद के नाम से मशहूर जामा मस्जिद का निर्माण अवैध पाए जाने के बाद खरखौदा पुलिस ने इमाम अब्दुल गफ्फार को बुलाकर दस्तावेज तलब किए। पुलिस का कहना है कि इमाम मस्जिद से संबंधित कोई साक्ष्य या दस्तावेज नहीं दिखा सके। इसके बाद पुलिस ने मस्जिद का निर्माण अवैध बताते हुए थाने की जमीन खाली करने के लिए कहा है। साथ ही सात दिन में संबंधित दस्तावेज पेश न करने पर अवैध निर्माण हटाने का नोटिस जारी किया है। पुलिस के मुताबिक शहर से करीब 17 किमी दूर मेरठ-बुलंदशहर मार्ग पर खरखौदा थाना आजादी के पहले से बना हुआ है। थाने में बनी इमारत अंग्रेजी शासन काल के समय की है। राजस्व विभाग के अभिलेखों में करीब 1400 साल से खसरा नंबर 1217 में 6450 वर्ग मीटर रकबा थाने के नाम अंकित है। बाद में थाने की जमीन पर अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण कर लिया गया है।

**उधर, इमाम अब्दुल गफ्फार ने मस्जिद को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताकर खाली करने से इन्कार कर दिया है।**



**इमाम का दावा...**

1985 में वक्फ बोर्ड के नाम हो गई थी जमीन। मस्जिद के इमाम अब्दुल गफ्फार का कहना है कि वर्ष 1985 में ही मस्जिद की जमीन वक्फ बोर्ड के नाम हो गई थी। इसका प्रमाण उनके पास है। यह प्रमाण थाना पुलिस को दे दिया गया है।

**ये बोले अधिकारी**

अभिलेखों में वह जमीन थाने के नाम करीब 1400 साल से दर्ज है। राजस्व विभाग की रिपोर्ट के अनुसार थाने की जमीन पर ही अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण किया गया है। वैधानिक कार्रवाई करते हुए इमाम को नोटिस देकर सात दिन में अवैध निर्माण हटाने के लिए कहा गया है।

**-प्रमोद कुमार सिंह, सीओ किठौर।**

थाने की जमीन से अवैध निर्माण हटाने के लिए नोटिस दिया गया है। अगर स्वयं अवैध निर्माण नहीं हटाया जाता तो पुलिस-प्रशासन की ओर से अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

**- अभिजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक देहात**

# घर में घुसकर युवक के साथ की मारपीट फावड़े से किया हमला गंभीर रूप से घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**ककोड़।** थाना ककोड़ क्षेत्र के वैर निवासी पीड़ित जीशान पुत्र वाहिद ने बताया कि रात 7:30 के करीब में अपने घर के बाहर टहल रहा था तभी गांव के ही कुछ शराब पीकर मेरे ताऊ को गाली दे रहे थे जब मैंने गाली देने का विरोध किया तो मुझे देखकर मेरे गाली गलौज करने लगे और फिर मैं अपने घर आ गया इसके बाद यह कई लोग इकट्ठा होकर मेरे घर में घुस आए पीड़ित ने पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोगों ने मेरे घर में घुसकर मेरे साथ अभद्रता, मारपीट और गाली-गलौज की लाठी डंडे और फावड़े से वार कर दिया जिससे मेरा सिर फट गया और जबड़े में भी चोट आई है विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना में पीड़ित को चोटें आई हैं, सूचना पर पुलिस गांव में पहुंची जिसके बाद पुलिस द्वारा वैर हॉस्पिटल मे (मेडिकल) कराया गया पुलिस द्वारा घटनास्थल से संबंधित वीडियो एवं अन्य साक्ष्यों का भी परीक्षण किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।थाना प्रभारी निरीक्षक सरजेश कुमार यादव ने बताया कि, "मामले में प्राप्त तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। घटना से संबंधित वीडियो की भी जांच की जा रही है। पीड़ित का मेडिकल परीक्षण करा दिया गया है। मामले में सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे, उनके आधार पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर हो रही है वायरल।

# पेन जैसी संदिग्ध वस्तु दिखे तो न छुएं, तुरंत पुलिस को दें सूचनाः पुलिस की एडवाइजरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बुलंदशहर पुलिस ने आम नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं पेन या किसी अन्य सामान्य वस्तु जैसी दिखने वाली कोई संदिग्ध वस्तु दिखाई दे, तो उसे छूने या उठाने का प्रयास न करें। पुलिस के अनुसार, कुछ संदिग्ध वस्तुएं खतरनाक हो सकती हैं। ऐसे में किसी भी अज्ञात वस्तु के संपर्क में आने से दुर्घटना होने की आशंका रहती है। इसलिए लोगों को उससे सुरक्षित दूरी बनाए रखने और तत्काल पुलिस को सूचना देने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने कहा है कि यदि किसी स्थान पर कोई लावारिस या संदिग्ध वस्तु दिखाई दे, तो इसकी जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस थाने, डायल 112 या संबंधित पुलिस अधिकारियों को दें। साथ ही आसपास मौजूद लोगों को भी सतर्क करें ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि संदिग्ध वस्तुओं की जांच और उन्हें सुरक्षित तरीके से



हटाने का कार्य केवल प्रशिक्षित विशेषज्ञों और बम निरोधक दस्ते द्वारा किया जाता है। आम नागरिक स्वयं किसी प्रकार की कार्रवाई करने का प्रयास न करें।

पुलिस का कहना है कि नागरिकों की सतर्कता और समय पर दी गई सूचना किसी भी संभावित खतरे को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसलिए किसी भी संदिग्ध वस्तु को देखकर घबराएं नहीं, बल्कि तुरंत पुलिस को सूचना दें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

# थाना समाधान दिवस में पहुंचे डीएम व एसएसपी, फरियादियों की शिकायतें सुनकर दिए निस्तारण के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने शनिवार को कोतवाली नगर में आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रतिभाग किया।

इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। अधिकारियों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए तथा शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।



थाना समाधान दिवस में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही आमजन को उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

# जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ, विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने किया संबोधित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुलावठी ब्लॉक परिसर में आयोजित जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर गुलावठी चेयरमैन शैलेश तेवतिया, मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी , मंडल अध्यक्ष हरिओम डागर , पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र तेवतिया, ब्लॉक प्रमुख पति सुनील यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरेंद्र यादव, हिमांशु गोयल सहित समस्त पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा स्वास्थ्य मेले में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया।






# गर्मियों की छुट्टियों में बच्चे ले रहे खेल का आनंद, होमवर्क के साथ-साथ खेलों को भी तरजीह दे रहे नन्हे-मुन्ने

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर ।** स्कूलों की गर्मियों की छुट्टिया बच्चों के लिए खुशियां लेकर आती हैं। जिनमें अधिकतर बच्चे मामा नानी के घरों का रुख कर लेते हैं जबकि कुछ ऐतिहासिक स्थलों पर घूमने

**तपती गर्मी में इंनडोर गेम्स बने बच्चों की पसंद**

निकल जाते हैं। इन सब से इतर कुछ बच्चे ऐसे होते हैं जो अपने घर पर ही रहना पसंद करते हैं। तपती गर्मी में कहीं आना जाना उनको पसंद नहीं होता। अपने घर से अच्छा इन बच्चों को किसी घर का नहीं लगता। ऐसे में ये बच्चे आजकल विभिन्न प्रकार के खेलों से अपना मनोरंजन कर रहे हैं। कैरम बोर्ड लूडो अंताक्षरी आदि गेम से



यह बच्चे अपना मनोरंजन कर रहे हैं। नन्हे छात्र हर्षित पाठक का कहना है कि वह नियमित अपना होमवर्क भी करता है और स्कूली दिनों की तरह संडे फुल छुट्टी एंजॉय करता है। अन्य छात्र रोहित का कहना है कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल से मनोरंजन भी होता रहता है। हालांकि यह बच्चे छुट्टियों में भी पढ़ाई से अलग नहीं होना चाहते हैं। ऐसे में खुद को बोर होने बचाने के लिए बच्चे कैरम व लूडो का सहारा ले रहे हैं।

नगर के निवासी प्रेम प्रकाश बताते हैं कि गर्मियों में वे छुट्टी बिताने नानी के घर जाते थे, ऐसे में खुद को बोर होने से बचाने के लिए परिवार के साथ लूडो खेलते हैं। श्रीवास्तव का है। कहते हैं कि कैरम खेलते हुए समय बिता रहे हैं।

# अधूरे नाला निर्माण से व्यापारियों में रोष, नगर पालिका से शीघ्र समाधान की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** बुलंदशहर रोड स्थित पशु पैंठ कट के आगे बनी मार्केट के व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद द्वारा कराए गए नाला निर्माण कार्य पर गंभीर आपत्ति जताते हुए अधिशासी अधिकारी को शिकायत पत्र सौंपा है। व्यापारियों का आरोप है कि अधूरे और अव्यवस्थित नाला निर्माण के कारण क्षेत्र में जलभराव, गंदगी और भवनों की सुरक्षा से जुड़ी समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं।

शिकायत के अनुसार नगर पालिका परिषद द्वारा फातिमा की कोठी गेट से लेकर छोटू मिस्त्री टायर वाली दुकान तक नाले का निर्माण कराया गया था, लेकिन यह कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। नाले में पानी और कूड़ा-करकट जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि नाले के निर्माण के बाद मार्केट के कई पिलर जमीन में धंसने लगे हैं तथा भवनों के लेंटर में दरारें दिखाई देने लगी हैं। इससे दुकानदारों में अपनी दुकानों और संपत्ति की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। उनका कहना है कि यदि समय





रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। शिकायत पत्र में व्यापारियों ने सवाल उठाया है कि यदि नगर पालिका के पास परियोजना को पूरा करने के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध नहीं था तो निर्माण कार्य शुरू ही क्यों किया गया। उनका कहना है कि अधूरे कार्य के कारण जनता को सुविधा मिलने के बजाय नई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

व्यापारियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि नाले का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए, जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए तथा मार्केट की संरचनात्मक सुरक्षा की जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएं।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ न्यायालय की शरण लेंगे।

व्यापारी वर्ग का कहना है कि नगर पालिका का दायित्व नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है, न कि ऐसी परिस्थितियां पैदा करना जिससे आम जनता और व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़े। अब सभी की निगाहें नगर पालिका प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पश्चिम प्रदेश उपाध्यक्ष बने कदीम आलम एडवोकेट, पश्चिम क्षेत्र अभियान संयोजक, 21 जून तक चलेंगे जनसंपर्क और जनकल्याण कार्यक्रम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर में चलाए जा रहे "12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के" अभियान को सफल बनाने के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पश्चिम उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष कदीम आलम एडवोकेट को पश्चिम क्षेत्र का अभियान संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली द्वारा की गई है।

यह जानकारी देते हुए कदीम आलम एडवोकेट ने बताया कि अभियान के अंतर्गत पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में बूथ स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को अल्पसंख्यक समाज के बीच पहुंचाना तथा समाज के विभिन्न वर्गों से संवाद स्थापित करना है।



उन्होंने बताया कि अभियान के तहत मुस्लिम, जैन, सिख, ईसाई एवं पारसी समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही मीडिया संवाद, जनसंपर्क अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा केंद्र सरकार की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया जाएगा। यह अभियान 21 जून तक प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से संचालित होगा। कदीम आलम ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भी पश्चिम क्षेत्र के सभी जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा गुरुद्वारों, मस्जिदों, चर्चों, मदरसों एवं दरगाहों में स्वच्छता अभियान चलाकर समाज को स्वच्छता और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया जाएगा।

उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह तथा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली सहित पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया जाएगा तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

# सपा नेता ने लगाई शिक्षा निदेशक से प्राचार्य की पैंशन ना बनाए जाने की गुहार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** समाजवादी पार्टी के नेता अशोक कुमार तेवतिया ने उच्च शिक्षा निदेशक को शिकायती पत्र भेजकर अवगत कराया है कि अमर सिंह

**तीस जून को सेवा निवृत्त होने जा रहे हैं अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी के वर्तमान प्राचार्य**

महाविद्यालय लखावटी के वर्तमान प्राचार्य पूर्व में जैन डिग्री कालेज सहारनपुर में कार्यरत थे। वर्ष 2009 में वे एस एस वी कालेज हापुड़ में बतौर प्राचार्य नियुक्त किए गए थे। वर्ष 2016 में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश पर उन्होने जैन डिग्री कालेज सहारनपुर में पूर्व पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। वर्ष 2021 में उच्च शिक्षा आयोग द्वारा उन्हें अमर




सिंह महाविद्यालय लखावटी में प्राचार्य पद पर चयनित किया गया था। वर्ष 2004 में उत्तर प्रदेश में पैशन प्रणाली को समाप्त कर दिया गया था। अतः वर्ष 2021 में प्राचार्य पद पर चयनित होने के चलते प्राचार्य पैंशन पाने के पात्र नहीं हैं। उनकी पैंशन बनाये जाना ना केवल नियमविरुद्ध होगा बल्कि प्रदेश में गलत परंपरा स्थापित करने सरीखा होगा।

शिकायती पत्र की प्रतियां मुख्यमंत्री पोर्टल, वित्त नियंत्रक उच्च शिक्षा प्रयागराज, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ तथा प्रशासक/जिलाधिकारी अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी को भी भेजी गई हैं।

**बैठक**

## परंपरागत पूर्व निर्धारित रुट पर ही निकालें जुलूस, अफवाहों पर ना दें ध्यान, पुलिस को सूचना देकर करें सहयोग

# शांति समिति की बैठक में मौहरर्म पर शांति और सद्भाव बनाए रखने पर जोर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद/बुलंदशहर ।** थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में मौहर्रम को शांति और सद्भाव पूर्वक संपन्न कराये जाने और कोई नयी परंपरा ना शुरू करने और पूर्व निर्धारित रुट पर ही परंपरागत तरीके से सभी जुलूस शांति और सद्भाव पूर्वक निकाले? जाने का आग्रह किया गया। साथ ही किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना देकर असामाजिक तत्वों की सूक्ष्म से सूक्ष्म गतिविधियों की सूचना त्वरित रूप से पुलिस प्रशासन को देने की बात कही गई। बैठक में मौजूद गणमान्य नागरिकों ने पुलिस को सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और मौहर्रम शांति पूर्वक संपन्न होने का भरोसा दिलाया। रविवार की दोपहर थाना परिसर में आयोजित बैठक में थाना प्रभारी मौहम्मद असलम खान ने कहा कि मौहर्रम को शांति और सद्भाव पूर्वक संपन्न कराये जाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस है।

कस्बे के अमन चैन और भाई चारे की मिसाल को आगे भी कायम रखें और मौहर्रम को शांति और सद्भाव पूर्वक संपन्न कराये जाने में हर संभव सहयोग करें।

असामाजिक तत्वों को सख्त चेतावनी देते हुए उन्होने उनके साथ कड़ाई से पेश आने का ऐलान किया। उन्होने वालेंटियर्स को भी अपना दायित्व पूरी निष्ठा और लगन से निभाने की हिदायत दी तथा हर छोटी-बड़ी बात अथवा समस्या को पुलिस की



जानकारी में लाने का आग्रह किया। उन्होने कहा कि सभी जुलूस पुरानी परंपरा अनुसार पूर्व निर्धारित रुट पर ही निकालें। कोई भी नयी परंपरा शुरू नहीं होगी।

इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश चौधरी कस्बा चौकी इंचार्ज सौबरन सिंह पूर्व चेयरमैन अख्तर मेवाती अब्दुल्ला कुरैशी शाहिद नकवी सैयद हसनैन अब्बास नकवी सैयद गौहर अली बसपा नगर अध्यक्ष अजीम शाहिद, हसन हुजूर,विजेंद्र सिंह गौतम मौहम्मद हुसैन नकवी ताहिर मेवाती अली हुजूर, मौहम्मद आमिर दीन मौहम्मद अली अनवर आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# थाना प्रभारी ने लिया मौहर्रम रुट का जायजा विद्युत विभाग व नगर पंचायत अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध व व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** थाना प्रभारी मौहम्मद असलम खान ने रविवार को अधिनस्थों और कस्बे के गणमान्य लोगों के साथ पैदल भृमण करते हुए मौहर्रम रुट का जायजा लिया। उन्होने बिजली विभाग के अधिकारियों और नगरपंचायत कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर मौहर्रम जुलूसों के मद्देनजर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को भी कहा। थाना प्रभारी ने शांति समिति की बैठक के उपरांत मौहल्ला सादात स्थित इमामबाड़े में पहुंच कर मौहर्रम कमैटी के लोगों से मौहर्रम पर निकाले जाने वाले जुलूसों की जानकारी ली। तत्पश्चात समूचे रूट पर भृमण करते हुए नीचे लटके विद्युत तारों और पोल आदि को उंचा करने को कहा। नगर पंचायत



के कर्मचारियों को बेहतर ढंग से साफ सफाई और गंदगी आदि तत्काल हटवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होने लोगों से सीधा संवाद करते हुए जुलूसों के दौरान संभावित समस्याओं को भी मालूम किया। तथा लोगों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त करते हुए शांति और सद्भाव बनाने में सहयोग की अपील की।

# अविमुक्तोश्वरानंद सरस्वती ने कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी को 24 जून को लखनऊ में सनातनी सेना का नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । आरंभ होटल एंड बैंक्विट, मीलक लच्छी, ग्रेटर नोएडा आज यहाँ भगवान शंकराचार्य अविमुक्तोश्वरानंद सरस्वती महाराज ने गऊ हत्या के विरोध में एक विशाल कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा की मां शब्द की उत्पत्ति गाय के बछड़े के रम्भाने से हुई है जिसमे मां की ध्वनी उत्पन्न होती है । उन्होंने कहा की शरीर से निकले हुए प्रदार्थ को कोई छूता भी नहीं है मल हो , मूत्र हो , थूक हो, पसीना हो आदि, लेकिन मां पेट से निकले हुए बच्चे को इसलिए अपनाती है क्योंकि उसने गऊ को अपने नवजात बछड़े को जीभ से चाट चाट कर साफ करते हुए देखा है। अविमुक्तोश्वरानंद सरस्वती ने कहा की आदमी के जिस्म में 50 लाख छिद्र होते है जबकि गऊ के शरीर में एक करोड़`सच यह है की मां गाय है और गाय मां है ' इसलिए गाय के मांस के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगना ही चाहिए 'कश्मीर में यह प्रतिबंध था परन्तु वर्तमान सरकार ने उसे हटा दिया ' गाय का दूध ही हमें स्मार्ट बनाता है' लिहाजा स्मार्ट सिटी विलायती कुत्तो से नहीं गाय के दूध का सेवन करने से ही बनेगी। उन्होंने कहा की वर्तमान सरकारे यदि गाय हत्या पर प्रतिबंध नहीं लगाती है तो उन्हें सनातनियो का विरोध सहना पड़ेगा। आज के कार्यक्रम में राष्ट्रिय सैनिक संस्था के वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने संस्था की एक कोफी बुक शंकराचार्य अविमुक्तोश्वरानंद सरस्वती को भेंट की और उनसे आशीर्वाद लिया । इस अवसर पर उनके साथ राष्ट्रिय सैनिक संस्था की गुजरात प्रदेश इकाई की महिला विंग की अध्यक्षा डा निशिता दीक्षित भी उपस्थित रही। कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने अपने उद्बोधन में शंकराचार्य अविमुक्तोश्वरानंद सरस्वती से दो निवेदन किये



1.सहनशीलता परिवार और समाज में 100% होनी चाहिए 'ये आपने हमें सिखाया है, ये व्यक्तिगत चरित्र का हिस्सा है। परन्तु आपने ये नहीं सिखाया की राष्ट्रिय चरित्र में सहनशीलता शून्य होनी चाहिए ।

पृथ्वी राज चौहान ने पहली बार में सहनशीलता दिखाते हुए यदि मोहम्मद गोरी को माफ ना किया होता तो आज हिन्दुस्तान का इतिहास दूसरा होता' अब ये शिक्षा दी जाये।

2.नेताजी सुभाष चन्द्र बोस देश में युवाओं के लिए सैनिक ट्रेनिंग अनिवार्य करना चाहते थे। भारत की सरकारे ऐसा नहीं कर पाई। कर्नल त्यागी ने कहा की हम राष्ट्रिय सैनिक संस्था का नेतृत्व करते है और हमने स्कुलो में प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण का सिलेबस बनाया है।

हर विषय पर लेसन प्लान तैयार किये है, फेकेल्टी तैयार है और इस तरह के आधा दर्जन कोर्स आयोजित भी कर चुके है` यदि आप इस बिंदु को अपने एजेंडे में ले लें तो हम आने वाले खतरों का सामने करने में अधिक समर्थ हो जायेंगे` जो बच्चा यह ट्रेनिंग ले लेगा वो ना तो सरकारी संपत्ति को जलाएगा।

अपनी सुरक्षा कर सकेगा और अपने गाँव की सुरक्षा में भी सहयोग कर सकेगा भगवान शंकराचार्य अविमुक्तोश्वरानंद सरस्वती महाराज इतने खुश हुए की उन्होंने कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी को 24 जून को केसर बाग लखनऊ आने का निमंत्रण दिया और सनातनी सेना का नेतृत्व करने का निमंत्रण भी सार्वजनिक रूप से दिया ।

उन्होंने डा.निशिता दीक्षित को भी सनातनी महिलाओं की सेना का गठन और नेतृत्व करने के लिए कहा आज सदन को कसम दिलाई गई की जब कोई आपसे वोट मांगने आये तो उनसे प्रतिज्ञा ली जाए की वो गऊ ह्त्या का पुरजोर विरोध करेंगे और गऊ को राष्ट्र पशु घोषित करवाने के लिए निरंतर प्रयास रत रहेंगे ।

# खाद्य तेल एवं गैस संरक्षण जन-जागरण अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल जी के नेतृत्व में बहनों द्वारा "खाद्य तेल सामग्री जन-जागरण अभियान" का सफल आयोजन किया जा रहा है।

**कार्यक्रम का उद्देश्य:**

गृहणियों को घरेलू स्तर पर खाद्य तेलों एवं गैस का विवेकपूर्ण उपयोग करने हेतु जागरूक करना। यह अभियान आर्थिक बचत के साथ-साथ राष्ट्रीय संसाधनों के संरक्षण का संदेश समाज तक पहुँचाता है।

इसी क्रम में आज कवि नगर मंडल द्वारा आदित्य वर्ल्ड सिटी में रीता देओल के आवास पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुरादनगर







विधायक अजीतपाल त्यागी की धर्मपत्नी पथिका त्यागी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने बहनों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बहनों द्वारा विविध व्यंजन बनाकर लाए गए, जिनके माध्यम से "कम तेल-गैस में पौष्टिक भोजन" का प्रभावी संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कवि नगर मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर, महामंत्री अशोक राव, रीता देओल, महानगर संयोजक ऋचा भदौरिया, सह-संयोजक अमृता सिंह, कवि नगर मंडल संयोजक रजनी तोमर, पुनीत बरारा, कुंवर पाल चौधरी, मधु सिंह किरण, सीमा सिंह, निशा सक्सेना आदि उपस्थित रहे ।

# इंडिया इंटरनेशनल रनवे वीक 2026 में रैंप पर युवा मॉडल्स ने डिजाइन का किया शानदार प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-38 में गार्डन गैलेरिया स्थित एफ-बार में लियोस ड्रीमवर्क्स प्रोडक्शन द्वारा आयोजन इंडिया इंटरनेशनल रनवे वीक 2026 के

**रैंप में उतरी खूबसूरत मॉडल्स ने बिखेरा फैशन का जलवा**

कर्टन रेजर में रैंप पर युवा मॉडल्स ने डिजाइन का किया शानदार प्रदर्शन। इस भव्य फैशन वीक में युवा मॉडल्स व उभरते हुए डिजाइनर ने रैंप पर अपने शानदार परिधानों का प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस शानदार कार्यक्रम का आयोजन लियोज ड्रीमवर्क्स प्रोडक्शन द्वारा किया गया था, जिसके




फाउंडर मनीष कुमार है।

इस अवसर पर मिसेज यूनिवर्स ओशिनिया 2025 खिताब की विनर अर्चना निरंजन, सिलेब्रिटी डिजाइनर असलम खान, दीपांकर कश्यप, वसीम खान, साहिल खान, शांतनु बोस सहित कई हस्तियां उपस्थित थी। मेकअप पार्टनर के रूप में लैक्मे एकेडमी व होस्टिलिटी पार्टनर के रूप में एफ-आर नोएडा था। इस शोकेस ने पारंपरिक लोककला को आधुनिक फैशन में खूबसूरती से रूपांतरित किया था। जटिल कारीगरी, हस्तनिर्मित सौंदर्य व उत्कृष्ट रैंप प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। इंडिया इंटरनेशनल रनवे वीक 2026 में प्रतिभाशाली डिजाइनरों द्वारा डिजाइन किया गया, संग्रह रचनात्मकता, सांस्कृतिक प्रशंसा और फैशन शिक्षा पर दिए जाने वाले मजबूत जोर को दर्शाता है।

फैशन परिदृश्य में स्वदेशी शिल्प कौशल, हस्तशिल्प कला और सांस्कृतिक कथाओं के महत्व को भी उजागर किया। इस अवसर पर लियोस ड्रीमवर्क्स प्रोडक्शन के फाउंडर मनीष कुमार ने कहा कि हम जानते हैं कि फैशन संस्कृति को संरक्षित करने और उसे अभिव्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है।

# डॉ.अतुल जैन ने विधान परिषद सदस्य चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चंद शर्मा के साथ तकनीकी संस्थानों में संपर्क प्रारंभ किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । आगामी विधान परिषद सदस्य के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चंद शर्मा को प्रत्याशी घोषित किए जाने के उपरांत पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवार को अधिक से अधिक मतों द्वारा जितने हेतु संपर्क अभियान प्रारंभ हो गया है उसी क्रम में श्री चंद शर्मा का डॉक्टर अतुल जैन के निवास पर आगमन हुआ जहां अतुल जैन ने उनका स्वागत सम्मान किया और भावी रणनीति पर चर्चा हुई। विभिन्न संस्थाओं में संपर्क करके शिक्षकों के साथ बैठक करके भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मत डालने का आवाह्न किया जाएगा। इसी क्रम में डॉ अतुल जैन और श्री चंद शर्मा ने अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज के सचिव राकेश गर्ग एवं



आईएमएस ग्रुप के सचिव राकेश छारिया से मुलाकात की और शिक्षा के सुधार और शिक्षकों के हितों से संबंधित विस्तृत चर्चा हुई, आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री चंद शर्मा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए भी आग्रह किया गया। उसके उपरांत एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरमैन नीरज गोयल के साथ बैठक करके निदेशक और शिक्षकों के साथ भी कॉलेज के सभागार में बैठक हुई जिसमें डॉक्टर अतुल कुमार जैन ने सभी शिक्षकों से श्री चंद शर्मा के पक्ष में मत करने के लिए निवेदन किया और श्री चंद शर्मा ने भी अपने विचार रखे और भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न योजनाओं के बारे में बताते हुए शिक्षा और शिक्षकों के हितों का ध्यान रखने वाली भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया।

कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर आलोक चौहान ने विधान परिषद सदस्य श्री चंद शर्मा एवं डॉ.अतुल कुमार जैन महासचिव टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फेडरेशन ऑफ उत्तर प्रदेश का परिचय दिया और अपने विचार रखे, इस अवसर पर काफी बड़ी संख्या में शिक्षक गण उपस्थित रहे ।

# आई.टी.एस.यूजी कैंपस के छात्र आईआईटी रोपड़ में आयोजित समर ट्रेनिंग प्रोग्राम में लेंगे भाग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** आई.टी.एस. यूजी कैंपस, मोहननगर के बीसीए पाठ्यक्रम के छात्र16 जून से 30 जून 2026 तक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़, पंजाब के टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब द्वारा आयोजित "IoT एवं CPS समर ट्रेनिंग प्रोग्राम में सहभागिता करेंगे। यह 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों को अत्याधुनिक एवं उभरती हुई तकनीकों जैसे इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), एम्बेडेड सिस्टम्स, ब्लूटूथ लो एनर्जी (BLE) इंडस्ट्रियल




सेंसर्स तथा साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (CPS) के क्षेत्र में व्यावहारिक एवं उद्योगोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करेगा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में आधुनिक तकनीकी उपकरणों एवं वास्तविक परियोजनाओं पर कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे उनके तकनीकी ज्ञान एवं नवाचार क्षमता का विकास होगा।

आईटीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने आईआईटी रोपड़ में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए अपने संदेश में कहा कि यह अवसर विद्यार्थियों के लिए सीखने, नवाचार करने तथा नई तकनीकों को समझने का एक महत्वपूर्ण मंच है।

# द बेस्ट इंस्टीट्यूट की नेहा व हिमांशी ने ग्रेड-5 डांस डिप्लोमा सफलता पूर्वक पूरा किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** नेशनल साइंस सेंटर नई दिल्ली में आयोजित दीक्षांत समारोह 2026 में दुनिया के सबसे बड़े कलचरल एग्जामिनेशन ऑर्गनाइजेशन में से एक सुरों भारती संगीत कला केन्द्र द्वारा नगर के दा बेस्ट इंस्टिट्यूट की हिमांशी व नेहा को वेस्टर्न डांस डिप्लोमा देकर सम्मानित किया गया। वहीं गुरु जावेद अमन को सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण

**डांस डिप्लोमा पूर्ण होते ही हिमांशी को गाजियाबाद के न्यू रेनबो स्कूल में वही नेहा को मुरादनगर पब्लिक स्कूल में डांस टीचर की जॉब मिली**

में योगदान देने के लिए स्पेशल अवार्ड से नवाजा गया। समारोह के दौरान दोनों छात्राओं को उनकी उपलब्धि के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्थान के प्रबंधक गुरु जावेद अमन ने नेहा और हिमांशी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास, समर्पण और अनुशासन के बल पर दोनों छात्राओं ने डांस के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया इस अवसर पर दा बेस्ट इंस्टिट्यूट में भी एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे अभिभावकों के साथ समाज सेविका दमयंती सिंह ने नेहा , हिमांशी और गुरु जावेद अमन को सम्मानित करते हुए छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। दमयंती सिंह ने दा बेस्ट इंस्टीट्यूट संस्थान द्वारा प्रदान किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण की सराहना की और इसका पूरा श्रेय गुरु जावेद अमन को दिया। दमयंती सिंह ने मुरादनगर क्षेत्र में ऐसा संस्थान नगर वासियो के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने दोनों छात्राओं की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर द बेस्ट इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डांस गुरु जावेद अमन ने कहा कि हमारे संस्थान द बेस्ट इंस्टीट्यूट में समय-समय पर विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए, और डांस व संगीत के क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए प्रेरित करने हेतु विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है।







# पैरा एथलीट चिराग त्यागी को इंसाफ दिलाने के लिए महापंचायत का किया गया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** गांव बसंतपुर सैंथली में पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या की सीबीआई जांच व पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर रविवार को महा पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में एडीएम को मांग पत्र सौंपा और चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के अंदर मांग पूरी ना हुई तो अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। याद रहे कि पिछले दिनों गांव बसंतपुर सैंथली निवासी पैरा एथलीट चिराग त्यागी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि हत्या में शामिल कई लोग अभी भी फरार चल रहे हैं। परिजन शुरू से ही



आरोपियों का एनकांउटर करने व घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग करते आ रहे है। रविवार को गांव बसंतपुर सैंथली स्थित एक फार्म हाउस परिसर में महापंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता मास्टर बह्मदत्त त्यागी व संचालन मोहित त्यागी सहित अन्य द्वारा किया गया। पंचायत में त्यागी समाज के नेता मांगेराम त्यागी ने कहा कि चिराग त्यागी के हत्यारों पर पुलिस मेहरबान रही है। उनको एनकांउटर किए बिना ही जेल भेज दिया। उन्होने कहा कि चिराग त्यागी के परिजनों को इंसाफ मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। इसी बीच पंचायत में एडीएम, उपजिलाधिकारी अजित सिंह, एसीपी भास्कर वर्मा, थानाप्रभारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए। मांगेराम त्यागी ने एडीएम के सामने मांग पत्र पढ़ा। मांग पत्र में मांग थी कि हत्या का मुकदमा फॉस्टेक कोर्ट में चलाने व सीबीआई जांच कराई जाए, गांव बसंतपुर सैंथली में चिराग त्यागी के नाम पर खेल मैदान, सड़क का नाम किया जाए, मृतक के माता पिता की आजीविका के एक दुकान दी जाए, फरार आरोपियों पर इनाम घोषित किया जाए,परिवार को एक करोड़ की आर्थिक मदद की जाए और शसत्र लाईसेंस जारी किए जाए। एडीएम ने सभी मांगों को पूरा करने का

**तीन दिन में मांग पूरी ना होने पर अधिकारियों का किया जाएगा घेराव**

आश्वासन दिया। उन्होने कहा कि चिराग त्यागी की हत्या के बाद वाउचर से जो नगदी भुगतान हुआ है, उसमें बैंककर्मियों की मिलीभगत भी सामने आई है। चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के अंदर मांग पूरी ना हुई तो सभी बडे. अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर मांगेराम त्यागी स्याना, वरुण त्यागी, अमरीश त्यागी, मनोज त्यागी सिहानी, प्रेमचंद्र त्यागी, सरवन त्यागी, बबली गुर्जर, प्रशांत चौधरी, जिला पंचायत सदस्य अमित त्यागी सरना, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**महत्वपूर्ण कदम** — शहरी गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए निगम को मिलेंगे 5 करोड़

# नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स तथा नगर निगम के बीच साइन हुआ एमओयू, शहर बनेगा हीट रेजिलिएंट सिटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों की प्रति अधिक सक्षम सुरक्षित और टिकाऊ शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है जिसमें राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान (एनआईयूए) और नगर निगम के बीच हिट रेजिलिएट सिटी परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक तथा एन आई यू ए की डायरेक्टर द्वारा टडव सिग्नेचर किया गया है । नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि देश के चुनिंदा 12 शहरों में गाजियाबाद को हीट रेजिलिएंट सिटी परियोजना के लिए चुना गया है जिसके लिए आवास और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नगर निगम को 5 करोड रुपए भी मिलेंगे, शहर




में गर्मी के ताप को कम करने, गर्मी से बचाव एवं अनुकूलन संबंधित परियोजनाओं को लागू करने का कार्य किया जा सकेगा, नगर निगम द्वारा दीर्घकालिक हिट रेजिलिएट सिटी फ्रेमवर्क एवं कार्य योजना तैयार की जाएगी दस्तावेज भविष्य में शहर के विकास योजनाओं और जलवायु परिवर्तन एवं गर्मी से जुड़े जोखिमों को ध्यान में रखते हुए नीति और परियोजनाओं की क्रियान्वयन में मार्गदर्शन की भूमिका निभाएगा, शहर में गैर सरकारी संस्थाओं तथा सरकारी संस्थाओं व अन्य समुदायों की भागीदारी भी रहेगी, 15 माह परियोजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर लाने का समय दिया गया है'नगर आयुक्त द्वारा मौके पर उपस्थित जनों को नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में भी विस्तार से बताया गया स्थाई प्याऊ तथा अस्थाई प्याऊ के साथ-साथ गर्मी से बचाव हेतु बनाए गए कॉलिंग रूम के बारे में भी जानकारी दी गई मौके पर कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार भी उपस्थित रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com


# विश्व रक्तदाता दिवस पर सनातन प्रतिभा फाउंडेशन ने किया रक्तदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मलखान सिंह जिला चिकित्सालय, अलीगढ़ में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में समाजसेवी संस्था सनातन प्रतिभा फाउंडेशन (मेरी संस्कृति, मेरी पहचान) के सनातनी योद्धाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए मानवता की सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में संस्था के सनातनी योद्धाओं द्वारा कुल 7 यूनिट रक्तदान किया गया। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह रहा कि संस्था के संस्थापक अभिषेक सक्सैना सनातनी वर्ष 2011 से नियमित रूप से रक्तदान कर रहे हैं। मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर में अपना 57 वाँ रक्तदान किया।

इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है जो किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान कर सकता है। स्वस्थ व्यक्तियों को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान कर समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए।

# 29 वर्षों बाद अधिकमास में सोमवती अमावस्या का विशेष संयोग आज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** अमावस्या तिथि पितरों की शांति और दान-पुण्य के लिए विशेष महत्व रखती है,अधिकमास की अमावस्या स्वयं में विशेष होती है, लेकिन जब यह सोमवार को पड़े तो इसका पुण्यफल कई गुना बढ़ जाता है। अधिकमास ने सोमवती अमावस्या का महासंयोग 29 वर्ष बाद लग रहा है।

## सोमवती अमावस्या पर गंगास्नान से होती है पितृ शांति : स्वामी पूणार्नंदपुरी जी महाराज

वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूणार्नंदपुरी जी महाराज ने अधिकमास में लगने वाली सोमवती अमावस्या के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि कल यानि 14 जून रविवार को दोपहर 12:19 मिनट से अमावस्या तिथि का आरंभ हो चुका है जो कि आज 15 जून सोमवार को प्रातः 8:23 मिनट पर समाप्त होगी। अतः उदयातिथि के अनुसार आज सोमवती अमावस्या मनाई जाएगी। अधिकमास में सोमवती अमावस्या का संयोग विशेष महत्व रखता है इससे पहले ऐसा संयोग आषाढ़ मास के अधिकमास के दौरान 15 जुलाई 1996 को पड़ा था। इस दिन किए गए दान-पुण्य का अक्षय फल प्राप्त होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन पीपल वृक्ष की पूजा करने और उसके चारों ओर परिक्रमा करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है और दांपत्य जीवन सुखमय रहता है। इसके अलावा, इस दिन शिव मंदिरों में जाकर भगवान शिव का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक करने से सभी कष्ट दूर होते हैं और ग्रह बाधाओं से मुक्ति मिलती है।अधिकमास में सोमवती अमावस्या के दिन पवित्र नदियों में स्नान, भगवान शिव और विष्णु की पूजा, पीपल वृक्ष की परिक्रमा, तर्पण तथा दान-पुण्य करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि इस दिन किए गए धार्मिक कार्यों से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और व्यक्ति के पापों का क्षय होता है।



स्वामी जी के अनुसार सोमवार का संबंध चंद्रमा और भगवान शिव से माना जाता है।अतः इस दिन व्रत और पूजा करने से मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक लाभ की प्राप्ति तो होगी ही साथ ही गंगा स्नान के पश्चात भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक करवाकर रोली चंदन से श्रंगार करने के बाद बिल्वपत्र एवं शमी पत्र अर्पित करने से देवाधिदेव महादेव का आशीर्वाद मिलता है। सोमवती अमावस्या पर पूजन के विषय में स्वामी जी ने बताया कि इस पावन दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर गंगा नदी में स्नान करें, यदि संभव नहीं हो पाए तो घर के जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करना भी शुभ माना जाता है। स्नान के बाद सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करें और व्रत का संकल्प लें। इसके पश्चात भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करें। पीले पुष्प, चंदन, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करें। तुलसी के पौधे के सामने घी का दीपक जलाएं।
दोपहर के समय दक्षिण दिशा की ओर मुख कर- के पितरों स्मरण करें।शाम के समय पीपल के वृक्ष पर जल चढ़ाकर सरसों के तेल का दीपक जलाएं और परिक्रमा करें।

# मुख्यमंत्री मीडिया सेल के संज्ञान के बाद हरकत में आया लोक निर्माण विभाग रामघाट रोड पर हुआ बड़ा गड्ढ़ा भरवाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** रामघाट रोड पर बरसात के कारण बने गहरे गड्ढ़ों और उससे उत्पन्न यातायात संबंधी समस्याओं को लेकर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का मुख्यमंत्री मीडिया सेल द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने तत्काल अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग से आख्या तलब की। इस संबंध में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड-1, योगेश कुमार ने जिलाधिकारी को प्रेषित आख्या में बताया कि अलीगढ़-रामघाट-कल्याण मार्ग का चार लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य स्वीकृत है और वर्तमान में निर्माण कार्य प्रगति पर है। निमार्णाधीन होने के कारण मार्ग पर आवागमन प्रभावित होने की स्थिति बनी थी।




अधिशासी अभियंता ने बताया कि रामघाट रोड पर हालिया बरसात के कारण बने गड्ढों को विभाग द्वारा गंभीरता से लेते हुए 13 जून को पक्के पैचवर्क के माध्यम से भरवा दिया गया है। आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण कर मार्ग को दुरुस्त कर दिया गया है तथा वर्तमान में सड़क यातायात के लिए सुगम एवं सुरक्षित है।
जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निमार्णाधीन मार्गों पर नियमित निगरानी रखी जाए और बरसात के मौसम में जनसुविधा एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिगत किसी भी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# महान फिल्म अभिनेता स्व. भारत भूषण जी की 107 वीं जंयती मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** महान फिल्म अभिनेता स्व. भारत भूषण जी की 107 वीं जंयती स्वर साधना संस्था द्वारा संस्थापक अध्यक्ष अनिल वर्मा की अध्यक्षता में क्वारसी एटा बाईपास स्थित स्व. भारत भूषण जी अभिनीत फिल्मो के अमर गीतों द्वारा गीतों भरी श्रद्धांजलि अर्पित की।



स्व. भारत भूषण जी के चित्र पर मुख्य अतिथि एमएलसी रामसूरत राजभर जी के मंडल अलीगढ़ प्रतिनिधि एवं अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री वी के सैनी एवं कारागार बंदी सुधार न्यास के पवन गाँधी व संस्था अध्यक्ष अनिल वर्मा, अनिल बघेल, रिंकू मनोज शर्मा ने संयुक्त रूप से स्वर्गीय भारत भूषण के छवि चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को अलीगढ़ के उभरते गायक विपुल कुमार सिंह ने तकदीर फिल्म के गीत ष्जब जब बहार आई और फूल मुस्कराये मुझे तुम याद आयें से किया।

अभिनेता व गायक सरफराज खान ने तुम बिन जाँऊ कहाँ गीत प्रस्तुत किया। गायक अनिल वर्मा ने ष्आ लोट के आ जा मेरे मीत, तथा ओ दुनिया के रखवाले, तू गंगा की मौज मेंष आदि कालजयी गीत गाकर अमर गीतो भरी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में वी के सेनी, पवन गाँधी, अनिल वर्मा ने सरफराज खान को वेस्ट अभिनेता तथा विपुल कुमार सिंह को वेस्ट सिंगर का अवार्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर भानुप्रकाश सैनी, नेत्रपाल सैनी, मास्टर विनोद कुमार, सागर सैनी, विमल सैनी अंजलि सैनी आदि उपस्थित रहे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शों के क्रम में नगर निगम अलीगढ़ द्वारा 5 जून से 21 जून 2026 तक जन-कल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार, स्वच्छता जागरूकता एवं जन सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष जन-जागरूकता अभियान के तहत क्वारसी क्षेत्र के तरुण वैली गार्डन के पास सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर प्रशान्त सिंघल विधायक कोल अनिल पाराशर अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, मुख्य अभियंता भूपेंद्र कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह पशु कल्याण अधिकारी डॉ राजेश वर्मा ने कैम्प में आये लोगो को केंद्र सरकार के 12 वर्ष व प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय योजनाओं में बढ़चढ़ प्रतिभाग करने व योजनाओं का लाभ समाज के पिछले पायदान के व्यक्ति तक पहुचाने के लिए एक जुट होकर कार्य करने की अपील की।




सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के संबंध में नगर आयुक्त के बताया कि शासन की मंशा के अनुसार केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर निगम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण व केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुचाने के लिए विभिन्न स्वच्छता व जागरूकता अभियान व जनजागरूकता कैम्प, कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ उनके निकटतम स्तर पर उपलब्ध कराने नागरिक समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करने तथा जनसहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा सरकार आपके द्वार का आयोजन किया जा रहा है। महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं।

सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को उनके क्षेत्र में ही योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना, समस्याओं का समाधान करना तथा जनसहभागिता को बढ़ावा देना है। महापौर ने नागरिकों से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं नगर विकास के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही अलीगढ़ को स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित शहर बनाया जा सकता है।

विधायक कोल अनिल पाराशर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं ने समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभान्वित किया है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामसखी कठेरिया के साथ बड़ी संख्या में नगर निगम के सभी पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी व नागरिक मौजूद थे।

# डबल इंजन सरकार ने बदली अलीगढ़ की तस्वीरः प्रभारी मंत्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में जनपद प्रभारी मंत्री एवं गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश ने विकास, सुशासन, सुरक्षा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, निःशुल्क राशन एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। आज गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, आवास, शौचालय, गैस कनेक्शन एवं सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध हो रही है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज और अन्य आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार के साथ उत्तर प्रदेश निवेश और रोजगार का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि सरकारी भर्तियां पारदर्शी ढंग से हो रही हैं और युवाओं को योग्यता के आधार पर अवसर मिल रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा,




आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के क्षेत्र में भी देश ने नई पहचान बनाई है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का विकास और महाकुंभ जैसे आयोजन भारत की सांस्कृतिक शक्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहितकारी नीतियों के बल पर भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और सभी वर्गों को बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

जनपद प्रभारी मंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों का प्रत्यक्ष लाभ अलीगढ़ के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचा है और जनपद तेजी से विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत जनपद के 4.10 लाख से अधिक किसानों को 1399 करोड़ रुपये की सम्मान निधि सीधे उनके खातों में भेजी गई है, जबकि किसान ऋण मोचन योजना के तहत 1.11 लाख किसानों का 790 करोड़ रुपये का ऋण माफ किया गया। गन्ना किसानों को 1153 करोड़ रुपये का भुगतान कर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के माध्यम से हजारों गरीब परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 3.68 लाख से अधिक व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कर स्वच्छता अभियान को नई गति दी गई है। स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 10.99 लाख से अधिक गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं और दो लाख से अधिक लाभार्थियों को 242 करोड़ रुपये से अधिक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया है।

वहीं 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को भी योजना से जोड़ने का कार्य किया गया है। ऊर्जा एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 3.22 लाख निःशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए गए हैं। पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से 69 हजार से अधिक रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को 110 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाया गया है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत 12 हजार से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

विदाई

## कार्यकाल में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और जनता से बेहतर संवाद के लिए याद किए जाएंगे अधिकारी

# सीओ राजीव द्विवेदी को भावभीनी विदाई,नागरिकों ने नम आंखों से किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली।** क्षेत्राधिकारी (सीओ) राजीव द्विवेदी के स्थानांतरण पर शनिवार को नगर में एक भव्य एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारी वर्ग, पत्रकारों तथा युवा हलचल परिवार के सदस्यों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान कई बार भावुक क्षण भी देखने को मिले, जब लोगों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए उनके प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया।
वक्ताओं ने कहा कि राजीव द्विवेदी ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपराध नियंत्रण, जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण तथा आम जनता के साथ संवाद स्थापित करने के उनके प्रयासों को क्षेत्र लंबे समय तक याद रखेगा। उन्होंने पुलिस और जनता के बीच विश्वास का ऐसा माहौल बनाया, जिससे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस प्रशासन पर भरोसा बढ़ा।
समारोह में मौजूद सामाजिक कार्यकताओं और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि सीओ राजीव द्विवेदी ने सदैव निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ उन्होंने सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में भी सराहनीय योगदान दिया। विभिन्न आयोजनों और जनहित से जुड़े कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी ने उन्हें आम लोगों के बीच लोकप्रिय बनाया।इस अवसर पर आयोजकों द्वारा सीओ राजीव द्विवेदी को स्मृति चिन्ह, शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनके सम्मान में अपने विचार रखे और कहा कि एक सक्षम, कर्मठ एवं संवेदनशील अधिकारी के रूप में उनकी पहचान हमेशा बनी रहेगी।




अपने संबोधन में राजीव द्विवेदी ने अतरौली क्षेत्र की जनता, सामाजिक संगठनों, पत्रकारों और पुलिस विभाग के सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अतरौली में बिताया गया समय उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। यहां के लोगों से उन्हें जो स्नेह, सम्मान और सहयोग मिला है, वह उनके जीवन की अमूल्य पूंजी है। उन्होंने विश्वास जताया कि क्षेत्र की जनता आगे भी पुलिस प्रशासन का सहयोग करती रहेगी और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
कार्यक्रम में नगर के अनेक प्रतिष्ठित नागरिक, समाजसेवी, व्यापारी, पत्रकार, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने सीओ राजीव द्विवेदी के साथ स्मृति चित्र भी खिंचवाए और उनके सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व रक्तदान दिवस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया गया उदघाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर मलखान सिंह जिला चिकित्सालय में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उदघाटन किया गया । जिसमें पुलिसकर्मियों एवं



अन्य व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया । कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय ने उपस्थित पुलिसकर्मियों एवं अन्य प्रतिभागियों को रक्तदान की शपथ दिलाई। रक्तदान एक महादान है, जो जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आमजन, युवाओं एवं पुलिस कर्मियों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया गया । कार्यक्रम में चिकित्सालय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण, सामाजिक संगठन, रक्तदाता एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### रामबाग कॉलोनी में गिरासू खंबा दे रहा है दुर्घटना को न्यौता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** रामघाट रोड़ थाना क्वार्सी क्षेत्र रामबाग कॉलोनी चार नंबर गली में स्थित एक मकान के बाराबर गिरासू बिजली के खंबे के कारण कभी भी कोई बडा हादसा होने से टाला नहीं जा सकता हैं, विद्युत विभाग को अवगत कराने के बाद भी विद्युत विभाग द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठायें हैं, जब कि ग्रह स्वामी सुरेन्द्र शर्मा द्वारा गिरासू खंबे को बदलने के लिए कईबार पॉटल पर अवगत करा दिया गया है, लेकिन बावजूद इसके विभाग के कानों में जूं तक नहीं रैंगी हैं, शायद विभाग के आलाधिकारियों को किसी बड़ा हादसा होने का इंतजार हैं।



### रोरावर में क्षेत्र में महिला पर फायरिंग करने वाले दो अभियुक्त दबोचे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** रोरावर थाना क्षेत्र नीवरी में एक महिला पर बाइक सवार अज्ञात नकाब पॉश बदमाशों द्वारा गोली मारने की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

रविवार को पुलिस लाइन स्थित मीटिग हॉल में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी आदित्य बंसल ने बताया कि रोरावर क्षेत्र के नीवरी मोड़ स्थित सद्दाम स्कूल के पास रहने वाली 6 जून 2026 शनिवार को वह दोपहर में खाना खाने घर आई थीं। दोपहर दो बजे जब वह कारखाने जाने के लिए घर से निकलीं, तभी बुलेट बाइक पर सवार दो नकाबपोश युवक वहां पहुंचे और उन पर फायरिंग कर दी। तभी पुलिस से हमलावरों की तलाश में जुटी हुई थी। उन्होने बताया कि रोरावर थाना पुलिस ने इस वारदात का खुलासा करते हुए ग्राम अमरौली, थाना जवां निवासी जुनैद पुत्र मुबीन और दिलशेर पुत्र भोले खां निवासी आशिफबाग थाना रोरावर अलीगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।

# प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का कामः मुफ्ती कदीम

### खिदमत चैरिटी ग्रुप ने ठंडे पानी की मशीन लगाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** प्यासे को पानी पिलाना बहुत बड़ा पुण्य का काम है। और इस गर्मी में ठंडा पानी लोगों को मिल जाए तो दिल से दुआ निकलती है। यह



बात आज खिदमत चैरिटी ग्रुप हापुड़ की जानिब से सिकंदर गेट टंकी पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम के स्टैचू के बाहर पानी की मशीन लगवाने पर जामिया अरबिया खादिम उल इस्लाम के मोहतमिम मुफ्ती कदीम कासमी ने ठंडे पानी की मशीन के उद्घाटन पर कही।

उन्होंने कहा कि इस तरह के नेक काम होते रहने चाहिएं और जरूरतमंदों को ठंडा पानी मिलता रहे। खिदमत चैरिटी ग्रुप के संस्थापक यासीन मलिक ने कहा कि खिदमत चैरिटी ग्रुप सामाजिक खिदमत को समय समय पर अंजाम देता रहता है और हम वादा करते हैं। कि भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों की समय-समय पर मदद करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले हमने हापुड़ शहर के लिए मस्जिद शकरकुई में एक डेड बॉडी फ्रीजर भी डोनेट किया है। ठंडे पानी इस मशीन को एपीजे अब्दुल कलाम सोसायटी के अध्यक्ष दानिश कुरेशी की देखरेख में दे रहे हैं भविष्य में वह इस मशीन की देखभाल करते रहेंगे। इस अवसर पर खिदमत चैरिटी ग्रुप के मेंबर्स हाजी फजलुर्रहमान, डॉ0 गुलफाम जहीर, चौधरी हसरत अली डॉ0 जुनैद अनवर, मुफ्ती खालिद कासमी,मौलाना अजीजूर्रहमान कासमी, एहतेशाम खान, डॉ0 लईक, मौलाना हुसैन, हाजी जमील मलिक, इंतखाब आलम, आदिल कुरैशी, हाजी मोनिश कुरैशी,राशिद मेवाती, हाफिज अजमल तोमर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग, कई जिलों की दमकल ने संभाला मोर्चा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** क्षेत्र के धौलाना मसूरी रोड स्थित वीडीएच ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड के एसेंशियल ऑयल वेयरहाउस में शुक्रवार देर रात भीषण आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। फैक्ट्री के मालिक गगनदीप सिंह पुत्र परमवीर सिंह, निवासी गाजियाबाद बताया गया । बताए गए प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग

- धमाकों से दहला धौलाना, केमिकल गोदाम की आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू
- फैक्ट्री में 20 से 25 कर्मचारी सुरक्षित,
- कड़ी मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू

इतनी भयावह थी कि केमिकल और एसेंशियल ऑयल से भरे ड्रमों में लगातार धमाके होते रहे । किलोमीटर दूर तक धुएं का घना गुबार दिखाई देता रहा। बता दे कि घटना के समय फैक्ट्री की रात्रि पाली में करीब 20 से 25 कर्मचारी कार्य कर रहे थे। फैक्ट्री के चौकीदार आरिफ के अनुसार सभी कर्मचारी समय रहते बाहर निकल गए, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने के बाद कर्मचारियों और फैक्ट्री प्रबंधन ने प्रारंभिक स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई। सूचना मिलते ही धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग







को सूचित किया । दमकल की कई टीमें मौके पर पहुंची ।

आग की गंभीरता को देखते हुए धौलाना और हापुड़ के अलावा गाजियाबाद तथा नोएडा से भी अतिरिक्त फायर टेंडर बुलाए गए। ज्वलनशील पदार्थों की अधिकता के कारण आग पर काबू पाना चुनौतीपूर्ण साबित होता रहा । देर रात तक आग धधकती रही। घटना की सूचना पर एडीएम हापुड़, एसडीएम धौलाना मनोज कुमार सिंह, सीओ अनीता चौहान, देहरा चौकी प्रभारी अश्वनी कुमार, यूपीएसआईडीसी चौकी प्रभारी वरुण कुमार, सहित दमकल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा ने तत्काल पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने फैक्ट्री परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कराई, भीड़ को नियंत्रित किया तथा राहत एवं बचाव कार्यों में प्रशासन और दमकल विभाग के साथ समन्वय स्थापित किया। संभावित खतरे को देखते हुए पुलिस ने आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित कराया और पूरी रात मौके पर डटी रही।धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा की पुलिस टीम, स्थानीय प्रशासन और दमकल विभाग की संयुक्त कार्रवाई के चलते आग को आसपास की अन्य औद्योगिक इकाइयों तक फैलने से रोका जा सका। हालांकि आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे तक वेयरहाउस से धुआं निकलता रहा। लगातार चले अभियान के बाद दोपहर में आग का रौद्र रूप शांत हुआ और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में आई।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय शर्मा के अनुसार आग लगने के कारणों की जांच कराई जा रही है। प्रारंभिक तौर पर किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, जबकि फैक्ट्री के वेयरहाउस और उसमें रखे लाखों रुपये मूल्य के एसेंशियल ऑयल एवं अन्य सामग्री के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। एडीएम हापुड़ ने बताया कि वीडीएच ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड के वेयरहाउस में आग लगने की सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर भेजी गईं। सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। संयुक्त प्रयासों से आग को अन्य इकाइयों तक फैलने से रोका गया। आग लगने के कारणों और नुकसान की जांच कराई जा रही है।

इस भीषण अग्निकांड में प्रशासन, पुलिस और दमकल विभाग की तत्परता तथा धौलाना थाना पुलिस की सतर्कता के चलते एक बड़े हादसे को टालने में सफलता मिली।

# कबाड़ियों के सामने नगर पालिका हुई नतमस्तक, कबाडियों ने सड़क पर अवैध कब्जा किया,नपा बनी मूकदर्शक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** फ्री गंज रोड स्थित कुष्ठ आश्रम रोड कबाड़ी रोड बनकर रह गया है। कबाडियों द्वारा सड़क पर अवैध रूप से कब्जा करने व नगर पालिका परिषद के

- नपा के कूड़े से भरे खड़े होने से फैली दुर्गंध,निकलना हुआ दुर्भर
- शहर में कबाडियों का कराया जायेगा सत्यापनःएसडीएम

कूड़े से भरे रिक्शे खड़े होने से लोगों को निकलना वहां से दुर्भर हो गया है। जनमानस द्वारा कई बार नगर पालिका परिषद व अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ है। ऐसा लगता है,नगर पालिका परिषद जनता के सड़क पर उतरने का इंतजार कर रही है। आपको बता दें,कि कुष्ठ आश्रम रोड से आवास विकास





कालोनी व करीब एक दर्जन गांव की जनता का प्रतिदिन आवागमन होता है। पिछले कुछ महीनों से कुष्ठ आश्रम रोड पर कुछ कबाडियों ने अपनी दुकानें खोल ली है। और कबाडियों ने सामान रखकर सड़क पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। जिससे कुष्ठ आश्रम रोड कबाड़ी रोड बनकर रह गया है। वहीं नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों द्वारा कूड़े से भरे रिक्शे खड़े करने से मार्ग पर दुर्गंध फैली रहती है। जिससे लोगों से वहां से निकलना दुर्भर हो गया है। आवास विकास कालोनी के लोगों ने नगर पालिका परिषद के अधिकारियों से समस्या से अवगत भी कराया गया,लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका है। इस सम्बंध में सदर एसडीएम इला प्रकाश का कहना है,कि कुष्ठ आश्रम रोड से सड़क से अवैध अतिक्रमण हटवाने के साथ-साथ शहर में कबाडियों का सत्यापन भी कराया जायेगा। वहीं नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है,कि कुष्ठ आश्रम रोड पर कूड़े से भरे व खाली रिक्शा खड़े नहीं किये जाये। वहीं नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा से फोन पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया। लेकिन उन्होंने फोन रिसीव करना तक उचित नहीं समझा है।

# डीसीबी बैंक के एजेंटों का आतंक पीड़ित की मूल प्रापर्टी पर अवैध कब्जा करने का प्रयास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ।** वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव खटाना ने बताया की उनके मुवक्किल का मकान दुकान मेन रोड चौक पर स्थित है । उनका मुवक्किल अपनी दुकान पर बैठा था तभी कुछ लोग आए जो खुद को

### शिकायत उपरांत पुलिस जांच में माना कि आदेश शिकायतकर्ता की प्रोपर्टी के लिए नहीं, मामला सिविल कोर्ट का नहीं हो सकता कोई कब्जा

डीसीबी बैंक का कर्मी बता रहे थे । कहने लगे कि इस खसरा की प्रापर्टी हमारे यहां गिरवी है । जिसके आदेश हमारे पास है । या तो इसे खाली कर नहीं तो हमें पांच लाख रु दे । हम चले जाएंगे नहीं तो तेरा मकान दुकान नीलाम करा देंगे । और तुझे अपने गुंडों से उठवा कर मंगा लेंगे हमारी हर जगह सेटिंग रहती है । इसलिए हमारी बात मान नहीं तो तेरा सारा सामान बाहर फिकवा देंगे । मेरे मुवक्किल ने कहा की जब हमने कोई लोन लिया ही नहीं और पूरी प्रोपर्टी मेरे नाम है फिर तुम कैसे झूठे मनगढ़ंत



आदेश ले आए । और उसके बाद डीसीबी कर्मियों ने उनके मुवक्किल के साथ अभद्रता की ओर फिर आने की धमकी देकर चले गए । इनकी धमकी सुन मौके पर कई लोग आ गए तो ये बाइक पर बैठकर पिलखुवा की तरफ भाग निकले । जिस पर उनके मुवक्किल ने एसपी महोदय हापुड़ से शिकायत की

। पुलिस ने जांच में माना कि जो आदेश है वो शिकायती का खसरा नंबर ही नहीं है । इसलिए कोई कब्जा नहीं किया जा सकता । मामला सिविल नेचर का है । इसलिए मामला सिविल कोर्ट से ही हल होगा । पुलिस के मुताबिक बैंक कर्मियों को जानकारी दे दी गई । वही पीड़ित के मुताबिक प्रार्थी ने कभी भी इस बैंक से कोई लोन या लेना देना नहीं किया । और ना ही प्रार्थी द्वारा कोई प्रापर्टी गिरवी दी गई । जिस पर ये लोग कब्जा करने की धमकी दे रहे थे । प्रार्थी की पैतृक पूरी प्रोपर्टी का मामला जिला जज कोर्ट में विचाराधीन और कोर्ट कोर्ट से स्टे है । जिसका विवाद अभी विचाराधीन है । अधिवक्ता गौरव खटाना का कहना था की यदि डीसीबी बैंक कर्मी उनके मुवक्किल को बिना वजह परेशान करना बंद नहीं करते तो उनके खिलाफ एफआईआर मानहानि सहित कोर्ट आफ कंटेंप्ट डाली जाएगी । जिसकी जिम्मेदारी बैंक कर्मियों की होगी ।

# 10वीं की इम्प्रूवमेनट,कम्पार्टमेन्ट व 12वीं की कम्पार्टमेन्ट में शामिल होने को करें आवेदनः श्वेता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2026 में आयोजित

### आगामी 27 जून तक परीक्षार्थी ऑन लाइन करें आवेदन

हाईस्कूल की इम्प्रूवमेनट,कम्पार्टमेन्ट व इंटरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक परीक्षार्थी परिषद की वेबसाइट पर आगामी 27 जून तक आन लाइन आवेदन कर सकते है। जिला विद्यालय निरीक्षक डा.श्वेता पूठिया ने बताया कि हाईस्कूल की इम्प्रूवमेनट के तहत



परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुए एक विषय में तथा कम्पार्टमेन्ट के तहत परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए दो विषयों में से केवल एक विषय की परीक्षा में शामिल हो सकेगा,जिसके लिए परीक्षा शुल्क 256 रुपये निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट परीक्षा में मानविकी,वैज्ञानिक एवं वाणिज्य वर्ग से सम्मिलित परीक्षार्थी किसी एक विषय में,कृषि भाग एक एवं भाग दो में निर्धारित विषयों में किसी एक प्रश्न पत्र में एवं व्यावसायिक वर्ग के ट्रेड विषय में किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में शामिल होने हेतु अर्ह होंगे,जिसके लिए परीक्षा शुल्क 306 रुपये निर्धारित है।

डीआईओएस ने बताया कि 27 जून के बाद प्राप्त हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट, कम्पार्टमेन्ट एवं इंटरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

# हर रोज की दुर्घटना का कारण बना वशिष्ठ चौक पर खुला नाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** कस्बे में सड़क किनारे बना खुला नाला लोगों के लिए खतरा बनता जा रहा है। कस्बे के मुख्य वशिष्ठ चौक पर करीब 15 से 20 फीट गहरा नाला लंबे समय से खुला पड़ा

### लोगो ने दी संज्ञा मौत का गड्ढा, जाल व बैरिकेडिंग की मांग

है, जो आए दिन हादसों को न्योता दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार बाइक सवार और राहगीर इस नाले में गिरकर घायल हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

बताया जाता है कि यह नाला सड़क के मोड़ के पास स्थित है, जिससे रात के समय या तेज रफ्तार में गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बना रहता है। नाले पर न तो कोई जाल लगाया गया है और न ही किसी प्रकार की बैरिकेडिंग की गई है। इसके चलते लोग



हर समय हादसे की आशंका में रहते हैं। चौक निवासी आदित्य वशिष्ठ का कहना है कि नाला करीब 20 फीट गहरा है और अगर कोई वाहन चालक या राहगीर इसमें गिर जाए तो उसकी जान भी जा सकती है। उनका कहना है कि कई बार लोगों ने प्रशासन से इसकी शिकायत की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। रात के समय यह नाला और भी ज्यादा खतरनाक हो जाता है। स्थानीय निवासी नईम मलिक, चिम्मन मलिक, समीर, अफजाल, सलीम, मुकेश, शिवम, राजेश, मोंटी, पूरन सेनी आदि ने बताया कि इस नाले में कई लोग वाहन सहित गिर चुके हैं और आए दिन छोटे-मोटे हादसे होते रहते हैं। इसके बावजूद नाले की सफाई तक नहीं कराई जाती और न ही सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम किए गए हैं।

वहीं शमशाद अली, युसूफ अली, याकूब, आस मोहम्मद, जुनैद, आजम, आदिल, सलीम और नईम समेत अन्य लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस नाले पर जल्द से जल्द जाल या बैरिकेडिंग कराई जाए, ताकि सड़क के मोड़ पर होने वाले हादसों को रोका जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

मिसाल

## डयूटी के साथ परिवार के प्रति दायित्वों का कर रही है,निर्वाह

# योगी सरकार-2 में हापुड़ जनपद बना महिला सशक्तिकरण की मिसाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार-2 में जनपद हापुड़ में महिला सशक्तिकरण का जीता जागता उदाहरण देखने को मिल रहा है। जहां अधिकांश सरकारी कार्यालयों में उच्च पदों पर महिला अधिकारी तैनात है। जो अपनी डयूटी के साथ-साथ अपने परिवार के प्रति दायित्वों को निर्वाह

### पुरुषों की भांति अच्छे ढंग से कर रही है,जनता की सेवा

कर रही है। जिसे देखकर जनता भी महिला अधिकारियों की प्रशंसा कर रही है।

आपको बता दें,कि उत्तर प्रदेश सरकार मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी व जागरूक बनाने में प्रयासरत है। तो वहीं उत्तर प्रदेश में जनपद हापुड़ महिला सशक्तिकरण का जीता जागता उदाहरण बन गया है। जनपद में तैनात जिलाधिकारी के रूप में कविता मीना आईएएस जिले की बागडोर संभाल रही है। जिनकी जन सुनवाई की जनपद की जनता प्रशंसा करते नहीं थक रही है। मुख्य विकास अधिकारी पद पर श्रुति शर्मा आईएएस तैनात है। जो अपनी डयूटी के साथ-साथ अपने परिवार के प्रति दायित्वों को बखूबी निर्वाह कर रही है।

जनपद में अपर जिलाधिकारी न्यायिक पद तैनात मोनिका सिंह, हापुड़ सदर एसडीएम पद पर इला प्रकाश, डिप्टी कलेक्टर रेनू सिंह, डिप्टी कलेक्टर सांक्षी शर्मा, हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण में वित्त नियंत्रक अंजू सिंह, सहायक अभियंता विद्युत पद पर श्वेता रस्तौगी, एआरटीओ प्रशासन छवि सिंह,उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह,जिला विद्यालय निरीक्षक डा.श्वेता पूठिया,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी,जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह,जिला पूर्ति अधिकारी डा.सीमा बालियान,मुख्य कोषाधिकारी पारुल सिंह,जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता मंदार,जिला दिव्यांजन कल्याण अधिकारी ऋचा गुप्ता,जिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा रॉय,तहसीलदार स्वाति गुप्ता,नायब तहसीलदार श्वेता छापडिया,खंड विकास अधिकारी श्रुति,जिला समन्वयक माध्यमिक शिक्षा दीपा तोमर,अधिशासी अधिकारी पवित्रा त्रिपाठी, श्रम अधिकारी सुधा तोमर, एलआईयू इंस्पेक्टर ममता नेगी,पुलिस क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान, जिला पंचायत में कार्यकारी अधिकारी ब्रहमलता, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शहरीश सादात,आपूर्ति अधिकारी प्रीति कालरा जो डयूटी के साथ-साथ अपनी घर गृहस्थी को बखूबी संभाल रही है।













गौरतलब है,कि महिलाओं के सशक्त बनने से वह अपने जीवन के फैसले स्वयं ले सकेगी,देश और समाज में बहुत कुछ बदल सकेगी। इसके अलावा वह समाज में समस्याओं का पुरुषों की भांति अच्छे ढंग से निस्तारण कर सकेगी।

वहीं महिलाओं को विकास की मुख्य धारा से जोडने हेतु केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा कई योजनाएं भी संचालित कर रखी है। महिला अधिकारियों द्वारा योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाया जा रहा है। जिसे देखकर जनपद की जनता भी महिला अधिकारियों की प्रशंसा करने लगी है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

## सम्पादकीय

# पीएम स्वनिधि योजना: पथ विक्रेताओं के सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन की परिवर्तनकारी यात्रा



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

भारत में शहरीकरण तीव्र गति से बढ़ रहा है। अनुमान है कि वर्ष 2050 तक देश की लगभग 50 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी। वर्तमान में शहरी कार्यबल का लगभग 66 प्रतिशत हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़ा है, जो शहरी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। इस अनौपचारिक क्षेत्र में पथ विक्रेताओं की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय है। फल, सब्जियाँ, चाय, नाश्ता, कपड़े तथा दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएँ उपलब्ध कराने वाले ये लाखों विक्रेता न केवल करोड़ों नागरिकों के जीवन को सुगम बनाते हैं, बल्कि शहरी अर्थव्यवस्था को भी सशक्त करते हैं। इसके बावजूद, लंबे समय तक उनकी औपचारिक बैंकिंग और ऋण तक पहुँच सीमित रही। क्रेडिट हिस्ट्री के अभाव में उन्हें अक्सर ऊँची ब्याज दरों पर अनौपचारिक ऋण लेना पड़ता था, जिससे उनकी आय का बड़ा हिस्सा ऋण चुकाने में खर्च हो जाता था।भारतीय पथ विक्रेता बदलती वैश्विक परिस्थितियों और विभिन्न आर्थिक व्यवधानों के बीच भी अपनी दृढ़ता और संघर्षशीलता के लिए जाने जाते हैं। पीएम स्वनिधि ने उनकी इस उद्यमशीलता को नई ऊर्जा प्रदान की है। यह केवल ऋण उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रही, बल्कि सम्मान, पहचान और नए अवसरों का एक सशक्त माध्यम बनी है।योजना की सफलता का प्रमुख आधार सरकार का समग्र दृष्टिकोण रहा, जिसमें केंद्र, राज्य, शहरी स्थानीय निकायों और बैंकिंग संस्थानों के समन्वित प्रयासों ने इसे देशभर अभूतपूर्व रूप से पहुँचाया तथा उल्लेखनीय परिणाम प्राप्त किये।इस योजना के अंतर्गत लाखों विक्रेताओं के बैंक खाते सक्रिय हुए, उनका वित्तीय व्यवहार दर्ज होने लगा और पहली बार उनके लिए एक औपचारिक क्रेडिट हिस्ट्री का निर्माण हुआ। इससे भविष्य में और अधिक ऋण तथा वित्तीय सेवाओं तक उनकी पहुँच आसान हुई और वे आज बैंक के सम्मानित ग्राहक और उद्यमी के रूप में उभरे हैं।इस योजना का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू डिजिटल सशक्तिकरण है। यूपीआई और क्यूआर-कोड आधारित भुगतान को बढ़ावा देने के लिए कैशबैक प्रोत्साहन की व्यवस्था की गई है। इस पहल ने अभी तक 55 लाख विक्रेताओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा, उनके लेन-देन को पारदर्शी बनाया और उनकी वित्तीय साख को मजबूत किया है।योजना की सोच केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं रही। 'स्वनिधि से समृद्धिझ पहल के माध्यम से लाभार्थियों और उनके परिवारों को भारत सरकार की आठ प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया। अब तक 50 लाख से अधिक पथ विक्रेता परिवारों की प्रोफाइलिंग की जा चुकी है तथा इन योजनाओं के अंतर्गत 1.52 करोड़ से अधिक लाभ स्वीकृत किए जा चुके हैं। पेंशन, बीमा, स्वास्थ्य सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा जैसी सुविधाओं तक पहुँच प्रदान कर यह पहल पथ विक्रेताओं और उनके परिवारों के लिए एक व्यापक सामाजिक सुरक्षा तंत्र का माध्यम बनी है।

इसके अतिरिक्त एफएसएसएआई के सहयोग से खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी प्रशिक्षण भी प्रदान किए गए हैं, जिससे विशेष रूप से स्ट्रीट फूड विक्रेताओं की गुणवत्ता, स्वच्छता और ग्राहक विश्वास में वृद्धि हुई है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी योजना का योगदान उल्लेखनीय रहा है। कुल लाभार्थियों में लगभग 46 प्रतिशत महिलाएँ हैं। इससे उनकी आय, सामाजिक प्रतिष्ठा और पारिवारिक निर्णयों में भागीदारी बढ़ी है।वर्ष 2023 और 2025 में की गयी इंडिपेंडेंट इम्पैक्ट अस्सेस्मेंट्स ने भी योजना के दूरगामी प्रभावों की पुष्टि की है। लगभग 95 प्रतिशत लाभार्थियों ने अपने जीवन में पहली बार औपचारिक वित्तीय प्रणाली से ऋण प्राप्त किया, जो वित्तीय समावेशन की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।




# इंटरनेट के दौर में इंसान की ज़िंदगी से ज्यादा वीडिओ बनाने का पागलपन



शाह आलम रोनक

वर्ष 2011 के दौरान एक फोटो तेजी से वायरल हुआ था जिसमें एक भुखमरी से ग्रस्त बच्चा और एक गिद्ध शामिल था। जिसमें दशार्या गया था कि किस प्रकार भूख से ग्रस्त बच्चे की मौत के बाद उसके बराबर में बैठा गिद्ध नोचने के लिए तैयार बैठा है। उसे फोटो को शायद उसे समय का बेस्ट फोटो का सम्मान दिया गया था। बाद में यही फोटो किसी ने पोस्ट किया और पूछा कि इस फोटो में कितने गिद्ध नजर आते हैं? बहुत से लोगों ने तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दी। अधिकतर ने कहा केवल एक गिद्ध। लेकिन एक विद्वान व्यक्ति ने कहा कि इस फोटो में दो गिद्ध नजर आते हैं। पहला गिद्ध वह जो बच्चे के पास बैठा है और उसकी मृत्यु होने का इंतजार कर रहा है। दूसरा गिद्ध वह जो उसे फोटो में नहीं था अर्थात फोटो खींचने वाला कैमरामैन। वास्तव में कैमरामैन को उस समय उस फोटो को खींचने से पहले उसे बच्चे को उसकी भूख मिटाकर उसको जीवित रखने का प्रयास करना चाहिए था।

वर्तमान समय में भी वही सब हो रहा है। अक्सर देखा जाता है कि किसी भी घटना या कोई भी दुर्घटना हो तब कोई व्यक्ति जो वहां मौजूद पीड़ित व्यक्ति की जान की परवाह न कर,उसकी जान ना बचाते हुए वीडियो बनाने में शामिल रहता है। वह उसे समय इंसानियत के प्रति अपने प्राथमिक कर्तव्य को भुला देता है और केवल कुछ कमेंट्स और फॉलोवर्स बढ़ाने के शोक में अपने फर्ज को भूल जाता है और वीडीओ बनाने में लगा रहता है। सर्वज्ञात है कि इंसानियत का फर्ज प्रथम होता है परंतु आज के इंटरनेट और फॉलोअर्स कमेंट्स लाइक बढ़ाने की प्रतिस्पर्धा में व्यक्ति अपने द्वारा इंसानियत के फर्ज को पूरी तरह भुला दिया गया है।

इंटरनेट के दौर में इंसान समझता है कि महज उसकी लाइव वीडियो काफी हद तक उसके फॉलोअर्स बढ़ाने, कमेंट्स और लाइक्स बढ़ाने में सहायता प्रदान करेगी और उस वायरल होने वाले वीडीओ,रील या पेज से कमाई होना शुरू होगी। इसी कारण कोई भी व्यक्ति अपनी इंसानियत को भूलकर वर्तमान समय में वीडियो बनाने की प्राथमिकता ज्यादा समझता है। सच तो यह है कि इंसानियत को भूलकर घटना स्थल पर अपनी वीडियो बनाने में पीड़ित व्यक्ति की संवेदनाओं उसके कष्टों को भूल जाता है। आज भी देखा जाता है कि युवाओं में सेल्फी बनाने का क्रेज कम नहीं हो रहा है और तेजी से बढ़ता ही जा रहा है।

ठीक उसी प्रकार ऑन द स्पॉट अथवा घटनास्थल पर किसी व्यक्ति अथवा पीड़ित अथवा दुर्घटना से ग्रस्त किसी व्यक्ति को ना बचाते हुए अपनी प्राथमिकता को भूलकर,इंसानियत के प्रति अपने फर्ज को पूरी तरह से नजरअंदाज करके वीडियो बनाने में व्यक्ति लीन रहता है एवं उसी को अपनी प्राथमिकता समझता है क्योंकि पूरी तरह से निंदनीय है एवं इंसानियत से परे है।

# विश्व रक्तदान दिवस: "रक्तदान तो करना है,साथ में सावधानियाँ भी आवश्यक"



डॉ.बी.आर.नलवाया, मंदसौर

यह तो हम सभी जानते हैं, कि रक्तदान से मरीज को जीवनदान मिल जाता है। किन्तु समय पर रक्त या खून न मिले तो मरीज की जान भी चली जाती है। अगर हर इंसान अपनी जिन्दगी में सिर्फ एक बार भी रक्तदान करे , तो अस्पतालों में शायद ही कभी खून की किल्लत होगी। न जाने हर वर्ष कितनी ही मौते खून के समय पर न मिलने या फिर एड्स अथवा हैपटाइटिस जैसी जानलेवा बीमारियो के विषाणुयुक्त रक्त मिलने के कारण असमय ही हो जाती है। दुर्घटनाग्रस्त रोगियों को अक्सर खून की जरूरत होती है। उसी प्रकार थैलेसीमिया, हीमोफिलिया, एनीमिया और रक्त कैंसर से ग्रसित लोगों को बराबर खून की जरूरत पड़ती है। शल्य चिकित्सा से गुजरने वाले व्यक्ति को भी आपरेशन के दौरान हुई रक्त की हानि को पूरा करने लिए खून लेना पड़ता है। इस तरह जिन मरीजों को रक्त की जरूरत होती है, उसकी आपूर्ति रक्तदान से संभव होती है। दूसरी ओर रक्तदान को लेकर काफी भ्रांतियां भी अवश्य होती है, उन्हें दूर भी किया गया था। 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है।

स्मरण रहे शुरू में बहुत से देशों में जानवरों का खून मानव शरीर में पहुंचने का प्रचलन रहा, परन्तु जानवरों का रक्त-मनुष्य के लिए घातक व जान लेवा साबित हुआ , और उससे कर मौते इंसानों की हो चुकी ही। इसे वर्ष 1678 में प्रतिबिधित कर दिया गया था । करीब 150 वर्ष के बाद लंदन के सेन्ट थामस अस्पताल में कार्यरत डाक्टर जेम्स वलंडेल सन् 1818 में खून चढ़ाने के यंत्र को आविष्कार किया। इसके परिणाम भी अच्छे नहीं रहे। सन् 1901 तक डॉक्टरों के लिए यह समस्या गंभीर रही। समस्या का हल युवा वैज्ञानिक कार्ल लैंड स्टेईनर ने किया। यह देखा गया, कि सभी मनुष्यों का रक्त एक जैसा नहीं होता। इस तरह चिकित्सा विज्ञान ने मुख्य रूप से यह देखा सभी मनुष्यों के रक्त चार तरह के रक्त समूह होते है। ए, बी, ओ व एबी । अब इससे यह फायदा हुआ , कि मरीज को उसी समूह का रक्त चढाया जाए , तो उसकी मृत्यु की आशंका कम रहेगी। वर्तमान में रक्त चढ़ाने भी अनेकानेक बाधाओं को दूर किया गया। नवीन तकनीकी आधार पर काम किया जा रहा है । मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है । अतः स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया ,स्वैच्छिक रक्तदान ही रक्त की सतत उपलब्धता का एक मात्र स्त्रोत है। यह कहना कोई अतिश्योति नहीं' रक्तदान के द्वारा किसी एक ?व्यक्ति के जीवन की-रक्षा तो होती ही है , परन्तु यदि वह व्यक्ति अपने परिवार का एक मात्र कमाने वाला मुखिया है, तो उसके जीवन को बचाकर हम पूरे परिवार का भरपोषण का आधार बनते हैं।

रक्तदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां जिनका ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में, जिसका वजन 45 किग्रा से अधिक है, सामान्यतः 5-6 लीटर रक्त होता है।

रक्तदान के दौरान मात्र 300 मिलीमीटर रक्त लिया जाता है। शरीर इस रक्त की आपूर्ति मात्र 24 से 48 घंटे कर लेता है। मनुष्य के शरीर में वजन का 7 प्रतिशत रक्त होता है। 18 से 60 वर्ष का कोई भी व्यक्ति, जो स्वस्थ हो रक्तदान कर सकता है।




रक्तदाता का शारीरिक भार 45 किग्रा से कम नही होना चाहिए।

जिन लोगों ने टैटू गुदवाया - हो वो टैटू गुदवाने के एक साल बाद रक्तदान कर सकते हैं।

रक्तदान करने वाला नशा या मादक पदार्थ लेने वाला या मिरगी आदि का रोगी से खून नही लिया जाता है। स्वैच्छिक रूप से रक्तदान करने वाला चुस्त- दुरुस्त होना चाहिए।

हीमोग्लोबिन की मात्रा 12.5 ग्राम से कम नहीं होना चाहिए। रक्तदाता का रक्तचाप उच्चतम 100 से 180 के बीच होनी चाहिए। महिला रक्तदान कर रही है, तो वह गर्भवती न हो। डेंगू, मलेरिया, हेपेटाइटिस बी या सी से ग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह ठीक होने के एक वर्ष बाद ही रक्तदान करना चाहिए।

मधुमेह या सिजोफ्रेनिया की बीमारी वाले व्यक्ति को रक्तदान नहीं करना चाहिए ।

रक्तदान के लिए पुरुष हर 3 महीने (12 सप्ताह) में और महिलाएं हर 4 महीने (16सप्राह) में पात्र होती है।

रक्तदान करने के पहले रक्तदाता को भरपेट खाना और पूरी नींद जरूर लेनी चाहिए।

रक्तदान करने के तुरंत बाद शारीरिक श्रम नहीं करना चाहिए।

रक्तदान करने के बाद तरल पदार्थ जैसे काफी ,जूस, दूध, पानी आदि का सेवन करना चाहिए।

रक्तदान के कुछ घंटे बाद तक वहां नहीं चलना चाहिए।

ओ-नेगेटिव रक्त सभी ब्लड शुगर को दिया जा सकता है। इस यूनिवर्सल डोनर कहते हैं। ए-बी, पॉजिटिव सभी को प्लाज्मा दे सकते हैं।

भारत में हर वर्ष लगभग 5 करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत होती है, लेकिन उपलब्धता आधी ही होती है। वैसे 2015 की रिसर्च के मुताबिक हर साल एक बार रक्तदान करने से इंसान की जीवन प्रत्याशा दर में 7.5 प्रतिशत इजाफा होता है। आदर्श रक्तदान से हार्ट अटैक का खतरा 88 प्रतिशत कम होता है। रक्तदान के प्रति जागरूकता जिस स्तर पर लाई जानी चाहिए थी, उस स्तर पर न तो कोशिश हुई और न लोग जागरूक हुए। अब रक्तदान करने के प्रचार-प्रसार एवं स्वयं सैवी संगठनों ने रक्तदान शिविर आयोजित कर-के जागरूकता बढाने की दिशा में अवश्य स्वस्थ नागरिकों को जागरूक किया है है।

# ग्रामीण विकास को नई गति देगा बीवी-जी राम-जी मिशन



अरविंद रावल

भारत सरकार द्वारा ग्रामीण विकास की अवधारणा को जमीनी स्तर पर साकार करने तथा ग्रामीण नागरिकों के जीवन यापन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी दिशा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का आधुनिकीकरण करते हुए इसे विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अर्थात ह्यबीवी-जी राम-जी नाम दिया गया है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना भी है। ग्रामीण विकास की इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत रोजगार के पारंपरिक स्वरूप को व्यापक आयाम प्रदान किए गए हैं। योजना में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की आय के स्त्रोतों को सुरक्षित और सशक्त बनाने के साथ साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर विकसित करने पर विशेष बल दिया गया है। यह योजना 1 जुलाई 2026 से पूरे देश में लागू होगी और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरूआत करेगी। सरकार की किसी भी जनकल्याणकारी योजना की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसका लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक कितनी पारदर्शिता और सहजता से पहुँचता है। बीवी-जी राम-जी मिशन के तहत न केवल 125 दिनों के रोजगार की गारंटी का प्रावधान किया गया है, बल्कि ग्रामीण नागरिकों की रुचि और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप आजीविका के विविध अवसरों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित उत्पादों, हस्तशिल्प और पारंपरिक कलाओं को निखार कर उन्हें बाजार से जोड़ने का प्रयास भी इस योजना का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बताया जा रहा है। इस नई योजना में रोजगार के साथ-साथ ग्रामीण आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया गया है। कृषि क्षेत्र में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जल संरक्षण संबंधी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त ग्रामीण सड़कें, सार्वजनिक भवन, विद्यालय, स्वच्छता व्यवस्था तथा ग्रामीण ऊर्जा से जुड़े विकास कार्य भी योजना के दायरे में शामिल किए गए हैं। बताया जा रहा है कि योजना के क्रियान्वयन में राज्यों की भागीदारी बढ़ाने के लिए राज्य सरकारों को भी 40 प्रतिशत व्यय वहन करना होगा। आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दृष्टि से रोजगार अवधि को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किए जाने का प्रस्ताव उल्लेखनीय है। साथ ही मजदूरी भुगतान की समय-सीमा निर्धारित करने की व्यवस्था भी श्रमिकों के हित में एक सकारात्मक कदम मानी जा सकती है। ग्राम पंचायतों को स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर कार्यों के चयन, कार्यों की गुणवत्ता की निगरानी तथा महिला सहभागिता सुनिश्चित करने जैसे विशेष अधिकार दिए जाने की बात भी कही गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास और रोजगारोन्मुख गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार की तलाश में होने वाले पलायन में कमी आने की संभावना है। हालांकि यह भी एक कटु सत्य है कि देश की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना भी भ्रष्टाचार और अनियमितताओं से पूरी तरह अछूती नहीं रह सकी। अनेक स्थानों पर जहां श्रमिकों को रोजगार मिलना चाहिए था, वहाँ मशीनों से कार्य कराकर औपचारिकताएं पूरी कर दी गईं। पश्चिम बंगाल सहित कुछ राज्यों में मनरेगा कार्यों के केवल कागजों पर संचालित होने के मामले सामने आए हैं। ऐसे में यह मानने का कोई कारण नहीं है कि अन्य राज्यों में भी कहीं न कहीं इसी प्रकार की अनियमितताएँ नहीं हुई होंगी। कई बार जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही अथवा प्रभावशाली लोगों के दबाव के कारण वास्तविक पात्रों की अपेक्षा अन्य लोगों को अधिक लाभ मिला। ऐसी परिस्थितियों में केंद्र सरकार का यह दावा महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि बीवी-जी राम-जी मिशन की निगरानी अत्याधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित प्रणाली के माध्यम से की जाएगी। यदि पारदर्शिता, जवाबदेही और तकनीकी निगरानी का प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाता है, तो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में निश्चित रूप से सहायता मिल सकती है। ग्रामीण भारत देश की आत्मा है। यदि ग्रामीण नागरिकों को सम्मानजनक रोजगार, बेहतर आधारभूत सुविधाएँ और आत्मनिर्भर आजीविका के अवसर उपलब्ध होते हैं, तो विकसित भारत का सपना भी साकार होने की दिशा में आगे बढ़ेगा। अपेक्षा की जानी चाहिए कि ग्रामीण विकास की यह महत्वाकांक्षी पहल वास्तव में जरूरतमंद और पात्र लोगों तक पहुँचे तथा महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करे।

## कीमत चुकानी पड़ रही

सफल औद्योगिक राष्ट्र वे रहे हैं, जिन्होंने जिस उत्पाद पर ध्यान केंद्रित किया, उसकी पूरी आपूर्ति श्रृंखला अपने यहां स्थापित की। सफलता का एक सूत्र यह भी है कि उत्पादित वस्तुओं का एक बड़ा घरेलू बाजार भी हो। दुनिया भर में सेमीकंडक्टर उद्योग इस समय 'मेमफ्लेशनझ की चुनौती का सामना कर रहा है। इस शब्द का अर्थ है मेमरी चिप्स की कमी के कारण बढ़ी महंगाई। मेमरी चिप्स की कीमत आसमान पर है, जिससे सेमीकंडक्टर महंगे हो गए हैं। इनका भारी असर उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों- खासकर मोबाइल फोन के उत्पादन पर पड़ा है। भारत के लिए ये घटनाक्रम इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि मेक इन इंडिया और चाइना+1 रणनीति की कोई सफलता अपने देश में है, तो वह मोबाइल फोन की मैनुफैक्चरिंग (अथवा असेंबलिंग) है। हालिया वर्षों में भारत से मोबाइल फोन का निर्यात तेजी से बढ़ा है। मगर साथ ही मोबाइल फोन के पाट-पुर्जों का आयात भी बढ़ा है, जो ज्यादातर चीन, दक्षिण कोरिया या ताइवान जैसे देशों से होता है। जो चीजें बाहर से आती हैं, उनमें मेमरी चिप्स भी हैं। नतीजतन, ताजा ट्रेंड से भारत स्थित कारखानों की मुश्किलें बढ़ी हैं। एक अन्य खबर है कि अमेरिका में आयात शुल्क संबंधी जारी अनिश्चय के कारण भारत से सोलर मॉड्यूल का निर्यात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस वर्ष की पहली तिमाही में सिर्फ एक को छोड़कर अमेरिका के लिए बाकी सभी भारतीय कंपनियों का निर्यात शून्य रहा। सोलर पैनल्स पर ट्रंप प्रशासन ने 230 फीसदी टैरिफ लगा रखा है, जबकि भारतीय सौर उद्योग का अमेरिका प्रमुख बाजार है। तो सार यह कि जहां मोबाइल फोन उद्योग आयात निर्भरता के कारण पैदा हुई चुनौती झेल रहा है, वहीं सौर ऊर्जा उद्योग निर्यात निर्भरता संबंधी।

तो सबक क्या है? सफल औद्योगिक राष्ट्र वे रहे हैं, जिन्होंने जिस उत्पाद पर ध्यान केंद्रित किया, उसकी पूरी आपूर्ति श्रृंखला अपने यहां स्थापित की। इसीलिए इंडस्ट्रीयल पार्कों को इतनी अहमियत दी जाती है। साथ ही सफलता का एक सूत्र यह भी है कि उत्पादित वस्तुओं का एक बड़ा घरेलू बाजार हो, जो भू-राजनीतिक एवं व्यापार जनित संकटों के समय संबंधित उद्योग का सहारा बना रहे। भारत में उद्यम के जो सफल क्षेत्र हैं, अब साफ है कि उनमें इन पहलुओं की उपेक्षा की गई। उन्हें अर्थव्यवस्था के समग्र विकास की सोच से इतर स्थापित किया गया। अब उसकी कीमत चुकानी पड़ रही है।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**


### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**


## सोमवार का राशिफल

**मेष** – बड़ी कामयाबी प्रतीक्षा कर रही है, व्यवसाय सेटल करेंगे,शुभ समाचार प्राप्त होगा, बड़े भाई की सेहत का ध्यान रखे। भाग्य प्रतिशत-82

**वृषभ** – जीवन साथी की सेहत में सुधार होगा, प्रतिभा नखरेगी, सरकारी कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं, स्टॉक मार्किट, बीमा, दंत चिकित्सा, होम्योपैथिक दवा व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-72

**मिथुन** – बड़ी उम्र के व्यक्ति से सम्बंधों से दूरी रखें, बिजली, कंस्ट्रक्शन, प्लॉट बेचना कार्य कर सकते हैं, किसी विवाद में ना पड़े, अग्नि कार्य करते समय ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-54

**कर्क** – अपने क्षेत्र में पूरा दमखम लगाएंगे, आर्थिक सफलता मिलेगी, किसी को प्रेम प्रस्ताव सोच समझकर दे बड़ा विवाद सम्भव हैं, मनोविज्ञान, शराब, बर्फ, टॉनिक, पानी व्यवसाय चलेगा।

**सिंह** – अधिक कार्य ना करें थोड़ा आराम भी करें, पुलिस, कोर्ट का मसला परेशान कर सकता है, खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भाग्य प्रतिशत-52

**कन्या** – चुनाव सम्बन्धित तैयारी सम्मेलन में भाग अधिकारियों से मिलना करेंगे, संतान करियर में आगे बढ़ेगी, किसी का दबाव स्वीकार नहीं करेंगे। भाग्य प्रतिशत-67

**तुला** – मन दुःखी ना करें, काम निडर होकर करें, घर में विवाद की स्तिथि बढ़ेगी, सोशल मीडिया, अस्पताल, दलाली कार्य, नेट पर लेखन कार्य से लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-50

**वृश्चिक** – बिना सहयोग के आगे बढ़ेंगे, नेतागिरी, पुलिस, प्लॉट कार्य से पैसा आएगा, प्रेम सम्बन्ध में मुश्किल आएगी, मानसिक शांति अच्छी लगेगी। भाग्य प्रतिशत-73

**धनु** – बढ़ चढ़कर बोलने से बचना होगा, घुटनों की समस्या, शुगर, रक्त में आरबीसी बढ़ सकता है ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-61

**मकर** – अचानक धन खर्च बढ़ेगा, लेकिन प्राप्ति भी होगी, खानपान में बदलाव करना पड़ेगा, सोना, रत्न, बेकरी, प्रिंटिंग कार्य द्वारा आय होगी। भाग्य प्रतिशत-55

**कुंभ** – अनहोनी का डर रहेगा,परिवार में बुजुर्ग की सेहत प्रभावित रहेगी,परीक्षा देने में समस्या आएगी, प्री-डायबिटीज, आर्थराईटीस की शुरूआत सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-50

**मीन** – मन में नकारात्मक विचार आ सकते हैं, पेट, लीवर की समस्या का ईलाज लेंगे, खर्चा बढ़ेगा, बायो के छात्र है तो परीक्षा की अच्छी पढ़ाई करेंगे। भाग्य प्रतिशत-50



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

## कंडक्टर के बारे में जानकारी करना हुआ गुनाह: दो पक्षों में मारपीट, 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** कंडक्टर के बारे में जानकारी करना गुनाह हो गया इस बात को लेकर पहले कहा सुनी हुई और बाद में लाठी डंडे चल पड़े जिसमें दोनों और के लोगों को चोट आई एक दूसरे की तहरीर पर पुलिस ने चार को नाम जद किया है। मामला सलेमपुर गांव का है वहां के इरफान पुत्र इकराम का आरोप है कि 13 जून को शाम 4:00 बजे उसने सलेमपुर से दिल्ली जाने वाली बस के कंडक्टर नाजिम को फोन किया था और दिल्ली जाने वाली सहसपुर की बस के कंडक्टर का मोबाइल नंबर मांगा ,आरोप है कि नाजिम ने फोन पर अपशब्द कहने शुरू कर दिए और फोन काट दिया। रात को 8:00 बजे दिल्ली से बस सलेमपुर आई तो उसने बस के ड्राइवर सरफराज से कंडक्टर नाजिम के बारे में जानकारी की ड्राइवर ने कहा की तबीयत खराब है लेकिन वहीं खड़े जैद ने गाली देनी शुरू कर दी और कहा कि नाजिम उसका रिश्तेदार है तुझे जो बात करनी है मुझे कर बताया गया कि इस बात को सुनकर कहासुनी हुई और लोगों के समझाने पर वह वापस आ गया लेकिन उसका छोटा भाई रिजवान वही खड़ा था तो जैद और शहाबुद्दीन ने उसके छोटे भाई के साथ मारपीट करते हुए लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया जिससे उसको गंभीर चोटें आएगी उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जबकि इसी मामले में दूसरे पक्ष के गजनफरूल पुत्र इस्लाम और ड्राइवर सरफराज से कंडक्टर नाजिम के बारे में पूछा तो सरफराज ने उसकी तबीयत खराब बताई इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और इरफान व रिजवान ने शहाबुद्दीन और जैद के साथ मारपीट और गाली गलौज करनी शुरू कर दी।

## पिलखुवा के तीन केंद्रों पर सकुशल संपन्न हुई पीजीटी परीक्षा, प्रशासन रहा मुस्तैद

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**पिलखुवा।** नगर में रविवार को आयोजित पीजीटी परीक्षा कड़ी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क रहा तथा सभी केंद्रों पर व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की गई।

परीक्षा के लिए सर्वोदय इंटर कॉलेज, मारवाड़ इंटर कॉलेज और श्री चंडी इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया था। परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थियों की पहचान पत्रों का सत्यापन और सुरक्षा जांच की गई। इसके बाद ही उन्हें परीक्षा कक्षों में प्रवेश दिया गया। केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न हो, इसके लिए भी विशेष इंतजाम किए गए थे। उपजिलाधिकारी धौलाना मनोज सिंह ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित समय के अनुसार संपन्न हुई और कहीं से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी या नकल की सूचना प्राप्त नहीं हुई। परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थियों ने भी प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। अधिकारियों के अनुसार परीक्षा को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए थे।

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में पुस्तक का हुआ विमोचन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पिलखुवा।** श्रीराम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था अयोध्याधाम के तत्वावधान में आयोजित विराट अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं पुस्तक विमोचन समारोह में देशभर के साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से साहित्य प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में हास्य एवं व्यंग्यकार कवि ओम प्रकाश कुंतल की पुस्तक कुंतल के व्यंग्य कोरोना के संग का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक वरिष्ठ कवि अशोक गोयल चक्रवर्ती ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवयित्री संध्या श्रीवास्तव सांझ तथा विशिष्ट अतिथि संस्था की राष्ट्रीय प्रभारी वीना गोयल रहीं। संचालन संस्था की अंबेडकरनगर इकाई के अध्यक्ष एवं कवि रामवृक्ष बहादुरपुरी ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कवयित्री रीता गुगलानी द्वारा मां सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े कवियों और कवयित्रियों ने गीत, गजल, मुक्तक और कविताओं की प्रस्तुति दी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक गोयल चक्रवर्ती ने कहा कि साहित्य समाज को दिशा देने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन देश की सांस्कृतिक और साहित्यिक परंपरा को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

## भरत के आदर्श जीवन से मिलती है त्याग और मर्यादा की प्रेरणा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** मोहल्ला पुरा स्थित अतुल कुमार गोयल के आवास पर रविवार को सेवा भारती पिलखुवा के तत्वावधान में

### सेवा भारती के 176वें साप्ताहिक श्रीराम चरित मानस पाठ में श्रद्धालुओं ने सुनी कथा





श्रीरामचरितमानस के 176वें साप्ताहिक पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर प्रभु श्रीराम और भरत के आदर्श जीवन से जुड़े प्रसंगों का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया।

कथा व्यास रामकेश सिंह तोमर ने चित्रकूट में भगवान श्रीराम से भेंट के उपरांत भरत के अयोध्या लौटने के प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भरत का चरित्र त्याग, समर्पण, भ्रातृ प्रेम और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। भारतीय संस्कृति में भरत का जीवन आदर्शों और मर्यादाओं का प्रतीक माना जाता है। सेवा भारती पिलखुवा के अध्यक्ष सुधीर कुमार गोयल ने बताया कि संस्था पिछले साढ़े बारह वर्षों से निरंतर श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम में महेश किसान, दीपा गोयल, अतुल गोयल, अनुभा गोयल, राजेंद्र मित्तल, राज सिंह, सीताराम, परमात्मा शरण, जगदीश शर्मा, सोनू सिंह, हीरालाल, मुकेश कुमार, हरि कुमार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गांव-गांव पहुंचकर भाजपा ने गिनाईं केंद्र सरकार की उपलब्धियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**पिलखुवा।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओ ने धौलाना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों से संवाद किया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी दी गई।

भाजपा पदाधिकारियों ने पूर्व सैनिकों, शिक्षकों, चिकित्सकों और समाज के वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर उनके सुझाव भी प्राप्त किए।

कार्यकर्ताओ ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर सरकार की योजनाओं के प्रभाव पर चर्चा की और लोगों की समस्याओं को भी सुना। पूर्व जिलाध्यक्ष उमेश राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, आत्मनिर्भरता और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ गांवों तक पहुंचा है, जिससे आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से जनता के बीच जाकर सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे और अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## बालिका की बरामदगी पर सामाजिक संगठनों ने पुलिस का जताया सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पिलखुवा।** गुमशुदा नाबालिग बालिका की सकुशल बरामदगी के बाद सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान व कोतवाली प्रभारी अतुल चौहान से मुलाकात कर पुलिस की सराहना की। उन्होंने कहा कि समयबद्ध कार्रवाई के चलते एक परिवार को बड़ी राहत मिली है और लोगों का पुलिस पर भरोसा और मजबूत हुआ है। रविवार को हिंदू जागरण मंच एवं हिंदू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधिकारियों का अभिनंदन किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हिंदू जागरण मंच की जिला कार्यकारिणी सदस्य कविता जिंदल ने किया। इस दौरान पवन तोमर ने कहा कि बालिका की गुमशुदगी की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में चिंता का माहौल था, लेकिन पुलिस ने गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं और बालिकाओं से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई समाज में सुरक्षा की भावना को मजबूत करती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की तत्परता बनाए रखने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अनीता चौहान को पटका पहनाकर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सौरभ चौहान, गौरव शर्मा, पवन तोमर, कमल अग्रवाल, शांतनु तोमर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पिलखुवा।** गांव अचपलगढ़ी में रविवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक धरोहरों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान चलाया। अभियान के माध्यम से लोगों को जैव विविधता के संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद कर पर्यावरणीय चुनौतियों पर चर्चा की और प्रकृति संरक्षण में जनसहभागिता की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर अभियान को अपना समर्थन दिया।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रजनीश त्यागी ने कहा कि तेजी से बदलते पर्यावरणीय हालात के बीच प्राकृतिक संसाधनों और वन संपदा का संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि जागरूक समाज ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित कर सकता है।

वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। अभियान के दौरान लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया गया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष लाल बहादुर, मोहम्मद फुरकान, हेमंत करदम, सुधीर शर्मा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पार्क में सफाई और पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पिलखुवा।** नगर के शैलेश फार्म स्थित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में रविवार को भाजपा कार्यकताओं ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया। अभियान के दौरान पार्क परिसर की साफ-सफाई की गई तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर हरित वातावरण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।

कार्यकर्ताओ ने पार्क में जमा कूड़ा-कचरा हटाकर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। साथ ही स्थानीय लोगों को भी अपने आसपास साफ-सफाई रखने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया।नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि प्रत्येक नागरिक अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प ले तो समाज को स्वस्थ और सुंदर बनाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई में सहयोग करने की अपील की।

जिला मीडिया प्रभारी अमित टांक ने कहा कि जनभागीदारी से ही स्वच्छता अभियान सफल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हैं।

इस अवसर पर संजय चेतन राणा, सचिन पुंडीर, नरेश भारती, अश्वनी वाल्मीकि, अंकुर गहलौत सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हत्या

### 3 साल पहले दर्ज हुई थी दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट

## जमीन विवाद में दलित युवक की गोली मारकर हत्या,दूसरा घायल, डीएम-एसएसपी ने की टीमें गठित

बुलन्द संदेश ब्यूरो


फाइल फोटो मृतक अंकित



**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** थाना क्षेत्र के गांव खिताबपुर उर्फ खनुपुरा में रविवार सुबह जमीन के विवाद और पुरानी रंजिश को लेकर हुई फायरिंग में 22 वर्षीय दलित युवक अंकित पुत्र कल्लू की गोली लगने से मौत हो गई। वहीं, सुखवीर सिंह का बेटा आशीष गंभीर रूप से घायल है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरवाजे पर बैठे अंकित को लगी गोली सुबह जागने के बाद अंकित अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। इसी दौरान हुई फायरिंग में एक गोली उसके गले में लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आशीष के सिर में चोट आई है। पुलिस के अनुसार अभी यह साफ नहीं है कि आशीष को गोली लगी है या गिरने से चोट आई है।

ट्रैक्टर पर कहासुनी के बाद चली गोली गांव वालों के मुताबिक, सुखवीर सिंह ने कुछ साल पहले निखिल और उसके भाई विशाल के चाचा से जमीन खरीदी थी। बाद में विवाद के चलते जमीन वापस हो गई। इसी रंजिश के चलते रविवार सुबह आशीष जब ट्रैक्टर ट्रॉली से गोबर लेकर जा रहा था, तो रास्ते में निखिल और विशाल से उसकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद दोनों ने तमंचों से फायरिंग शुरू कर दी।

**3 साल पहले दर्ज हुई थी दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट**

ग्रामीणों का कहना है कि मृतक अंकित के बड़े भाई रोनू ने 3 साल पहले आरोपी निखिल और विशाल के खिलाफ दलित उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज कराई थी। तभी से दोनों पक्षों में रंजिश थी।

**नवंबर में होनी थी शादी**

अंकित घर में सबसे छोटा था। नवंबर में उसकी शादी होनी थी। संभल के एक गांव की युवती से रिश्ता तय था। अंकित मजदूरी करता था और उसे रील बनाने का शौक था।

**आरोपी फरार, घर पर ताला**

आरोपी निखिल और विशाल दोनों भाई फरार हैं। उनके माता-पिता का देहांत हो चुका है। दोनों अविवाहित हैं और घर पर ताला लगा है।

**डीएम-एसएसपी पहुंचे, भीम आर्मी ने किया विरोध**

सूचना मिलते ही डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसएसपी सतपाल अंतिल मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। एसएसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 4 टीमों का गठन किया है। गांव में भारी पुलिस बल तैनात है।

दलित युवक की हत्या पर भीम आर्मी नेता विनीत सिंह और जनम सिंह गांव पहुंचे। उन्होंने विरोध दर्ज कराते हुए आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## फोन पर बातचीत बनी विवाद की वजह, युवक की पिटाई से मचा हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चन्दौसी।** आवास विकास चौराहे पर शनिवार रात बहन से फोन पर बात करने के शक में एक युवक ने दूसरे युवक की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट में युवक घायल हो गया। घटना का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर चर्चा का विषय बना रहा। शनिवार रात करीब 10 बजे दोनों युवकों के बीच कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि एक युवक ने दूसरे पर अपनी बहन से फोन पर बात करने का आरोप लगाते हुए उसकी पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल युवक को कोतवाली ले आई।

देर रात दोनों पक्षों के परिजन और समाज के संभ्रांत लोग भी कोतवाली पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में वार्ता के बाद दोनों पक्षों में आपसी सहमति से समझौता हो गया।

# रक्तदान सबसे बड़ा दान: डॉ.प्रशांत वार्ष्णेय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर,पुरुषोत्तम माह में रोटरी क्लब सम्भल मिडटाउन द्वारा डॉ. सचिन सक्सेना मेमोरियल ब्लड बैंक, सम्भल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन

## विश्व रक्तदाता दिवस पर रोटरी क्लब सम्भल मिडटाउन ने लगाया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

डॉ प्रशांत वार्ष्णेय ने किया, और बताया शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराना है। इस शिविर में युवाओं, समाजसेवियों एवं क्लब सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर रोटेरियन गौरव वार्ष्णेय, रोटेरियन अमित गुप्ता, रोटेरियन अमन वार्ष्णेय, रोटेरियन पंकज ठाकुर ,रोटेरियन पराग आर्य ,रोटेरियन शिवांश अग्रवाल, इंजीनियर मुजक्किर राठौर ने रक्तदान कर मानव सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।






कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि "रक्तदान सबसे बड़ा दान है और यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है।" उन्होंने लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है तथा इससे किसी प्रकार की शारीरिक हानि नहीं होती। एक यूनिट रक्त कई मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है, इसलिए स्वैच्छिक रक्तदाताओं की भूमिका समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर क्लब सदस्य सुमित वार्ष्णेय के अब तक 45 बार रक्तदान करने की सराहना की गई। इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय उदाहरण बताया गया।

कार्यक्रम में , डॉ. उर्वशी वार्ष्णेय, डॉ ऋतु सक्सेना,क्विटी गंभीर,अवधेश वार्ष्णेय,सुमित अग्रवाल,प्रिय रत्न आर्य, , टिंकू टंडन, आलोक गुप्ता, प्रभात रस्तोगी, प्रियांशु वार्ष्णेय, , मनीष अग्रवाल, विशाल मोंगिया, आदि सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके सामाजिक योगदान की सराहना की गई। रोटरी क्लब सम्भल मिडटाउन ने भविष्य में भी रक्तदान एवं जन-जागरूकता अभियान निरंतर चलाने का संकल्प व्यक्त किया।

# पिकअप-बाइक की भिड़ंत में बाइक में लगी आग एक की मौत,दूसरे की हालत गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (दानिश अली)।** थाना नखासा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी सम्भल-हसनपुर मार्ग पर मिलक ककरुआ के पास पिकअप और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के तुरंत बाद बाइक में आग लग गई।

इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।



## पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, घायल को जिला अस्पताल में कराया भर्ती

घटना दहेपा पुलिस चौकी क्षेत्र की है,जहां पुलिस चौकी से लगभग 100 मीटर की दूरी पर यह दुर्घटना हुई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे और आमने-सामने की टक्कर के बाद बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान बाइक में अचानक आग भड़क उठी,जिससे स्थिति और भयावह हो गई।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत फायर ब्रिगेड व 108 एंबुलेंस को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायल युवक की पहचान सोनू पुत्र सतवीर निवासी मंगलपुरी,एन ब्लॉक,उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के रूप में हुई है। उसे 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजा गया,जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात बाधित रहा,जिसे पुलिस ने सुचारू कराया।थाना प्रभारी नखासा संजय कुमार ने बताया कि पिकअप चालक कार छोड़कर फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है और घटना सूचना मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और वे सम्भल पहुंच रहे हैं ।

# वैदिक संस्कृति का प्रतीक यज्ञोपवीत : आचार्य धर्मवीर आर्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** तहसील क्षेत्र के गांव कल्याणपुर में त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल कन्या गुरुकुल पर चल रहे राष्ट्रीय आर्य वीरांगना दल शिविर में आज बालिकाओं को योग एवं व्यायाम के साथ-साथ वैदिक संस्कृति का पाठ पढ़ाया गया। राष्ट्रीय आवर्धन के अध्यक्ष आचार्य धर्मवीर आर्य ने कहा यह जो पवित्र हमारे वैदिक संस्कृति का प्रतीक है जिसे सर्वप्रथम परमपिता परमात्मा मां के गर्भ में धारण कराता है. जिसका हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है यह मे हमारी आयु और तेज के बढ़ने वाला होता है. इसे तीन वर्णों को पहनने का अधिकार दिया जो व्यक्ति पढ़ने के बाद नहीं पढ़ पाता सीखाने के बाद भी नहीं सीख सकता उस व्यक्ति को यज्ञोपवीत पहनने का अधिकार नहीं होता यज्ञोपवित्र में तीन धागे होते हैं जो देव ऋण, पितृ ऋण और ऋषि ऋण के प्रतीक होते हैं। इनसे उऋण होने के लिए ईश्वर का ध्यान पंच महायज्ञ, माता-पिता जी आज्ञा का पालन एवं विद्या का प्रचार प्रसार करना होता है। शिविर संयोजक आर्य भोला सिंह त्यागी ने बताया इस चलने वाले सात दिवसीय के शिविर का समापन कल शाम 4:00 बजे माता राजकली देवी आर्ष कन्या गुरुकुल कल्याणपुर, रिठाली के परागण में किया जाएगा जिसमें बच्चों के सर्वांग सुंदरम व्यायाम, सूर्य नमस्कार, चंद्र नमस्कार, जुडो कराटे, डंबल, लेजियम, आसन, लाठी, सैनिक शिक्षा, पेरामिड का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा प्रदर्शन किया जिसमें आर्य जगत के स्वामी आत्मानंद जी महाराज, आचार्य दीपक शास्त्री महामंत्री राष्ट्रीय आर्य वीर दल मनोज कुमार जी शिक्षिका सोनिका आर्य, सुमेधा आर्य, भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह,निशा आर्य, पुष्पेंद्र आर्य स्वामी रामावतार पुरी मास्टर विजय सिंह श्रीमान संजय सिंह, आदि उपस्थित रहे।



# योग से स्वस्थ जीवन का संदेश, महिलाओं ने सीखे नए आसन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वीमेन पावर, वूमेन प्राइड एवं वूमेन एरा के संयुक्त तत्वावधान में विनायक गार्डन में चल रहे निःशुल्क योग शिविर के चौथे दिन महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए योग का प्रशिक्षण दिया गया।

योग प्रशिक्षिका अनुपम ने सूर्य नमस्कार के साथ बालासन, कपालभाति, पद्मासन, सुखासन और गोमुखासन का अभ्यास कराया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। महिलाओं में नए-नए आसन सीखने को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। इस दौरान डॉ. सुधा चौधरी, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी, शुभा अग्रवाल, अलका मंगलम सहित तीनों ग्रुपों की अध्यक्ष नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, अंजली चौधरी समेत अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।



## परिजनों ने दो बेटियों की शादी के लिए जुटाया था दहेज का सामान

# संभल में शादी की खुशियों पर आग का कहर लाखों का सामान जलकर राख

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (लायबा नूर)।** थाना क्षेत्र नखासा के रुकनुद्दीन सराय इलाके में देर रात एक शादी वाले घर में लगी भीषण आग ने खुशियों को मातम में बदल दिया। आग की चपेट में आकर नकदी,जेवरात,कपड़े और दो बेटियों की शादी के लिए जुटाया गया दहेज का सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार ने लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई है।

पीड़िता खुशीदा ने बताया कि परिवार के सभी लोग एक दावत में शामिल होने गए हुए थे। देर रात जब वे वापस लौटे तो घर से धुआं और आग की तेज लपटें उठती दिखाई दीं।जब तक कुछ समझ पाते, आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया परिवार के अनुसार चार महीने बाद उनकी दो बेटियों,फिजा और गौसिया की शादी होनी थी। इसके लिए वर्षों से धीरे-धीरे नकदी,जेवरात और घरेलू सामान इकट्ठा किया गया था, जो एक ही रात में खत्म हो गया। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद करते हुए तीन-चार समरसेबल चलाकर आग बुझाने का प्रयास किया।सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।



पूर्व प्रधान मौहम्मद आसिफ ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। राजस्व विभाग की टीम और लेखपाल ने मौके का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है।पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके इस परिवार को शीघ्र मुआवजा दिया जाए,ताकि बेटियों की शादी की तैयारियां फिर से शुरू हो सकें।

# पीएम आवास योजना में सुविधा शुल्क के आरोपों पर भड़कीं राज्यमंत्री गुलाब देवी, कहा-शिकायत मिली तो होगा तत्काल एक्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (शाहवेज खान)।** प्रधानमंत्री आवास योजना में सुविधा शुल्क लिए जाने के आरोपों पर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि कहीं भी अनियमितता या भ्रष्टाचार की शिकायत मिलती है तो उसकी जांच कराकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी को तत्काल निलंबित कराया जाएगा।




राज्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों की इतनी हिम्मत नहीं है कि वे किसी योजना में सेंध लगा सकें। यदि कहीं कोई गड़बड़ी हुई है तो उसके ठोस प्रमाण सामने लाए जाएं। बिना साक्ष्य के किसी भी प्रकार का आरोप लगाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और भविष्य में भी ऐसी शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

विपक्ष के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए गुलाब देवी ने कहा कि किसी भी दुकान पर वही सामान बिकता है जो वहां मौजूद होता है और दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की इतनी उपलब्धियां हैं कि उन्हीं की चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आगे बढ़ रहा है और देश विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास और सुशासन के क्षेत्र में आदर्श प्रदेश बनकर उभरा है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है और भ्रष्टाचार करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# थाना प्रभारी संजय कुमार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (लायबा नूर)।** थाना नखासा में थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना प्रभारी संजय कुमार की अध्यक्षता में किया गया।समाधान दिवस के दौरान दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं।

थाना प्रभारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

समाधान दिवस में मुख्य रूप से भूमि विवाद,रास्ता अवरोध,चकबंदी और आपसी विवादों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं।

थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर शिकायत का निष्पक्ष और शीघ्र समाधान कराया जाएगा,ताकि लोगों को थाने और तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।इस दौरान थाना प्रभारी संजय कुमार,वरिष्ठ उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार,उप निरीक्षक राजकुमार त्यागी तथा रिठाली चौकी प्रभारी रविन्द्र कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं राजस्व एवं चकबंदी विभाग की ओर से कानूनगो,लेखराज,महेंद्र सिंह तथा लेखपाल मोनू, सचिन,अजय कुमार,सतेंद्र और अरविंद कुमार भी उपस्थित रहे।अधिकारियों ने मौके पर कुछ शिकायतों का निस्तारण कर फरियादियों को राहत दी,जबकि शेष मामलों के लिए जांच कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।थाना समाधान दिवस में अधिकारियों की सक्रियता से फरियादियों को उम्मीद जगी कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। प्रशासन ने भी स्पष्ट किया कि जनसुनवाई कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा।




# कांग्रेस नेता से मांगी रंगदारी" 50 हजार रुपये भी वसूले"आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** गलशहीद थाना क्षेत्र के संभली गेट तबाकियान निवासी कांग्रेस नेता सगीर सईद खान ने रंगदारी मांगने और 50 हजार रुपये वसूलने का आरोप लगाते हुए मो. वासित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कांग्रेस नेता का आरोप है कि रकम नहीं देने पर आरोपी ने उन्हें और उनकी बेटी को जान से मारने की धमकी दी है। कांग्रेस नेता ने गलशहीद थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह कांग्रेस से नगर निगम में मेयर प्रत्याशी और महानगर विधानसभा सीट से प्रत्याशी भी रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि गलशहीद के असालतपुरा निवासी मो. वासित ने उनकी बेटी से शादी करने के लिए प्रस्ताव भेजा था। सगीर सईद खान ने बताया कि मो. वासित मझोला में एक हत्या के मामले में आरोपी है। इसके अलावा कई और भी मुकदमे हैं। इस लिए उन्होंने अपनी बेटी की शादी उससे करने से इन्कार कर दिया था।सगीर सईद खान ने बताया कि एक दिन वह अपने साथी के साथ बाजार जा रहे थे। इसी दौरान काला प्यादा चौराहे के पास आरोपी मो. वासित मिल गया और जान से मारने की धमकी देते हुए रंगदारी मांगी। जिसके डर से आरोपी को 50 हजार रुपये भी दे दिए हैं। अब आरोपी और रकम मांग कर रहा है। रकम नहीं देने पर बाप बेटी की हत्या की धमकी दी है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह के अनुसार रिपोर्ट दर्ज की गई है।




# 27 साल बाद बना दुर्लभ संयोग, सोमवती अमावस्या पर अमृत व सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ प्रभाव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** सोमवार, 15 जून को पड़ने वाली सोमवती अमावस्या इस बार विशेष धार्मिक महत्व लेकर आ रही है। श्रीमद्भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा के अनुसार 27 वर्ष बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बन रहा है, जब अधिकमास की सोमवती अमावस्या अमृत सिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि योग के प्रभाव में होगी। इससे पूर्व ऐसा संयोग वर्ष 1999 में बना था। आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा ने बताया कि इस दिन स्नान, दान, जप, तप, पितृ तर्पण और भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व है। गंगाजल मिश्रित जल से स्नान कर शिवलिंग का जलाभिषेक, पीपल वृक्ष की पूजा तथा दीपदान करने से शुभ फल प्राप्त होता है। विवाहित महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना करती हैं।



उन्होंने कहा कि अमृत सिद्धि और सर्वार्थ सिद्धि योग में अन्न, वस्त्र, फल, जल, छाता एवं जरूरतमंदों को उपयोगी सामग्री का दान अत्यंत फलदायी माना गया है। वहीं पितरों की शांति के लिए तर्पण और श्राद्ध कर्म करने से पितृ दोषों से मुक्ति मिलने की मान्यता है।

## हौसले बुलंद — सड़क पर जमा मिट्टी से हो रहे है आये दिन हादसा

# अवैध खनन कारोबारियों ने,काली सड़क को मिट्टी में किया तब्दील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (मुईनुद्दीन हसन)।** अवैध रूप खनन करने वालों पर नहीं चल रहा प्रशासन का हंटर,इसी के चलते हो रहे है हौसले बुलंद। अवैध खनन करने वालों को नही है प्रशासन का खौफ

## आटा पंवासा मार्ग, नगलिया बल्लू गांव के पास का है मामला

लगातार कर रहे है अवैध खनन पूरा मामला आटा पंवासा मार्ग का जहां नगलिया बल्लू गांव के नजदीक खनन का बडे पैमाने पर अवैध रूप से किया जा रहा,खनन लगभग 15फिट गहराई से किया जा रहा जिसके चलते कभी भी हो सकता है हादसा।

**राहगीरों के जीवन से किया जा रहा है खिलवाड़**

बेहतरीन काली सड़क को खनन करने वालों ने उसे मिट्टी में तब्दील कर दिया है जिससे वहां से गुजरने वाले वाहन आये दिन फिसल कर गिर जाते है और घायल हो जाये है पूर्व में एक बाइक सवार की गिरने से उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया है, आये दिन यहा पर घटनाएं होती रहती है परन्तु इन सब को देखने वाला कोई नहीं ग्रामीणों का आरोप है कि खनन करने वाले अपने ट्रेक्टरों को तेज रफ्तार में चलाते है जिससे हर समय घटना का भय वना रहता है।





जहां से यह अवैध खनन करने वाले मिट्टी उठा रहे है वहां के पड़ोसी खेत वाले हमेशा भयभीत रहते है उन्हें हमेशा यह डर रहता है कि कही धोके से हमारा वाहन या व्यक्ति, बच्चा आदि इस मे गिर ना जाए क्यों खनन करने वालों ने 15फिट से ज्यादा गहराई से मिट्टी उठाई है नीचे गिरने के बाद ईश्वर ही मालिक है।

**सबसे बडा और खास सवाल**

आखिर इतना सब होते हुए भी किसी अधिकारी को इसकी जानकारी नहीं जबकि उस रोड से आये दिन अधिकारी गुजरते हैं अवैध खनन कारोबारियों के हौंसले इस लिए बुलंद हैं क्योंकि उन पर कार्रवाई नही हो रही यह खनन आज से नही हो रहा बर्षो से चल रहा है अवैध खनन।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से 6 साल की मासूम गंभीर रूप घायल हायर सेंटर रेफर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (लल्ला सलमानी)।** गुन्नौर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया,जहां सड़क पार कर रही 6 वर्षीय मासूम को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। राहत की बात यह रही कि कार चालक मौके से फरार नहीं हुआ,बल्कि उसने मानवता दिखाते हुए घायल बच्ची को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार,हिमायूपुर गांव निवासी चन्द्रसैन की पुत्री राधा (6 वर्ष) घर के पास सड़क पार कर रही थी। तभी अचानक तेज गति से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार चालक ने जिम्मेदारी दिखाते हुए तुरंत परिजनों की मदद से घायल बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गुन्नौर में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और चालक को हिरासत में ले लिया।सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बच्ची की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



वहीं,जिला अस्पताल में भी हालत में सुधार न होने पर उसे हायर सेंटर भेजा गया है,जहां उसका इलाज जारी है।घायल बच्ची की मां रिक्की ने बताया कि उनके चार बच्चे हैं, जिनमें राधा दूसरे नंबर की है।परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है।बताया जा रहा है कि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

# डंपर ने बाइक में मारी टक्कर तीन घायल : पुलिस ने डंपर को कब्जे में लिया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** रविवार की दोपहर करीब 1 बजे ग्राम समदगढ़ डीएम पब्लिक जूनियर हाई स्कूल के पास सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्या UP20AL0459 जिस पर.सोहेल पुत्र अकरम उम्र 30 वर्ष अर्श पुत्र इदरीश उम्र 17 वर्ष निवासी गण सलेमपुर थाना कांठ नवील पुत्र हनीफ निवासी सहसपुर थाना स्योहारा बिजनौर उम्र 17 वर्ष को ग्राम सलेमपुर में मिट्टी डालकर वापस आ रहा डंपर नंबर UP20AT 7420 के चालक ने पीछे से साइड मार दी जिस से उपरोक्त तीनों के चोटे आई है सभी को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी कांठ भिजवाया गया है । पुलिस ने डंपर को कब्जा कब्जे में ले लिया है।




# शिकायतों पर सोते रहे मंडी सचिव,चोक नाले ने मंडी को बनाया तालाब

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा ( मोइनुद्दीन)।** कृषि उत्पादन मंडी समिति स्थित फल एवं सब्जी मंडी में जलनिकासी व्यवस्था पूरी तरह चरमराने से व्यापारियों में भारी नाराजगी है। मंडी क्षेत्र के पीछे स्थित मुख्य नाले के महीनों से चोक पड़े होने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। व्यापारियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत और ज्ञापन देने के बाद भी मंडी प्रशासन एवं मंडी सचिव ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की, जिसके चलते मामूली बारिश में ही मंडी परिसर तालाब में तब्दील हो जाता है।

- शिकायतों के ढेर में दबा मंडी प्रशासन, चोक नाले से जलभराव ने बढ़ाई व्यापारियों की मुसीबत
- नाले की सफाई तक नहीं करा सके मंडी सचिव, व्यापारियों का फूटा गुस्सा

व्यापारियों के अनुसार नाले में पॉलीथिन, कूड़ा-कचरा और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जलनिकासी बाधित होने से मंडी परिसर में दो से तीन फीट तक पानी भर जाता है, जिससे कारोबार प्रभावित होता है और हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। जलभराव के कारण ग्राहकों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है।

फल एवं सब्जी और अनाज मंडी एसोसिएशन का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है। पिछले कई महीनों से लगातार शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन मंडी सचिव और संबंधित अधिकारियों ने केवल आश्वासन दिए, धरातल पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। व्यापारियों का आरोप है कि यदि समय रहते नालों की सफाई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती तो हालात इतने खराब नहीं होते।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि जलभराव का गंदा पानी हाईवे तक पहुंच जाता है, जिससे सड़क हादसों का खतरा बढ़ रहा है। साथ ही संक्रमण और बीमारियों के फैलने की आशंका भी बनी हुई है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।





**पूर्व का विवरण**

मंडी क्षेत्र में जलनिकासी की समस्या को लेकर पहले भी कई बार शिकायतें सामने आ चुकी हैं। व्यापारियों द्वारा नगर निगम, मंडी प्रशासन और हेल्पलाइन तक शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन हालात में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। हर बरसात में जलभराव की समस्या दोहराई जाती है, जिससे मंडी प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि समस्या पुरानी होने के बावजूद मंडी सचिव स्तर पर प्रभावी निगरानी और स्थायी समाधान की दिशा में अपेक्षित प्रयास नहीं किए गए।

# मथुरा में भ्रष्टाचार पर एसएसपी का शिकंजा, चौकी प्रभारी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** धार्मिक नगरी मथुरा में पुलिस और अपराधियों की कथित सांठगांठ से चल रहे अवैध वसूली नेटवर्क का पदार्फाश हुआ है। जैंत थाना क्षेत्र की चारधाम पुलिस चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी शशांक कौशिक को व्यापारियों और पटरी दुकानदारों से अवैध वसूली कराने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में शामिल दो हिस्ट्रीशीटर अपराधियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।मामले का खुलासा उस समय हुआ जब छटीकरा निवासी मनोज गौतम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार से शिकायत कर आरोप लगाया कि चौकी प्रभारी शशांक कौशिक अलीगढ़ के इगलास क्षेत्र के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर रोहतास और छोटू सोलंकी के साथ मिलकर क्षेत्र में वसूली का संगठित रैकेट चला रहे हैं। आरोप है कि सड़क किनारे दुकान लगाने वाले व्यापारियों से नियमित रूप से रकम वसूली जाती थी और अवैध पार्किंग संचालन को भी संरक्षण दिया जा रहा था। शिकायत मिलने के बाद एसएसपी श्लोक कुमार ने मामले की गोपनीय जांच कराई। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर थाना जैंत में भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(2), 351(3) तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-7 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी चौकी प्रभारी को गिरफ्तार कर लिया।

**वसूली गैंग के दो साथी 25-25 हजार के इनामी घोषित**



हालांकि वसूली नेटवर्क में शामिल बताए जा रहे रोहतास और छोटू सोलंकी अभी फरार हैं। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं।

एसएसपी ने उनकी गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित करते हुए जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने स्पष्ट कहा कि पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार और अपराधियों से गठजोड़ करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। दोषी पाए गए पुलिसकर्मियों के खिलाफ न केवल कानूनी कार्रवाई होगी बल्कि विभागीय स्तर पर भी कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सीआरपीएफ जवानों ने किया रक्तदान,मानवता और राष्ट्रसेवा का दिया संदेश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 16वीं बटालियन द्वारा रविवार को गणेशरा स्थित कैंप परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कमांडेंट नितिन कुमार के मार्गदर्शन में यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, आगरा के सहयोग से किया गया। इसमें जवानों और उनके परिजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

शिविर के दौरान रक्तदान के साथ-साथ आगंतुकों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने रैंडम ब्लड शुगर जांच, रक्तचाप परीक्षण, ईसीजी जांच, चिकित्सीय परामर्श तथा आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण किया। अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने सभी स्वास्थ्य सेवाएं और रक्तदान प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई।

अधिकारियों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना तथा बल कर्मियों एवं उनके परिवारजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। बड़ी संख्या में जवानों और उनके परिजनों ने रक्तदान कर मानवता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी जयप्रकाश सिंह, राजेश्वर सिंह यादव, उप कमांडेंट रोहित त्रिपाठी, सहायक कमांडेंट लोकेश चौधरी, राकेश कुमार एवं अनंत हंस सहित अन्य अधिकारियों, जवानों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सीआरपीएफ अधिकारियों ने कहा कि देश की सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी बल की सक्रिय भागीदारी समाज के प्रति उसकी जिम्मेदारी को दर्शाती है। रक्तदान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान देने का संदेश भी दिया गया।






# प्रदेश में "निपुण संकल्प कार्यशालाएं" आयोजित होगी शिक्षा गुणवत्ता सुधार की बनेगी रणनीति

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** प्रदेश सरकार आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) को मजबूत करने के लिए जुलाई में प्रदेश में निपुण संकल्प कार्यशालाओं का आयोजन करेगी । 6 से 31 जुलाई तक प्रदेश के 33 केंद्रों पर आयोजित होने वाली इन कार्यशालाओं में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, शैक्षणिक विशेषज्ञ और जिला स्तरीय टीमें भाग लेंगी। प्रदेश के 33 केंद्रों पर जुटेंगे शिक्षा अधिकारी, कक्षा 3 से 5 तक निपुण विस्तार पर रहेगा फोकस, निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों में भाषा और गणितीय दक्षताओं के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। बच्चों में सीखने क्षमता बढ़ेगी। कार्यशालाओं के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रभावी रणनीति तैयार की जाएगी तथा प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने का रोडमैप बनाया जाएगा।

कार्यशालाओं में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, डायट प्राचार्य, एआरपी, एसआरजी, मेंटर और जिला समन्वयक भाग लेंगे। निपुण विद्यालय लक्ष्य, निपुण 2.0, बालवाटिका संचालन, डेटा आधारित अनुश्रवण और विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार जैसे विषयों पर मंथन होगा।

इसके अलावा परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर सीखने के परिणामों में सुधार की रणनीति बनाई जाएगी। कक्षा 3 से 5 तक लक्ष्य आधारित शिक्षण, कैच-अप कार्यक्रम, शिक्षक संदर्शिका आधारित शिक्षण और विद्यालय स्तर पर वार्षिक लक्ष्य निर्धारण पर भी चर्चा होगी।

# आईओपी कॉलेज वृंदावन में छात्रों के साथ मनमानी का आरोप पूर्वी अग्रवाल बोलीं-प्रिंसिपल गायब, शिकायत पर मिला अपमान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा/वृंदावन (मोइनुद्दीन)।** वृंदावन निवासी एलएलबी प्रथम वर्ष की छात्रा पूर्वी अग्रवाल ने वृंदावन स्थित आईओपी कॉलेज के परीक्षा केंद्र पर गंभीर आरोप लगाते हुए कॉलेज प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। छात्रा का आरोप है कि परीक्षा केंद्र पर अव्यवस्था, मनमानी और छात्रों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जिससे कई छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है।

**लॉ परीक्षा केंद्र पर बवाल: छात्रा ने लगाए गंभीर आरोप, देरी बनी बहाना, परीक्षा से किया बाहर**

पूर्वी अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा के दिन कुछ छात्र-छात्राएं निर्धारित समय से करीब 15 से 20 मिनट की देरी से परीक्षा केंद्र पहुंचे थे। उनका आरोप है कि कॉलेज प्रशासन ने बिना किसी मानवीय दृष्टिकोण के उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश देने से इनकार कर दिया। छात्रों ने काफी अनुरोध किया, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी।

छात्रा पूर्वी अग्रवाल का कहना है कि सबसे हैरानी की बात यह रही कि परीक्षा के दौरान कॉलेज के प्राचार्य मौके पर मौजूद नहीं थे। प्राचार्य कक्ष बंद मिला और कोई वरिष्ठ अधिकारी भी छात्रों की शिकायत सुनने के लिए उपलब्ध नहीं था। इससे छात्रों में भारी नाराजगी फैल गई।



पूर्वी अग्रवाल ने आरोप लगाया कि जब छात्र-छात्राओं ने अपनी समस्या रखने का प्रयास किया तो कॉलेज की एक महिला कर्मचारी, सरला, ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। छात्रा का दावा है कि बातचीत के दौरान धक्का-मुक्की जैसी स्थिति भी उत्पन्न हुई। इससे छात्राएं खुद को अपमानित और असुरक्षित महसूस करने लगीं।छात्रों का कहना है कि परीक्षा केंद्र पर मौजूद कुछ कर्मचारियों और शिक्षकों का व्यवहार भी सहयोगात्मक नहीं था। उनकी शिकायत है कि समस्या का समाधान निकालने के बजाय छात्रों पर दबाव बनाया गया और उन्हें वहां से हटाने का प्रयास किया गया।

मामले के बाद कई सवाल खड़े हो गए हैं। यदि परीक्षा चल रही थी तो केंद्राध्यक्ष और प्राचार्य कहां थे? छात्रों को परीक्षा से वंचित करने का निर्णय किसके आदेश पर लिया गया? छात्रा पूर्वी अग्रवाल द्वारा लगाए गए अभद्रता और दुर्व्यवहार के आरोपों की जांच कौन करेगा? और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों पर क्या कार्रवाई होगी?

घटना को लेकर छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि शिक्षा संस्थानों का उद्देश्य छात्रों का भविष्य बनाना है, लेकिन यदि परीक्षा केंद्रों पर इसी प्रकार का रवैया अपनाया जाएगा तो छात्रों का विश्वास शिक्षा व्यवस्था से उठ जाएगा।

अब सभी की निगाहें विश्वविद्यालय प्रशासन और उच्च शिक्षा विभाग पर टिकी हैं। छात्र निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं ताकि पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने आ सके और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई हो सके।कॉलेज प्रशासन का पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका।

# एनवायरमेंट क्लब ने घंटाघर/ टाउनहॉल में चलाया स्वच्छता अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ ।** आज एनवायरमेंट क्लब द्वारा अपनी स्वच्छवार पहल के तहत घंटाघर के आसपास व टाउनहॉल में वृहद् स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसकी शुरूआत एसपी सिटी ऑफिस के बाहर से हुई और घंटाघर रोड़ होते हुए खैरनगर चौराहे तक, रोड़ के दोनों ओर सफाई की गई।

क्लब टीम ने मुख्य रूप से प्लास्टिक कूड़ा साफ किया और उसे रिसाइक्लिंग हेतु एकत्रित किया। क्लब संस्थापक सावन कनौजिया ने बताया कि क्लब द्वारा रविवार को मेरठ के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान स्वच्छवार के रूप में मनाया जाता है।

बताया कि टीम ने राहगीरों व दुकानदारों/ठेले वालों से अपील की कि कपड़े के थैले प्रयोग करने पर जोर दें, प्लास्टिक का उपयोग कम से कम या ना ही करें।



क्लब की युवा टीम ने टाउनहॉल में भी सफाई की और आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। युवाओं ने प्लास्टिक के ढक्कन, पन्नी, बोतल, चिप्स के पैकेट आदि साफ किए। स्वच्छता अभियान के अंत में घंटाघर के पास सभी ने स्वच्छता की शपथ ली। एकत्रित हुए करीब 50 किलो प्लास्टिक कचरे को रिसाइक्लिंग हेतु नगर निगम मेरठ को सौंपा गया।

आज के कार्यक्रम में क्लब कार्यक्रम समन्वयक अभिषेक पालीवाल, सचिन, आकाश, सितांशु, शौर्य, दिव्यांश, कबीर, कुशाल, दीपांशी, उदय, शिवम, ध्रुव, कीर्ति, पीयूष, अभिषेक, मनस्वी, सौरभ, वंश, अनमोल, दिव्या, यश, दीपक, इशिका, कार्तिक, सावन आदि मौजूद रहे।

# ग्राम कुरकावली में तीन दिन से अंधेरे में डूबे ग्रामीण पानी को भी तरस रहे सैकड़ों परिवार, जिम्मेदारों की बड़ी लापरवाही आई सामने

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सम्भल (लायबा नूर)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम कुरकावली में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। बिजली संकट ने हालात इतने गंभीर कर दिए हैं कि अब पेयजल की समस्या विकराल रूप ले चुकी है।सैकड़ों परिवार बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

बिजली न होने से गांव की पेयजल योजना पूरी तरह ठप पड़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो दिनों से पानी की टंकी से सप्लाई नहीं हो रही,जिससे घरों में पानी का भारी संकट खड़ा हो गया है। भीषण गर्मी के बीच महिलाएं और बच्चे गली-गली पानी की तलाश में भटकने को मजबूर हैं।ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।विभाग के त्वरित समाधान के दावे यहां पूरी तरह फेल नजर आ रहे हैं। बिजली न होने से मोबाइल चार्जिंग,पंखे और अन्य जरूरी उपकरण भी बंद पड़े हैं,जिससे दैनिक जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है ग्राम प्रधान पति लाखन सिंह ने बताया कि गांव में बिजली की समस्या लगातार बनी हुई है और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



उन्होंने कहा कि एक ढोल (ट्रांसफार्मर/उपकरण) लगाया गया था,लेकिन वह भी सही से काम नहीं कर रहा है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई,तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# रंजिश में फिर भड़की हिंसा! बाइक सवार युवकों पर फायरिंग का आरोप, घटनास्थल से मिले दो खोखे

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** राया थाना राया क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। सादाबाद मार्ग स्थित एक गांव के निकट बाइक सवार तीन युवकों पर कार सवार लोगों द्वारा फायरिंग किए जाने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से दो कारतूसों के खोखे बरामद किए हैं, जबकि फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

**सीओ महावन संजीव राय बोले- हर पहलू की जांच जारी**

पीड़ित युवक छोटू ने बताया कि वह अपने साथी चिराग और अंकित के साथ सादाबाद रोड स्थित जिम से व्यायाम कर घर लौट रहा था। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। आरोप है कि रास्ते में पीछे से आई काले रंग की स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि स्कॉर्पियो से उतरे युवकों ने उन्हें घेर लिया और जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुए हमले से घबराए तीनों युवक किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। पीड़ितों ने अजय नामक युवक समेत तीन-चार अन्य लोगों को हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में कुछ समय पहले खनन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई थी। उस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा था। हाल ही में जेल से रिहा होने के बाद दोनों पक्षों के बीच फिर से तनाव बढ़ने की चर्चा है। ऐसे में ताजा घटना को भी उसी विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी महावन संजीव राय, थाना राया पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और पीड़ितों की निशानदेही पर दो कारतूसों के खोखे बरामद किए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि घटना की वास्तविकता सामने आ सके।






**सीओ महावन संजीव राय का वर्जन**

क्षेत्राधिकारी महावन संजीव राय ने बताया कि अभी तक मामले में कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी तथ्यों की गंभीरता से जांच कर रही है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी पहलुओं का परीक्षण कराया जा रहा है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

एक माह के भीतर क्षेत्र में गोलीबारी की दूसरी घटना सामने आने से ग्रामीणों में भय का माहौल है। लोग पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग कर रहे हैं।

## मुठभेड़ — जवाबी कार्रवाई में घायल; 88 हजार नकद और स्कॉर्पियो बरामद

# में दबोचे गए ट्रांसफार्मर चोर गिरोह के दो बदमाश: पुलिस पर की फायरिंग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चौमुहाँ मथुरा (मोइनुद्दीन)।** थाना जैत पुलिस, सर्विलांस टीम और रिवार्ड टीम की संयुक्त कार्रवाई में ट्रांसफार्मर एवं बिजली लाइन के तार चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पर फायरिंग करने वाले दोनों बदमाश जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल हो गए। उनके कब्जे से 88 हजार रुपये नकद, दो अवैध तमंचे, कारतूस, एक स्कॉर्पियो कार तथा चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात करीब 11:05 बजे सूचना मिली थी कि ट्रांसफार्मर और बिजली के तार चोरी करने वाले बदमाश सफेद रंग की स्कॉर्पियो से देवी आटस रोड होते हुए रामताल रोड की ओर जा रहे हैं और किसी नई वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही थाना जैत प्रभारी निरीक्षक सोनू कुमार के नेतृत्व में पुलिस, सर्विलांस और रिवार्ड टीम ने बंबा मार्ग पर घेराबंदी कर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। पुलिस ने संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वाहन सवार बदमाशों ने कार को सड़क से उतारकर खेत की ओर मोड़ दिया। भागने के प्रयास में स्कॉर्पियो खेत में फंस गई। खुद को चारों ओर से घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।पुलिस ने आत्मरक्षा में नियंत्रित जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी और वे घायल होकर मौके पर ही दबोच लिए गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिल उर्फ पुष्पेंद्र (28) निवासी ग्राम कोटरा भदान, थाना नगला खंगर, जनपद फिरोजाबाद तथा योगेश उर्फ टीपू (29) निवासी लवकुश नगर, थाना लाइनपार, जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई है।



तलाशी के दौरान अनिल के कब्जे से 45,500 रुपये तथा योगेश के पास से 42,500 रुपये नकद बरामद हुए।

इसके अलावा दोनों आरोपियों के पास से दो तमंचे, चार जीवित कारतूस और तीन खोखा कारतूस भी मिले। पुलिस ने उनकी स्कॉर्पियो की तलाशी ली तो उसमें चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद हुए, जिनमें दो नंबर प्लेट, रस्सा, पाना रिंच, लोहे की रॉड, ट्रांसफार्मर कॉयल में प्रयुक्त गत्ते की शीट और नट-बोल्ट शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दिन के समय मोटरसाइकिल से ग्रामीण क्षेत्रों में घूमकर किसानों के ट्यूबवेल और ट्रांसफार्मरों की रेकी करते थे। इसके बाद रात के समय कार से पहुंचकर ट्रांसफार्मर खोलकर उसमें मौजूद कीमती सामान चोरी कर लेते थे। विरोध होने पर हथियारों का इस्तेमाल करने से भी नहीं हिचकते थे।घायल दोनों बदमाशों को उपचार के लिए सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय वृंदावन में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उनके खिलाफ पुलिस पर जानलेवा हमला, अवैध हथियार रखने और अन्य गंभीर धाराओं में नया मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है। उनके खिलाफ मथुरा और फिरोजाबाद के विभिन्न थानों में चोरी, विद्युत अधिनियम, मारपीट और अन्य आपराधिक मामलों के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश और उनके द्वारा की गई अन्य वारदातों की जांच में जुटी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सोनू कुमार ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक निधि से बनेगा आतंयुष चिकित्सालय का कमरा, टीम ने किया स्थल निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बिलारी।** विधायक निधि से बनने वाले आयुष चिकित्सालय के अस्थाई कमरे के लिए सोमवार को स्थल का निरीक्षण किया गया।

नागरिक परिषद के संरक्षक डॉ. राकेश रफीक, सभासद राकेश यादव और संयोजक डॉ. जितेंद्र दक्ष ठेकेदार के साथ मौके पर पहुंचे और पैमाइश कर स्थान का निर्धारण किया।

**13 जून को हुई थी घोषणा**

बता दें कि 13 जून को बाबा लक्ष्मण दास की मणि पर आयुष चिकित्सा शिविर के उद्घाटन के दौरान बिलारी विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने घोषणा की थी कि विधायक निधि से एक कमरा तैयार कर अस्थाई रूप से आयुष चिकित्सालय चलाया जाएगा। इसी क्रम में आज टीम ने स्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी की है। कमरा बनने के बाद यहां नियमित रूप से आयुष चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी।

# सैलून कर्मियों के हक में उठी आवाज, लियाकत सलमानी बोले-शोषण बर्दाश्त नहीं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** सलमानी समाज के रहबर और समाजसेवी लियाकत सलमानी ने सैलून में काम करने वाले समाज के लोगों के पारिश्रमिक में बढ़ोतरी की मांग उठाई है। उन्होंने दुकानदारों पर सैलून कर्मियों का लगातार शोषण करने का आरोप लगाया।

लियाकत सलमानी ने फोन पर बताया कि सलमानी समाज के लोग सैलून की दुकानों पर सुबह से देर रात तक कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन उनकी मेहनत का सही मेहनताना नहीं मिल पाता। सैलून कर्मी भी घर-गृहस्थी वाले हैं। बच्चों की पढ़ाई, दवाई, मकान का किराया, बिजली-पानी, राशन जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**"हक के लिए आवाज उठाओ"**

लियाकत सलमानी ने समाज के लोगों, खासकर युवाओं से अपील की कि अपने हक के लिए आवाज उठाएं। उन्होंने कहा, "किसी को शोषण बर्दाश्त करने की जरूरत नहीं है। कोई भी समाज तब तक तरक्की नहीं कर सकता जब तक समाज के लोग एकजुट न हों।"




**"तुम साथ दो, मैं शोषण से मुक्ति दिलाऊंगा"**

समाज के लोगों का आह्वान करते हुए लियाकत सलमानी ने कहा कि वह समाज के लोगों की आवाज बनने को तैयार हैं, बस उन्हें समाज का साथ चाहिए। "तुम मेरा साथ दो, मैं तुम्हें शोषण से मुक्ति दिलाऊंगा", उन्होंने भरोसा दिलाया।

लियाकत सलमानी की इस अपील के बाद कुन्दरकी क्षेत्र के सैलून कर्मियों में अपने हक को लेकर नई उम्मीद जगी है।

# घर से दो नाबालिग बहनें लापता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** नगर के एक मौहल्ले से 9 जून को दो नाबालिग बहनें घर से लापता हो गईं। पिता ने थाना कुन्दरकी में गुमशुदगी दर्ज कराई है । पुलिस ने दोनों बहनों की तलाश शुरू कर दी है। बीती 9 जून की दोपहर को वाशरूम से लौटने पर दोनों बेटियां घर पर नहीं मिलीं। रिश्तेदारी और आसपास तलाश के बाद भी पता न चलने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# घर में घुसकर महिला से मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** ग्राम स्योंडारा निवासी ममता पत्नी झम्मन ने जेठ नरेश, जेठानी सीमा और उनकी तीन बेटियों अनीता, गीता, पूजा पर घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया। ममता का कहना है कि मोहल्ले वालों ने बचाया वरना आरोपी जान से मार देते। घटना का गवाह विक्की है। पीड़िता ने थाना बिलारी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस जांच में जुटी है।

# घर में घुसकर युवक से मारपीट, दी जान से मारने की धमकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी) ।** थाना सोनकपुर क्षेत्र के ग्राम अभनपुर नरौली में घर में घुसकर मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है।

**क्या है मामला**

ग्राम अभनपुर नरौली निवासी सुखवीर पुत्र चम्पत ने थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि 8 जून की शाम करीब साढ़े आठ बजे वह घर पर थे। तभी पड़ोसी मनोज पुत्र रोहतास और रोहतास पुत्र राजा घर में आ गए और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर दोनों ने लाठी-डंडों और लात-घूसों से सुखवीर को बुरी तरह मारा-पीटा। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित सुखवीर ने थाना सोनकपुर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शिक्षकों को जल्द मिलेगा "कैशलेस चिकित्सा कार्ड"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश के शिक्षकों और शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारियों को जल्द ही कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलने जा रही है।

मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना लागू होने से पहले परीक्षण के अंतिम चरण में पहुंच गई है। हर वर्ष पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में करा सकेंगे। इस योजना के अंतर्गत अब तक मुरादाबाद के हजारों शिक्षकों ने रजिस्ट्रेशन भी करा दिया है।




# 16 जून से "अब स्कूलों में बनेगा मिड-डे मील"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील एवं जनपद के परिषदीय स्कूलों में 16 जून से नया शैक्षिक सत्र शुरू होने के साथ ही मध्याभोजन (मिड-डे मील) विद्यालय स्तर पर ही तैयार किया जाएगा।

संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी करने के निर्देश जारी किए गए हैं।बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार, इससे पहले नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में स्वयंसेवी संस्थाओं के स्थान पर स्कूल स्तर पर भोजन बनवाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन तैयारियां पूरी नहीं हो पाई थीं।इस वजह से 20 मई 2026 तक स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से भोजन व्यवस्था जारी रखी गई थी। बीएसए अमित सिंह ने बताया कि अब 16 जून से स्कूल खुलने जा रहे हैं।ऐसे में सभी स्कूलों में बच्चों के लिए मिड-डे मील की व्यवस्था ही सुनिश्चित करनी होगी। मध्याह्न भोजन निधि खाते में उपलब्ध धनराशि से बर्तन, गैस चूल्हा, सिलिंडर, तेल, मसाले और अन्य आवश्यक सामग्री की खरीद की जाएगी।बीएसए अमित सिंह ने बताया कि छात्र संख्या के आधार पर रसोइयों का चयन भी किया जाएगा। एक से 25 बच्चों तक एक




रसोइया, 26 से 100 तक दो, 101 से 200 तक तीन, 201 से 300 तक चार और 301 से 1000 तक पांच रसोइयों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बीईओ (खंड शिक्षाअधिकारी) को निर्देश दिया कि 16 जून से किसी भी विद्यालय में मध्या भोजन व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उनका कहना है कि यदि किसी स्कूल में आवश्यक तैयारियां पूरी न होने के कारण भोजन वितरण में बाधा आती है तो संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# काला हिरण मूवी मे बिश्नोई गैंग शब्द हटेगा: गौरव बिश्नोई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** काला हिरण मूवी का






टेलर रिलीज हुआ जिसमे बिश्नोई गैंग शब्द का प्रयोग किया जिसको देखकर अखिल भारतीय बिश्नोई युवा संगठन के राष्ट्रीय सचिव गौरव बिश्नोई ने नाराजगी जाहिर की उन्होंने काला हिरण मूवी के डायरेक्टर अमित जानी से बात करके इन शब्दों को हटाने को कहा है जिसमे अमित जानी ने मूवी मे ये शब्द हटाने की सहमति दी है मूवी जब रिलीज होंगी तो ये शब्द हटा लिए जायेगे क्योंकि बिश्नोई समाज देश दुनिया मे पर्यावरण प्रेमी व जीवो की रक्षा के जाना जाता है 'काला हिरण मूवी बिश्नोई गॉव कॉंकानी मे काला हिरण शिकार को लेकर बनी है जिसमे बिश्नोई समाज के काला हिरण शिकार प्रकरण मे न्याय को लेकर लंबे संघर्ष को दिखाया गया जिसमे समाज का स्वाभिमान, एकता और बिना विचलित हुए लगातार न्याय के लिए डटे रहना को प्रदर्शित किया गया है।

# सोमवती अमावस्या: श्रद्धालुओं के लिए "आज से 17 जून तक चलेंगी चार "स्पेशल ट्रेनें"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सोमवती अमावस्या मेले में हरिद्वार आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने चार स्पेशल अनारक्षित ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इनमें हरिद्वार-लखनऊ, लखनऊ-हरिद्वार के बीच तीन-तीन फेरों के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी, जबकि हरिद्वार-बठिंडा और बठिंडा-हरिद्वार के बीच एक-एक फेरा संचालित होगा।

ट्रेन संख्या 04326 हरिद्वार लखनऊ स्पेशल 15, 16 और 17 जून को हरिद्वार से शाम 6:35 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन नजीबाबाद, धामपुर,कांठ होते हुए रात 10:40 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी और 10:50 बजे आगे के लिए रवाना होगी। वहीं ट्रेन संख्या 04325 लखनऊ-हरिद्वार स्पेशल 16, 17 और 18 जून को संचालित होगी, जो दोपहर 12:55 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी। 15 जून को हरिद्वार से बठिंडा और 16 जून को बठिंडा से हरिद्वार के बीच एक-एक विशेष अनारक्षित ट्रेन का भी संचालन किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने बताया कि यात्रा से पूर्व ट्रेन संचालन और समय सारिणी की जानकारी प्राप्त करनी जरूरी है।




# बिना आंधी गिरा बरगद का पेड गनीमत रही नहीं हुआ कोई हताहत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**टांडा, रामपुर (आनन्द शर्मा)।** कोतवाली टांडा के अंतर्गत गांव मेवला धारु में शनिवार को सांयकाल अचानक बरगद का एक विशाल पेड जड से उखडा और सीधा देवी स्थान पर गिर गया जिससे पडोस में बने विजयपाल और महेंद्र के घरों को नुकसान पहुंचा है,देवी स्थान के नजदीक स्थित एक मजार भी क्षतिग्रस्त होने की खबर मिली है !गनीमत रही कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है जबकि पास में ही कुछ बच्चे खेल रहे थे ! सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस तत्काल गांव में मौके पर पहुंची, किसी के हताहत न होने पर राहत की सांस ली ! हलका लेखपाल दीपक कुमार भी मौके पर पहुंचा और मुआयना करने के बाद उसका कहना रहा कि रिपोर्ट तैयार कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को भेजी जाएगी ! वैसे बिना आंधी और तूफान के देवी स्थान पर अचानक बरगद का पेड जड से उखडकर गिरने को लेकर गांव के लोगों में तरह तरह की चचाएं हो रही हैं !



# अमृत सरोवरों पर "21 जून को होगा सामूहिक योग"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रदेश के सभी अमृत सरोवरों पर सामूहिक योग, स्वच्छता अभियान और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।अमृत सरोवर अब केवल जल संरक्षण के केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक सहभागिता और सामुदायिक चेतना के प्रतीक बन चुके हैं। योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। ग्राम्य विकास विभाग के आयुक्त जी.एस. प्रियदर्शी ने सभी जिलों को कार्यक्रमों की फोटो और गतिविधियों का विवरण मिशन अमृत सरोवर पोर्टल पर अपलोड करने तथा दो दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को भेजने के निर्देश दिए हैं।




# अब एनजीओ करेंगे "गोवंशीय पशुओं की देखभाल"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शहरी क्षेत्र की छह गोशालाओं में 1500, ग्राम पंचायतों में 30 गोशालाओं में लगभग 6300 गोवंशीय पशु हैं।इनकी देखरेख की जिम्मेदारी शासन की ओर से गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीओ) को सौंपने की कवायद शुरू की गई है।

अभी तक सिर्फ तीन एनजीओ ने आवेदन किया है '50 रुपये प्रति पशु की दर से भुगतान किया जाएगा'मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुनीलदत्त प्रजापति के अनुसार अभी तक श्री सेवा ट्रस्ट, नंदिनी गोदान सेवा ट्रस्ट तथा गोपालन सेवा समिति ने रुचि दिखाई है।

इन संस्थाओं को गोशालाओं का आवंटन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। फिलहाल इन संस्थाओं के आवेदन प्राप्त होने के बाद विभागीय स्तर पर दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है।इसी सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा कि संस्थाएं गोशालाओं के संचालन में सक्षम है या नहीं। यह भी परखा जाएगा कि संस्था के पास गोशालाओं के संचालन, पशुओं के उपचार, चारे-पानी की व्यवस्था और कर्मचारियों के प्रबंधन का पर्याप्त अनुभव है या नहीं। जिले की और भी संस्थाएं आवेदन कर सकती हैं।



मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के अनुसार इन संस्थाओं को प्रति दिन प्रति पशु 50 रुपये की दर से भुगतान किया जाएगा।

एनजीओ की सहभागिता से गोशालाओं के संचालन में गुणवत्ता आएगी। निराश्रित गोवंश के संरक्षण की व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

# बकरी भगाने पर घर में घुसकर हमला, महिला चाकू से घायल; तीन बहनों पर केस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** नगलिया जट रोड पर शनिवार दोपहर बकरी भगाने के विवाद में तीन सगी बहनों ने पड़ोसी के घर में घुसकर हमला कर दिया। ईंट और चाकू से किए हमले में गृहस्वामी की पत्नी गुलिस्ता



खातून गंभीर घायल हो गई। पीड़ित इदरीस की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रूबीना, सुमायला और साजमा के खिलाफ केस दर्ज किया है। पूरी घटना घर के सीसीटीवी में कैद है। घायल का मेडिकल कराया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

# मुरादाबाद में जर्जर स्कूल भवनों को "चिन्हित कर लगाए जाएंगे लाल निशान"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिले के जर्जर स्कूल भवनों को चिह्नित कर उन पर लाल निशान लगाए जाएंगे। इसके लिए सभी बीईओ (खंड शिक्षा अधिकारियों) को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।बेसिक शिक्षा विभाग के तहत जिले के सभी पुराने और क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों का सर्वे जल्द कराया जाएगा। बीएसए अमित सिंह ने बताया कि जिन स्कूलों के भवन जर्जर और खतरनाक स्थिति में पाए जाएंगे, उन्हें लाल और क्रॉस के निशान से चिह्नित कर उपयोग से बाहर किया जाएगा। ऐसे भवनों में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक रहेगी।उन्होंने बताया कि बरसात के दौरान पुराने भवनों की छत, दीवार या अन्य हिस्से कमजोर होने के कारण दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। इसको देखते हुए बीईओ को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों के स्कूलों का तत्काल निरीक्षण कर जर्जर भवनों की सूची तैयार करें और रिपोर्ट विभाग को भेजें।बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार जिले में 252 स्कूल भवन पहले से जर्जर घोषित किए जा चुके हैं। इन भवनों को पहले ही चिह्नित किया गया है, जबकि अब अन्य स्कूलों का दोबारा चिन्हित किया जा रहा है।



आक्रोश

2024 में निर्माण कार्य हेतु हुए थे 14 लाख रुपए आवंटित

# सरकारी स्कूल में निर्माण कार्य पूरा न होने पर लोगों में आक्रोश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर (आनन्द शर्मा)।** जिले की मिलक तहसील के गांव अशोकपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में निर्माण कार्य ढाई साल बाद भी अधुरा और जर्जर हालत में है । जबकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 2024 में निर्माण कार्य के

**शिकायत किए जाने के बाबजूद शिक्षा विभाग बना अनभिज्ञ**

लिए 14 लाख रुपए धनराशि आवंटित की गई थी और उसी वर्ष पूरा कार्य किया जाना था !ग्रामीणों का आरोप है कि जो भी निर्माण कार्य हुआ भी है उसमें भी घटिया सामग्री का इस्तेमाल किए जाने से हालत जर्जर बनी है। पता चला है कि उक्त स्वीकृत










योजना के तहत 2 क्लासरूम, एक कार्यालय और छात्र - छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालयों का निर्माण होना था ! मौके पर आधा - अधुरा ढांचा ही खडा देखने को मिलेगा ! निर्माणाधीन कमरों में न दरबाजे लगे हैं और न ही वेंटिलेटर लगे हैं ! जो दीवारें बनाई गई हैं उनमें दरारें आ गई हैं और खिड़कियों के ऊपर बने स्लेबों को गिरने से बचाने के लिए लकडी की बल्लियों का सहारा ले रखखा है ! सवाल उठता है कि आखिर उक्त निर्माण कार्य के लिए आवंटित धनराशि का हुआ क्या ? ग्रामीणों का कहना तो यहां तक रहा कि कई शिकायत दर्ज कराई गई है लेकिन संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं गई है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है ।

ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में लगभग 30 बच्चे पंजीकृत हैं और 2 शिक्षामित्र,2 सहायक अध्यापक नियुक्त हैं। इस संबंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह का कहना रहा कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है,उनका कहना रहा कि मामला 2024 का है और उनकी तैनाती इसी वर्ष हुई है ।

पूरे मामले की जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी ।

# "सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर" में खेल-मनोरंजन एवं फिजियोथैरेपी की सुविधा मिलेगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद नगर निगम के वरिष्ठ नागरिकों के लिए हिमगिरी क्षेत्र में बन रहा सीनियर सिटीजन डे-केयर सेंटर अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। करीब 3.60 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस केंद्र का लगभग 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। दो मंजिला भवन में छह कमरे और एक बड़ा कामन रूम बनाया गया है।

कामन रूम में सोफा, टेलीविजन, समाचार पत्र और मैगजीन की व्यवस्था की जाएगी, जिससे वरिष्ठ नागरिक आरामदायक वातावरण में समय बिता सकें। साथ ही लूडो, कैरम और शतरंज जैसे इंडोर गेम्स भी उपलब्ध रहेंगे यहां बुजुर्गों को दिनभर समय बिताने, स्वास्थ्य लाभ लेने और सामाजिक गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिलेगा।केंद्र में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रवेश दिया जाएगा।

उनके लिए अल्प विश्राम की भी सुविधा होगी। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत फिजियोथैरेपी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे जोड़ों के दर्द और अन्य शारीरिक समस्याओं से जूझ रहे बुजुर्गों को राहत मिलेगी। इसके अलावा शुगर, ब्लड प्रेशर समेत सामान्य स्वास्थ्य जांच भी निशुल्क कराई जाएगी। डे-केयर सेंटर का उद्देश्य बुजुर्गों को ऐसा स्थान उपलब्ध कराना है, जहां वे अपने हम उम्र लोगों के साथ समय बिता सकें और अकेलेपन से बाहर निकल सकें।



# अभिनेत्री नियति फातनानी का खुलासा, खतरों के खिलाड़ी के प्रोमो के बाद हुई थी ट्रोलिंग

अभिनेत्री नियति फातनानी ने कहा है कि रियलिटी शो के दौर में कई बार मशहूर हस्तियों की बातों को संदर्भ से अलग करके देखा और परखा जाता है। फातनानी ने खतरों के खिलाड़ी के दौरान अपने अनुभव का जिक्र करते हुए बताया कि एक प्रोमो जारी होने के बाद उन्हें काफी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। हालांकि, पूरा एपिसोड प्रसारित होने के बाद लोगों को वास्तविक स्थिति समझ में आई और उन्होंने उनका समर्थन किया। फातनानी ने अपने अनुभव का उदाहरण देते हुए कहा, खतरों के खिलाड़ी के दौरान जब एक प्रोमो रिलीज हुआ था, तब मुझे प्रशंसकों की ओर से काफी आलोचना झेलनी पड़ी। हालांकि, जो लोग मुझे जानते थे, उन्हें पूरा भरोसा था कि मैं कभी कुछ गलत नहीं करूंगी। एपिसोड प्रसारित होने के बाद सभी को सच्चाई पता चल गई और उन्होंने मेरा समर्थन किया। दरअसल, उस व्यक्ति को शो से बाहर कर दिया गया था। अभिनेत्री ने कहा, प्रशंसक अपने पसंदीदा कलाकारों के प्रति बेहद भावुक होते हैं और यह एक सेलिब्रिटी होने का स्वाभाविक हिस्सा है।

सोशल मीडिया के दौर में प्रतिभा और दृश्यता में कौन अधिक महत्वपूर्ण है, इस सवाल पर फातनानी ने कहा कि दोनों पूरी तरह अलग-अलग चीजें हैं।

उन्होंने कहा, अगर कोई कलाकार प्रतिभाशाली है और अच्छा प्रदर्शन कर सकता है, तो निर्देशक और निमार्ता उसे भूमिका के लिए चुनेंगे। दूसरी ओर, व्यावसायिक नजरिए से यदि किसी परियोजना को दृश्यता से फायदा मिलता है, तो प्रभावशाली सोशल मीडिया हस्तियों को भी कास्ट किया जा सकता है। सोशल मीडिया आज मनोरंजन उद्योग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी सोशल मीडिया पर अपने रिश्ते को छिपाने का दबाव महसूस किया है, तो उन्होंने इससे इनकार किया।उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह रिश्ते में शामिल लोगों पर निर्भर करता है। यदि दोनों साथी सहज हैं, तो बाकी किसी बात का कोई खास महत्व नहीं रह जाता।

# पेद्दी के आगे है जवानी तो इश्क होना है भी मचा रही बवाल, 6ठे दिन दुनियाभर में 50 करोड़ के हुई पार



वरुण धवन, पूजा हेगड़े और मृणाल ठाकुर की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म से वरुण धवन और उनके पिता डेविड धवन ने चौथी बार साथ काम किया है. इस फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों दोनों से मिक्स्ड रिव्यू मिला है. इसी के साथ ये बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार परफॉर्म तो नहीं कर रही है फिर भी ये ठीक-ठाक कमाई कर पा रही है और धीरे-धीरे नए मुकाम हासिल कर रही है. चलिए यहां है जवानी तो इश्क होना है के छठे दिन का कलेक्शन जानते हैं। डेविड धवन की है जवानी तो इश्क होना है की शुरूआत तो ठीक-ठाक वीकेंड के साथ हुई, लेकिन पहले सोमवार के बाद से इसमें लगातार गिरावट देखी जा रही है. वहीं अब सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, छठे दिन फिल्म की कमाई में पिछले दिन के मुकाबले 27.3त्न की गिरावट आई और इसने 7,495 शो में 2.85 करोड़ रुपये कमाए. इसी के साथ अब भारत में इस फिल्म का 6 दिनों का कुल नेट कलेक्शन 34.15 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि ग्रॉस कलेक्शन 40.60 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है ओवरसीज में वरुण धवन की इस फिल्म ने छठे दिन 0.75 करोड़ रुपये कमाए, जिससे इसका कुल ओवरसीज ग्रॉस कलेक्शन 11.25 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं घरेलू ग्रॉस कलेक्शन को मिलाकर, फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 51.85 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। है जवानी तो इश्क होना है अभी अनुराग कश्यप की बॉबी देओल स्टारर बंदर, बुची बाबू सना की पेद्दी और हॉलीवुड फैंटेसी एडवेंचर फिल्म ही-मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स के साथ स्क्रीन शेयर कर रही है. बावजूद इसके वरुण धवन स्टारर ने दुनियाभर में 50 करोड़ से ज्यादा का कारोबार कर लिया है।

# धुरंधर 2 का वर्ल्डवाइड क्लोजिंग बॉक्स ऑफिस, अपने नाम किए 5 बड़े रिकॉर्ड, बनी रणवीर की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म

रणवीर सिंह की धुरंधर 2 अब ओटीटी पर भी स्ट्रीम हो रही है. फिल्म ने वर्ल्डवाइड अपना रन पूरा कर लिया है. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी. फिल्म ने मेकर्स की झोली में खूब पैसा भरा. इस स्पाई थ्रिलर को अब फैंस घर बैठे ओटीटी पर एंजॉय कर रहे हैं.

रिपोर्ट के मुताबिक, फाइनल अपडेट के हिसाब से फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1186.32 करोड़ का लाइफटाइम कलेक्शन किया. फिल्म 12 हफ्तों तक बॉक्स ऑफिस पर पैसों की बारिश करती रही. फिल्म के हिंदी वर्जन ने नेट 1110.12 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं बाकी का 76.2 करोड़ तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषा से आया.

फिल्म 225 करोड़ के बजट में बनी थी. फिल्म ने 961.32 (427 परसेंट) करोड़ का प्रॉफिट कमाया. फिल्म 2026 की सबसे ज्यादा प्रॉफिट कमाने वाली फिल्म बन गई है. फिल्म ने ग्रॉस 1399.85 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म सुपरडुपर हिट है. फिल्म में संजय दत्त, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, राकेश बेदी जैसे स्टार्स हैं. फिल्म के पहले पार्ट में अक्षय खन्ना थे, जिन्हें काफी पसंद किया गया था.



धुरंधर 2 ने बनाए ये मेजर रिकॉर्डः फिल्म रणवीर सिंह और आदित्य धर के करियर की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन गई है.इंडिया में हाईएस्ट गॉसिंग फिल्म ऑफ ऑल टाइम, हिंदी सिनेमा में हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म, सेकंड हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म वर्ल्डवाइड, सेकंड हाईएस्ट ग्रॉसिंग इंडियन ग्रॉसर ग्लोबली।

बता दें कि पहले हफ्ते में फिल्म ने 690 करोड़ कमाए थे. दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 271 करोड़ का बिजनेस किया. तीसरे हफ्ते में फिल्म ने 120 करोड़, चौथे हफ्ते में 58 करोड़, पांचवें हफ्ते में 20.63 करोड़, छठे हफ्ते में 12.5 करोड़, सातवें हफ्ते में 5.54 करोड़, आठवें हफ्ते में 3.89 करोड़, नौवें हफ्ते में 2.19 करोड़, दसवें हफ्ते में 1.45 करोड़, 11वें हफ्ते में 82 लाख और 12वें हफ्ते में 15 लाख कमाए।

# जाह्नवी कपूर की हॉरर फिल्म के लिए तैयारी,इस निर्देशक संग बातचीत जारी

जाह्नवी कपूर इस वक्त राम चरण की फिल्म पेड्डी से लोगों का ध्यान खींच रही हैं। इस फिल्म में उन्होंने अचियम्मा नाम की एक गांव की लड़की का किरदार निभाया है। यह देवरा (2024) के बाद साउथ में उनकी दूसरी फिल्म है। ताजा जानकारी है कि जाह्नवी अपनी अगली फिल्म के लिए तैयारी शुरू कर चुकी हैं। वह एक हाई-कॉन्सेप्ट हॉरर फिल्म के लिए बातचीत कर रही हैं, जिसका निर्देशन तुम्बाड वाले राही अनिल बर्वे करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हॉरर फिल्म के लिए जाह्नवी और निमार्ताओं के बीच बातचीत अंतिम चरण में हैं। सूत्र ने कहा, जाह्नवी



कपूर फिलहाल अपनी अगली फिल्म के लिए स्क्रिप्ट पढ़ रही हैं और संभावित परियोजनाओं पर चर्चा कर रही हैं। उन्होंने राही अनिल बर्वे द्वारा निर्देशित हॉरर फिल्म में गहरी दिलचस्पी दिखाई है। तैयारियों का काम पहले ही शुरू हो चुका है और निमार्ता इस साल के अंत तक प्रोडक्शन शुरू करने की उम्मीद कर रहे हैं।

सूत्र ने आगे कहा, जाह्नवी के लिए यह एक बिलकुल नया किरदार है और इसके लिए व्यापक तैयारी की जरूरत है। वह जल्द अनुबंध पर हस्ताक्षर करेंगी। फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर निर्मित क्रिएचर हॉरर के रूप में चल रहा है। इसे जियो स्टूडियोज का समर्थन प्राप्त होगा। शूटिंग इस साल के अंत में शुरू हो सकती है। जाह्नवी लग जा गले में नजर आएंगी, जिसमें टाइगर श्रॉफ और लक्ष्य भी हैं। यह 14 मई, 2027 को रिलीज होगी।

# बालों के झड़ने का कारण बन सकती हैं ये 5 गलतियां, इनसे बचें

बालों के झड़ने की समस्या से हर कोई परेशान है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनमें बालों की देखभाल से जुड़ी गलतियां शामिल हैं। अक्सर लोग अपने बालों की देखभाल करते समय कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे बालों की जड़ें कमजोर हो जाती हैं और बाल झड़ने लगते हैं। आइए आज हम आपको बालों की देखभाल से जुड़ी ऐसी गलतियों के बारे में बताते हैं, जो बालों के झड़ने का कारण बन सकती हैं।

**रोजाना शैंपू करने की गलती**

अगर आप उन लोगों में से हैं, जो रोजाना अपने सिर पर शैंपू करते हैं तो यह बालों की देखभाल से जुड़ी सबसे बड़ी गलती है। रोजाना शैंपू करने से सिर का प्राकृतिक तेल खत्म हो जाता है, जिससे बालों की जड़ें कमजोर होने लगती हैं और बाल टूटने लगते हैं। बेहतर होगा कि आप हफ्ते में 2-3 बार ही अपने सिर पर शैंपू करें। इससे बालों की सेहत बनी रहती है और वे मजबूत बनते हैं।



**गीले बालों पर कंघी करने की आदत**

गीले बालों पर कंघी करना भी बालों के झड़ने का एक कारण हो सकता है। दरअसल, गीले बाल कमजोर होते हैं और उन पर ज्यादा दबाव पड़ने से वे टूट सकते हैं। इसलिए गीले बालों पर कंघी करने से बचना चाहिए। इसके बजाय आप गीले बालों को सूखे तौलिये से हल्के हाथों से थपथपा सकते हैं। इसके बाद जब बाल थोड़े सूख जाएं तब ही कंघी करें, इससे बाल टूटने की संभावना कम हो जाएगी।

**कंडीशनर का गलत तरीके से इस्तेमाल करना**

बालों की देखभाल के लिए कंडीशनर का इस्तेमाल करना जरूरी है, लेकिन इसे गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर बालों को नुकसान भी पहुंच सकता है। कई लोग पूरे सिर पर कंडीशनर लगा लेते हैं, जबकि इसे सिर्फ बालों की लंबाई पर लगाना चाहिए। इसके अलावा सिर की जड़ों पर कंडीशनर लगाने से सिर की त्वचा चिपचिपी हो जाती है, जिससे बाल झड़ने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसी गलतियों से बचकर बालों को स्वस्थ रखा जा सकता है।

गर्म पानी से सिर धोना

गर्म पानी से सिर धोना भी एक बड़ी गलती है। गर्म पानी बालों की नमी को छीन लेता है और उन्हें रूखा बना देता है, जिससे बाल टूटने लगते हैं। इसलिए हमेशा अपने सिर को धोने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। इसके अलावा ठंडे पानी से अंतिम धोने से बालों में चमक आती है और वे स्वस्थ दिखते हैं। इस तरह आप अपने बालों को स्वस्थ रख सकते हैं और उनकी चमक बरकरार रह सकती है।

**गर्म पानी से सिर धोना**

गर्म पानी से सिर धोना भी एक बड़ी गलती है। गर्म पानी बालों की नमी को छीन लेता है और उन्हें रूखा बना देता है, जिससे बाल टूटने लगते हैं। इसलिए हमेशा अपने सिर को धोने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। इसके अलावा ठंडे पानी से अंतिम धोने से बालों में चमक आती है और वे स्वस्थ दिखते हैं। इस तरह आप अपने बालों को स्वस्थ रख सकते हैं और उनकी चमक बरकरार रह सकती है।

# टमाटर से बनाए जा सकते हैं ये 5 स्वादिष्ट व्यंजन, जानिए रेसिपी

टमाटर एक ऐसी सब्जी है, जो न केवल सलाद में बल्कि कई स्वादिष्ट व्यंजनों में भी इस्तेमाल की जा सकती है। टमाटर में विटामिन-सी, पोटेशियम और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद हैं। आइए आज हम आपको टमाटर से बनाए जाने वाले कुछ ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जो खाने में बेहद स्वादिष्ट और पौष्टिक हैं। इन व्यंजनों को बनाना भी आसान है और ये आपके खाने का मजा बढ़ा सकते हैं।

**टमाटर का हलवा**

टमाटर का हलवा एक खास और स्वादिष्ट मिठाई है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले टमाटर को उबालकर उसका पेस्ट बना लें, फिर घी में सूजी भूनें और उसमें टमाटर का पेस्ट मिलाएं। इसके बाद इसमें चीनी, इलायची पाउडर और सूखे मेवे डालकर पकाएं। यह हलवा न केवल स्वादिष्ट है बल्कि पोषण से भरपूर भी है। इसे आप किसी खास मौके पर बना सकते हैं या किसी भी समय मिठाई के रूप में परोस सकते हैं।

टमाटर का पुलाव

टमाटर का पुलाव एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है जब आप कुछ नया आजमाना चाहते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले बासमती चावल को धोकर भिगो दें, फिर तेल या घी में जीरा, तेजपत्ता, दालचीनी डालकर भूनें। अब कटे हुए प्याज डालें और सुनहरा होने तक भूनें, फिर कटे हुए टमाटर डालकर पकाएं जब तक वे नरम हो जाएं। इसके बाद भिगोए हुए चावल डालकर पानी मिलाएं और धीमी आंच पर पकने दें।



**टमाटर का रायता**

गर्मियों में ठंडा-ठंडा रायता कौन नहीं पसंद करता? टमाटर का रायता बनाने के लिए सबसे पहले दही को अच्छे से फेंट लें, फिर इसमें कदूकस किया हुआ टमाटर, काला नमक, भुना जीरा पाउडर और हरी मिर्च डालकर मिलाएं। इसे ठंडा-ठंडा परोसें। यह रायता खाने में बहुत ही स्वादिष्ट और पौष्टिक है। इसे आप किसी भी मुख्य भोजन के साथ परोस सकते हैं। यह रायता न केवल आपके खाने को ताजगी देता है बल्कि आपके पेट को भी शांत रखता है।

**टमाटर की कढ़ी**

पंजाबी कढ़ी तो आपने कई बार खाई होगी, लेकिन क्या आपने कभी टमाटर की कढ़ी चखी है? अगर नहीं तो आज ही आजमाएं। इसके लिए बेसन के घोल में मसाले मिलाकर छोटे-छोटे पकौड़े बना लें, फिर पानी उबालकर उसमें हल्दी, नमक, लाल मिर्च मिलाकर पकाएं। अब इन पकौड़ों को इसमें डालकर पकाएं। दूसरी तरफ टमाटर की ग्रेवी बनाने के लिए टमाटर, प्याज, अदरक-लहसुन का पेस्ट बनाकर मिलाएं। अंत में दोनों को मिलाकर परोसें।

**टमाटर की चटनी**

दाल-चावल या परांठे किसी भी व्यंजन के साथ परोसने लायक यह चटनी बहुत ही आसान तरीके से बनाई जा सकती है। इसके लिए सबसे पहले टमाटर, प्याज, लहसुन, हरी मिर्च, धनिया पत्तियां और नींबू रस मिलाकर पीस लें। अब इस मिश्रण को कटोरे में निकालकर उसमें नमक, जीरा पाउडर और थोड़ा-सा तेल डालें। आपका स्वादिष्ट टमाटर की चटनी तैयार है। इसे आप अपने खाने में शामिल कर सकते हैं।

# शहर त्रस्त,चेयरमैन मस्तः चेयरमैन पति पर पालिकाध्यक्ष के फर्जी हस्ताक्षर करने,करोडों रूपए के घोटाले सहित लगाये गंभीर आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़ नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष सतीश कुमार मित्तल ने वर्तमान पालिकाध्यक्ष पति श्रीपाल पर पालिकाध्यक्ष पत्नी पुष्पा देवी के फर्जी हस्ताक्षर करने,भूमाफियां व करोड़ों रुपए के घोटाले सहित कई गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग उठाई है। रविवार को पूर्व पालिकाध्यक्ष सतीश मित्तल ने ज्ञानलोक कालोनी स्थित अपने

- **पूर्व पालिकाध्यक्ष ने मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग उठाई**
- **नगर पालिका बनी पार्किंग स्थल,चेयरमैन पति पार्किंग चार्ज वसूल करता है:सतीश मित्तल**
- **चेयरमैन पति भूमाफिया,ठग,एससी, एसटी के मुकदमे में फंसाने की देता है,धमकी:पूर्व चेयरमैन**
- **नगर पालिका की गाडियों की मरम्मत के नाम पर 10 करोड़ से अधिक का घोटाला हुआ है**
- **चेयरमैन पति लोगों से करोड़ों की ठगी करने का भी आरोप लगाया**

कैंप कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि वर्तमान पालिकाध्यक्ष पुष्पा देवी के पति श्रीपाल ठेकेदार ने नगर पालिका परिषद की फाईलों,टेंडर प्रक्रिया व अन्य दस्तावेजों में अपनी पत्नी चेयरमैन पुष्पा देवी के स्वयं ही हस्ताक्षर करते आ रहे हैं। शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थित नगर पालिका की अरबों रुपए की संपत्ति को पालिका के वकील की मिलीभगत से प्रतिवादी को फायदा पहुंचाने के लिए कोर्ट में केस हार जाते हैं। जिससे प्रतिवादी पालिका की संपत्ति का मालिक बन जाता है।

उन्होंने बताया कि दिल्ली रोड़ के आनंद विहार स्थित प्लॉटओपी 1 प्राधिकरण द्वारा ऑफिस कॉम्प्लेक्स के लिए रिजर्व था,परन्तु श्रीपाल व तत्कालीन उपाध्यक्ष प्राधिकरण अधिकारियों की मिलीभगत से छोटे भूखंडों में उसका नक्शा अवैध रूप से पास कराया गया,जोकि श्रीपाल द्वारा भ्रामक सूचना के आधार पर मानचित्र स्वीकृत किया गया है,जबकि उक्त प्लाट का नक्शा पास होने के समय वह पूर्ण प्लॉट यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा गढ़ रोड हापुड़ में बंधक था,जिस पर हापुड़ नगरपालिका चेयरमैन पुष्पा देवी द्वारा पचास करोड़ लोन लिया गया है। जिसमें बैंक द्वारा कोई अनुमति नहीं ली गई और अवैध तरीके से नक्शा पास कराके बिना बैंक की अनुमति के बैनामे और एग्रीमेंट करके शहर के कई लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की जा चुकी है। इस संबंध में प्राधिकरण एवं यूनियन बैंक के अधिकारियों को कई बार अगवत कराया जा चुका है किंतु संभावित मिलीभगत के कारण प्राधिकरण व यूनियन बैंक द्वारा कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही है।

पूर्व चेयरमैन ने बताया कि पूर्व में संज्ञान में आया था कि बैंक द्वारा नगरपालिका चेयरमैन की कंपनी बीपी कंस्ट्रक्शन जोकि इस प्लॉट की मालिक हैं के विरुद्ध बैंक द्वारा एफआईआर के आदेश दिए गए थे,किंतु बाद में श्रीपाल द्वारा मैनेजर से साठगांठ करके उक्त को इधर-उधर कर दिया गया। उपरोक्त के विषय में अधिकारियों द्वारा उपरोक्त आरोपों को गंभीरता से न लेने के कारण कई सीधे लोग ठगी का शिकार हो चुके हैं,व श्रीपाल द्वारा आगे भी उक्त संपत्ति को कई अन्य लोगों को धोखे में रखकर बेचा जा रहा है और प्राधिकरण व बैंक मूकदर्शक बने हुए हैं। इससे पूर्व भी श्रीपाल द्वारा रजत निवासी गढ़ को संपत्ति विक्रय कर दी थी,और कब्जा भी नहीं दिया गया तथा 4 वर्ष तक लगातार एससी एसटी का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर शोषण किया गया। चेयरमैनपति श्रीपाल ने एक कर्मचारी मूलचंद को जो कि चतुर श्रेणी का है को विधि विरुद्ध तरीके से जलकल विभाग में बाबू बना रखा है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद में 10 कर्मचारी चतुर श्रेणी से तृतीय श्रेणी में प्रयुक्त होने हैं,जो कि नहीं किए गए, जिनकी मान्य उच्च न्यायालय इलाहाबाद में प्रशासनिक अधिकारी के विरुद्ध दो





बार रिट दाखिल हो चुकी है। नगर पालिका परिषद के प्रांगण में 24 घंटे गाडियां खड़ी रहती हैं। जिस कारण नगर पालिका प्रांगण कार पार्किंग में बदल गया है। उनसे अवैध रूप से पार्किंग शुल्क चेयरमैनपति श्रीपाल द्वारा वसूला जाता है।

पूर्व चेयरमैन ने बताया कि नगर पालिका परिषद के कैंपस जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी का लगभग आठ सौ वर्ग में मकान बना दिया गया है,जो कि सर्वथा गलत और विधि विरूद्ध है। उक्त भूमि 22000 गज सेठ मधुसूदन दयाल से नगर पालिका परिषद द्वारा क्रय की गई थी,जिसकी मूल प्रति नगर पालिका में वाद लिपिक संजीव को उनके द्वारा दी गई,और अधिशासी अधिकारी द्वारा उस पर कोई कार्रवाई नहीं गई। श्रीपाल द्वारा शासन प्रशासन के कार्यक्रम में उपस्थित होकर चेयरमैन की भूमिका अदा की जाती है। जबकि वह न तो सभासद हैं न ही चेयरमैन। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि नगर पालिका कार्यालय में जेई जलकल के बराबर में ट्यूबैल लगा है। उसमें पंप न होकर समरसेबिल लगा है जो घोर अनियमितता को दशार्ता है। शहर के चारों ओर गंदगी के अंबार लगे है। कूड़ा गाडियां कबाड़ हो चुकी हैं और मरम्मत के नाम पर दस करोड़ से ऊपर का घोटाला किया जा चुका है। गढ़ रोड स्थित करोड़ों रुपये की खत्ते की जमीन जिसका वाद नगर पालिका बनाम बिजंदरनाथ लंबित था नगर पालिका परिषद द्वारा लोवरकोर्ट व सेशन कोर्ट में जानबूझकर मुकदमा हारा गया है। पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश कुमार मित्तल ने बताया कि नगर पालिका चेयरमैन द्वारा स्वर्गाश्रम रोड स्थित एक तालाब को भी भू माफियाओं के साथ साठ गांठ करके फर्जी तरीके से भूस्वामी बनाकर प्लॉट काटे जा रहे हैं,जो कि बिलकुल गलत और अवैध हैं। इस प्रकार और भी कई अनियमितता नगरपालिका में चल रही हैं,अधिकारी मूकदर्शक बने बैठे हैं।

उन्होंने कहा कि चेयरमैन पति श्रीपाल भू माफिया हैं,पहले चेयरमैन पति लोगों के साथ ठगी करते हैं उसके बाद उन्हें झूठे एससी एसटी के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर फैसले का दबाव बनाते हुए 4 से 5 साल उनके पैसों का दुरुपयोग करते हैं। इस प्रकार चेयरमैन पति श्रीपाल द्वारा कई लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की जा चुकी है।

**नपा की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे,चेयरमैन व अधिकारी बने मूक दर्शक**

शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता,नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन सतीश कुमार मित्तल ने बताया कि चेयरमैन व अधिकारियों के मूकदर्शक बने रहने के कारण नगर पालिका परिषद की बुलन्दशहर रोड मोहल्ला मजीदपुरा में खत्ते की भूमि,रेलवे रोड पर बंगला स्वीट्स के सामने भूमि,पंजाबी कालोनी में क्वार्टर,नार्मल स्कूल की भूमि आदि पर कब्जा हो रहा है।

**शहर में सड़क किनारे लगी लाइट में करोड़ों का घोटाला**

पूर्व चेयरमैन सतीश कुमार मित्तल ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में करोड़ों की लागत से गढ़ दिल्ली रोड पर सड़क किनारे लाइटें लगवाई गई है। जबकि उनके स्थान पर लगी लाइटें खराब हो गयी थी,जो सही हो सकती थी। अब नई लाइटें लगने पर पुरानी लाइटों का कुछ पता नहीं है,उनका क्या हुआ।

# प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पलवल में चला स्वच्छता अभियान,जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पलवल।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने तथा देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के उपलक्ष्य में पलवल में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान हरियाणा सरकार के राज्यमंत्री गौरव गौतम, भाजपा के वरिष्ठ नेता सांसद सुरेंद्र सिंह नागर सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सार्वजनिक स्थलों पर सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान आज जनआंदोलन का रूप ले चुका है। देशभर में स्वच्छता के प्रति लोगों की सोच में सकारात्मक परिवर्तन आया है और आमजन की भागीदारी से इस अभियान को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।



जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित लोगों से अपने घरों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत संरचना के विस्तार, डिजिटल क्रांति, गरीब कल्याण कार्यक्रमों तथा भारत की वैश्विक स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और विश्व मंच पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है।

अभियान के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से स्वच्छ और स्वस्थ भारत के निर्माण के संकल्प को और अधिक मजबूत करना रहा।

# लखनऊ में लिबर्टी का 427वां मेगा एक्सक्लूसिव शोरूम शुरू, 'मेरा जूता हिंदुस्तानी' अभियान के साथ स्वदेशी को बढ़ावा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी फुटवियर कंपनी 'लिबर्टी शूज लिमिटेड' ने उत्तर प्रदेश की राजधानी के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र हजरतगंज में अपने प्रतिष्ठित 427वें एक्सक्लूसिव शोरूम – लिबर्टी मेगा एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ किया है। कंपनी की योजना देश के प्रमुख महानगरों में ऐसे मेगा शोरूम स्थापित करने की है, जहां उपभोक्ताओं को लिबर्टी के सभी प्रमुख सब-ब्रांड्स और नवीनतम उत्पाद एक ही छत के नीचे मिल सकें।
शोरूम के उद्घाटन के अवसर पर लिबर्टी ग्रुप के सीओओ (Chief Operating Officer) श्री रमन बंसल ने कहा कि लखनऊ देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे शहरों में से एक है। उन्होंने कहा,



"यह हमारे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है कि लिबर्टी को इस नवाबों के शहर में उपभोक्ताओं का भरपूर प्रेम और विश्वास प्राप्त हुआ है। इसलिए लखनऊ में इस मेगा शोरूम का शुभारंभ हमारे लिए विशेष महत्व रखता है।"

**आत्मनिर्भरता और स्वदेशी का प्रतीक**

बंसल ने ब्रांड की ऐतिहासिक विरासत को रेखांकित करते हुए बताया कि लिबर्टी वही ब्रांड है जिसने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को देश की पहली स्वदेशी जूती भेंट की थी। आजादी के 78वें वर्ष के उपलक्ष्य में कंपनी ने मेरा जूता हिंदुस्तानी अभियान की शुरूआत की है, जिसका मुख्य उद्देश्य देशवासियों को स्वदेशी और आत्मनिर्भर उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।
प्रतिदिन 50,000 जोड़ी जूतों का उत्पादन एक स्वदेशी भारतीय ब्रांड के रूप में लिबर्टी की उत्पादन इकाइयाँ करनाल, घरौंडा, लिबर्टीपुरम, देहरादून, पांवटा साहिब एवं रुड़की में स्थित हैं। इन अत्याधुनिक फैक्ट्रियों में रोजाना 50,000 से अधिक जोड़ी जूतों का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में भारत में लिबर्टी के 426 से अधिक एक्सक्लूसिव शोरूम, 225 वितरक और 10,000 से अधिक मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स का एक मजबूत नेटवर्क काम कर रहा है।

**ग्राहकों को मिलेगा स्टाइल, कम्फर्ट और वैल्यू फॉर मनी**

इस अवसर पर महादेव एंटरप्राइजेज के संचालक ने कहा कि लखनऊ के उपभोक्ता हमेशा बेहतरीन स्टाइल, आराम (कम्फर्ट) और वैल्यू फॉर मनी को प्राथमिकता देते हैं। लिबर्टी एक ऐसा भरोसेमंद ब्रांड है जो इन सभी उम्मीदों पर खरा उतरता है। यहाँ महिलाएँ, पुरुष एवं बच्चों के लिए रोजमर्रा के उपयोग, ऑफिस, त्योहारों और शादी-ब्याह जैसे हर अवसर के लिए सैकड़ों वैरायटी उपलब्ध कराई गई हैं।

**देशभर में खुलेंगे 25 और मेगा शोरूम**

लिबर्टी के कंट्री सेल्स हेड श्री रामनाथ वर्मा ने कंपनी की भविष्य की योजनाओं को साझा करते हुए बताया कि आने वाले समय में देश के विभिन्न शहरों में 25 नए प्रीमियम मेगा शोरूम स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की सहूलियत के लिए लिबर्टी के प्रमुख सब-ब्रांड्स जैसे – Coolers, Leap7X, Healers, Fortune, Senorita, AHA ?? Prefect और Prefect में अतिरिक्त कम्फर्ट एवं ड्यूरेबिलिटी (टिकाऊपन) तकनीक का उपयोग किया गया है, जो ग्राहकों को फुटवियर का एक नया और आरामदायक अनुभव प्रदान करेंगे।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव का अधिवक्ता, शिक्षक और व्यापारियों ने किया जोरदार स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** गंगानगर में स्थित शिक्षक नेता कौशल किशोर के आवास पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र शर्मा एवं महासचिव धर्मेंद्र खालोर के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष और महासचिव को फूलमाला व पटका पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष रविंद्र शर्मा द्वारा बताया गया कि सभी समाज के युवा अधिवक्ताओं सहित वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा अपना प्यार और वोट देकर मुझे विजयी बनाया जिनका में दिल से धन्यवाद देता हूं, अधिवक्ता हित में टोल फ्री करना,बार हाल पर बने चैम्बरों को बार एसोसिएशन के रजिस्ट्रर में दर्ज कराया जायेगा एक सीढ़ी झिना, बाथरूम बनवाया जायेगा महासचिव धर्मेंद्र खालोर द्वारा बताया गया कि अधिवक्ताओं की समस्याओं को



समाधान कराने के लिए हर समय खड़ा रहूंगा और कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करूंगा,न्यायालय में कर्मचारियों द्वारा दी जा रिश्वत को बंद कराना व अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज करने से पहले पुलिस बार एसोसिएशन में सूचना देने जैसे कार्य कराये जायेगे। स्वागत समारोह में पूर्व अध्यक्ष धर्मपाल शर्मा , पूर्व विधायक मुंशीलाल गौतम , शिक्षक नेता कौशल किशोर, नवल किशोर, सतेंद्र कुमार, लोकेंद्र चौधरी, शैलेंद्र कुमार एडवोकेट, ललित कुमार, सुनील दत्त शर्मी, आबिद अली, तमकीन चौहान और व्यापारी शिव कुमार सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर, मुफ्तीवाड़ा में रखा गया 250 केवी का नया ट्रांसफार्मर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** भीषण गर्मी और बिजली के बढ़ते लोड को देखते हुए। विद्युत विभाग शिकारपुर पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आ रहा है। नगर के मौहल्ला मुफ्ती वाडा में स्थानीय निवासियों को बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए विद्युत विभाग ने एक बड़ा कदम उठाया है।

उपभोक्ताओं की परेशानी को गम्भीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के एसडीओ राम आशीष यादव, के निर्देशन में मुफ्तीवाडा मौहल्ले में 250 केवी का नया ट्रांसफार्मर रखवा दिया गया है।

इसके साथ ही क्षेत्र में सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नई बिजली की लाइन भी डलवाई गई है ।जनता को निर्बाध बिजली आपूर्ति देने की कोशिश ।भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की



मांग काफी बढ़ गई है जिससे पुराने ट्रांसफार्मर पर लोड ज्यादा था। एसडीओ रामआशीष यादव, ने बताया कि विभाग की पूरी कोशिश है कि जनता को इस तपती गर्मी में कोई परेशानी न हो। नया ट्रांसफार्मर लगने और नई लाइन डलने से अब क्षेत्र के लोगों को ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी और ज्यादा से ज्यादा बिजली की सप्लाई मिल सकेगी । विद्युत विभाग और एसडीओ रामआशीष यादव, के इस त्वरित और सराहनीय प्रयास के लिए मौहल्ला मुफ्ती वाडा के निवासियों ने विभाग का आभार व्यक्त किया है स्थानीय लोगों का कहना है कि नए ट्रांसफार्मर से अब गर्मी के इस मौसम में बिजली की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी ।

# जिला प्रभारी मंत्री ने शहीद वायु सैनिकों की स्मृति में किया वृक्षारोपण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** रविवार को वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री व जिला प्रभारी प्रभारी मंत्री कृष्ण पाल मलिक व पूर्व सैनिकों ने हवाई दुर्घटना में शहीद हुए वायु सैनिकों की स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप वृक्षारोपण किया। असम के जोरहाट

**शहीद शौर्यगाथा स्मारिका की प्रति व पौधा भेंट कर जिला प्रभारी मंत्री को किया सम्मानित**

एयर बेस पर भारतीय वायु सेना के हवाई जहाज ए एन -32 के लेंडिंग के समय हुई दुर्घटना में वायु सेना के पॉच शहीद हुए वीर बलिदानियों की स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप जनपद प्रभारी मंत्री केपी मलिक व पूर्व सैनिकों ने सिचाई विभाग के गेस्टहाउस परिसर में वृक्षारोपण किया। इससे पूर्व वायु





सेना अधिकारी वारंट आफिसर मनबीर सिंह के नेतृत्व में पूर्व सैनिक प्रतिनिधि मंडल ने वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री व जनपद प्रभारी श्री के पी मलिक को पटका पहनाते हुए शहीद शौर्यगाथा स्मारिका की प्रति व पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा हूण, भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे, विधायक विजयपाल आढ़ती,पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश तोमर व उमेश राणा, जिला महामंत्री श्यामेंद्र त्यागी,पूर्व जिला महामंत्री मोहन सिंह,वारंट आफिसर मनबीर सिंह,कैप्टन राजेश चौधरी, कैप्टन गोपीचंद, हवलदार शाहिद अली व जिला वन अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

**सम्मानित** यह सम्मान शिक्षा-आधारित सतत विकास पहलों की प्रभावशीलता एवं प्रासंगिकता का सशक्त प्रमाण है

# विश्व पर्यावरण दिवस समारोह में सतत विकास हेतु उल्लेखनीय योगदान पर डॉ.अल्का कपूर सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में अपने बहुआयामी एवं अनुकरणीय योगदान के लिए मॉडर्न पब्लिक स्कूल, शालीमार बाग की प्रधानाचार्या डॉ. अल्का कपूर को मुंबई में भामला फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित विश्व पर्यावरण दिवस समारोह में सम्मानित किया गया।

यह सम्मान महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि समारोह में उन विशिष्ट विभूतियों का अभिनंदन किया गया जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र के17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजीज) की प्राप्ति एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह आयोजन उन व्यक्तियों एवं संस्थाओं के प्रति कृतज्ञता और सम्मान की अभिव्यक्ति था जो सतत, समावेशी एवं पर्यावरण-संवेदी भविष्य के निर्माण हेतु निरंतर समर्पित भाव से कार्यरत हैं।
समारोह में शासन, उद्योग, शिक्षा, सामाजिक सेवा, कला एवं मनोरंजन जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रख्यात अभिनेता, गायक, नीति-निमार्ता, पर्यावरणविद्, उद्योग जगत के अग्रणी, पद्म सम्मान से अलंकृत व्यक्तित्व तथा सामाजिक परिवर्तन के प्रणेता एक साझा मंच पर एकत्रित हुए और पर्यावरणीय स्थिरता तथा जनसहभागिता के संकल्प को सुदृढ़ किया। डॉ. अल्का कपूर को शिक्षा के माध्यम से सतत विकास की अवधारणा को जनमानस तक पहुँचाने, पर्यावरणीय चेतना के प्रसार, सामुदायिक उत्थान, सामाजिक उत्तरदायित्व के संवर्धन तथा युवा पीढ़ी को उत्तरदायी वैश्विक नागरिक के रूप




में विकसित करने के उनके सतत एवं समर्पित प्रयासों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए डॉ. कपूर ने कहा, यह सम्मान मेरे लिए अत्यंत विनम्रता, कृतज्ञता और गौरव का विषय है।

सतत विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति हमारे प्रयासों की यह स्वीकृति केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक प्रेरक स्मरण है कि प्रकृति एवं समाज के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारियाँ निरंतर सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा करती हैं। यह सम्मान हमें अधिक समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करता है।
डॉ. कपूर ने भामला फाउंडेशन के संस्थापकों आसिफ भामला एवं सहर भामला के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरणीय जागरूकता को जनांदोलन का स्वरूप प्रदान करने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहकों को सम्मानित करने की उनकी यह पहल अत्यंत प्रेरणादायी एवं दूरदर्शी है। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच सामूहिक प्रयासों को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं समृद्ध भविष्य के निर्माण में सहभागिता हेतु प्रेरित करते हैं। यह सम्मान शिक्षा-आधारित सतत विकास पहलों की प्रभावशीलता एवं प्रासंगिकता का सशक्त प्रमाण है। साथ ही यह विश्वास भी दृढ़ करता है कि जब संस्थान, समुदाय और व्यक्ति किसी उच्चतर सामाजिक उद्देश्य के लिए एकजुट होकर कार्य करते हैं, तब परिवर्तन केवल संभावना नहीं, अपितु एक साकार यथार्थ बन जाता है।


मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267